e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 57

सुविचार
कभी किसी का भरोसा न तोड़ें, क्योंकि यह एक बार टूट जाता है, तो फिर नहीं जुड़ता है।

प्रभात मंत्र

मंगलवार
27.02.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

क्विक न्यूज

बजट सत्र में भाग लेने का मामला: हेमंत सोरेन की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

रांची : बजट सत्र में भाग लेने के लिए पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के द्वारा निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दाखिल याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है. सोमवार 26 फरवरी को इस मामले में झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पक्ष रखा. वहीं ईडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने पक्ष रखा.शुक्रवार को हाईकोर्ट में हुई सुनवाई में ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए अदालत से समय मांगा था. जिसके बाद इस याचिका पर सुनवाई के लिए न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत में याचिका सूचीबद्ध थी. हाईकोर्ट में दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया गया है.

ज्ञानवापी मामला : मुस्लिम पक्ष ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

नई दिल्ली : ज्ञानवापी मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के टाइटल सूट को चुनौती देने वाली मुस्लिम पक्ष की याचिका समेत पांच याचिकाएं खारिज करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है. मुस्लिम पक्ष ने हिंदू पक्ष के 1991 के मुकदमे को चुनौती देते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिकाएं दाखिल की थीं.अंजुमन इंतेजामिया कमेटी और यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में 1991 में वाराणसी की अदालत में दायर मूल सूट के सुनवाई योग्य होने को चुनौती दी थी. इलाहाबाद हाईकोर्ट में कुल 5 याचिकाओं पर सुनवाई चल रही थी, जिसमें से 2 याचिकाएं सिविल वाद के सुनवाई योग्य होने और 3 याचिकाएं एएसआई सर्वे आदेश के खिलाफ थीं.

भाकपा माओवादियों का पश्चिमी सिंहभूम में दो नक्सली कैंप ध्वस्त

पश्चिमी सिंहभूम : पश्चिमी सिंहभूम पुलिस ने भाकपा माओवादियों के दो नक्सली कैंप का ध्वस्त कर दिया। पुलिस सोमवार को नक्सलियों के खिलाफ टोन्टो और जेटेया थाना क्षेत्र के झिरझोर एवं पोखरिया के आस-पास जंगली पहाड़ी क्षेत्र में अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक कैंप को ध्वस्त किया गया।इस कैंप में लगभग 70 लोगों की रुकने की व्यवस्था थी तथा इसी क्षेत्र से एक पुराने अस्थायी नक्सली कैम्प में लगभग 30 लोगों की रुकने की व्यवस्था थी, जिसे सुरक्षा बलों के द्वारा ध्वस्त किया गया। साथ ही दोनों नक्सली कैम्प से दैनिक उपयोग एवं अन्य सामग्री बरामद की गयी है। संचालित नक्सल विरोधी अभियान जारी है। कैंप में सात कम्युनिस्ट पार्टी पुस्तक, एक जिला गाइड पुस्तक, पांच नक्सली प्रशिक्षण नोटबुक, एक रेडियो ट्रांजिस्टर, एक कम्युनिस्ट पार्टी सदस्य पुस्तक सहित अन्य दैनिक उपयोग के समान बरामद किये गये है। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि इलाके में नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान जारी है।

धनबाद में सीआईएसएफ जवान ने की खुदकुशी

धनबाद : जिले के कोयला नगर में कार्यरत सीआईएसएफ जवान ने सोमवार को अपने आवास में फंदे पर लटक कर खुदकुशी कर ली। घटना सरायढेला थाना क्षेत्र का है। मृत जवान डीके सरकार धनबाद के नूतनडीह, कृष्णा नगर में किराये के मकान में अपने परिवार के साथ रह रहे थे। बताया जा रहा है कि डीके सरकार पिछले कुछ दिनों से मानसिक अवसाद से ग्रसित थे।घटना की सूचना पाकर सीआईएसएफ के कई पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज मामले की छानबीन में जुटी है।सरायढेला थाना के एएसआई अर्जुन मांझी ने बताया कि परिवार वालों से पूछताछ में पता चला है कि आज दोपहर जवान की पत्नी अपने बच्चे को स्कूल से लाने गई थी। घर पहुंचने पर अपने पति को कमरे में फंदे से झूलता देखा। जवान यही धनबाद में पदस्थापित थे और पिछले डेढ़ वर्षो से नूतनडीह स्थित हरि ओम सिन्हा विला में किराये पर परिवार के साथ रह रहे थे। जवान मूलतः पश्चिम बंगाल के फरक्का के रहनेवाले थे।

कूनो में सफल हुआ है चीतों का पुनर्स्थापन : केंद्रीय मंत्री

भोपाल : केंद्रीय वन,पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि श्योपुर में क्रियान्वित चीता परियोजना स्थानीय निवासियों के सहयोग से सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। यहां चीतों का पुनर्स्थापन सफल हुआ है। यह दुनिया का अपनी तरह का पहला ऐसा सफल प्रकल्प है, जहां चीतों का ट्रांसलोकेशन अंतर्महाद्वीपीय आधार पर किया गया। चीतों ने यहां के मौसम के अनुकूल रहवास करते हुए तमाम आशंकाओं को भी दूर किया। यहां 20 चीते लाए गए थे, परिस्थितियों के कारण कुछ चीते नहीं रहे लेकिन आज इनकी संख्या 21 है और सभी निरंतर भ्रमण कर रहे हैं।

रांची का तापमान

अधिकतम 26°
न्यूनतम 12°

टीम इंडिया ने जीती रांची की जंग

*** इंग्लैंड को चौथे टेस्ट में 5 विकेट से हराया, सीरीज पर भी किया कब्जा**

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : भारत और इंग्लैंड की टीमों के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मैच रांची के झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। ये मैच काफी उतार चढ़ाव से भरा रहा, लेकिन अंत में टीम इंडिया ने बाजी मारी। इस मैच में टीम इंडिया पहली पारी के बाद पिछड़ गई थी, मगर भारतीय खिलाड़ियों ने दूसरी पारी में धमाकेदार वापसी की और मुकाबला अपने नाम किया। रांची टेस्ट मैच में इंग्लैंड की टीम ने भारत को जीत के लिए 192 रनों का टारगेट दिया था। इसके जवाब में टीम इंडिया को शानदार शुरुआत मिली थी। रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने मिलकर 84 रन जोड़े थे। इसके बाद टीम इंडिया की पारी लड़खड़ा गई और भारतीय टीम ने अपने 5 विकेट 120 रन तक पहुंचने में ही गंवा दिए। लेकिन शुभमन गिल और ध्रुव जुरेल ने पारी को संभाला और टीम को जीत तक पहुंचाया। शुभमन गिल ने नाबाद 52 रन बनाए।

वहीं, ध्रुव जुरेल ने भी नाबाद 39 रन की पारी खेली। इंग्लैंड की टीम ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 353 रन बनाए थे। इसके जवाब में टीम इंडिया ने अपनी पहली पारी में 307 रन ही बनाए थे और 46 रन से वह पिछड़ गई थी। लेकिन दूसरी पारी में भारतीय गेंदबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया। दूसरी पारी में आर अश्विन सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 51 रन देकर 5 विकेट अपने नाम किए।

वहीं, कुलदीप यादव ने 22 रन खर्च करके 4 विकेट हासिल किए। इस शानदार खेल के चलते इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में 145 रन पर ढेर हो गई।

सीरीज जीतकर खुश हूं : रोहित शर्मा

रोहित शर्मा ने भी एक अहम पारी खेली। रोहित शर्मा ने इस मैच की दूसरी पारी में 81 गेंदों पर 5 चौके और 1 छक्के की मदद से 55 रन बनाए। बतौर कप्तान उन्होंने मैच की आखिरी पारी में पहली बार अर्धशतक जड़ा और टीम के लिए जीत की नींव रखी।रोहित शर्मा ने कहा कि वह बेहद कठिन मुकाबले में सीरीज जीतकर खुश हैं। रोहित ने मैच खत्म होने के बाद कहा,यह एक बहुत कठिन संघर्ष वाली श्रृंखला रही है, इसलिए इसके सही पक्ष पर आना बहुत अच्छा लगता है। हमारे सामने बहुत सारी चुनौतियाँ आई लेकिन हमने जवाब दिया और धैर्य से काम लिया।रोहित ने स्वीकार किया कि श्रृंखला में पहली पसंद के कई खिलाड़ियों को मिस करना भारत के लिए आदर्श नहीं था, लेकिन उनकी अनुपस्थिति में जुरेल, गिल और यशस्वी जयसवाल जैसे युवाओं के आगे बढ़ने पर खुशी हुई।

ध्रुव जुरेल ने खेली जुझारू पारी

मैच की पहली पारी में टीम इंडिया को 307 रन तक पहुंचाने में ध्रुव जुरेल का सबसे बड़ा योगदान रहा था। पहली पारी में वह जब बल्लेबाजी करने उतरे थे तब भारतीय टीम 5 विकेट पर 161 रन बनाकर 192 रनों से पिछड़ रही थी। लेकिन अपना दूसरा टेस्ट मैच खेल रहे ध्रुव जुरेल ने इस कठिन परिस्थिति में टीम को संभालने का काम किया और 149 गेंदों पर 90 रन बनाए और भारत को इंग्लैंड के कुल स्कोर के करीब पहुंचने में मदद की थी।

विधानसभा में झारखंड आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट हुआ पेश

रिपोर्ट में कहा गया है कि झारखंड की जीएसडीपी राष्ट्रीय लेखा के आधार पर 2011-12 में लगभग एक लाख 50 हजार करोड़ रुपये का था, जो 2018-19 में बढ़कर दो लाख 29 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है और वर्तमान में 3 लाख 05 हजार करोड़ रुपये से अधिक है। कोविड काल में ये आंकड़े गिर गया था। हालांकि, तब से राज्य की जीएसडीपी में लगातार वृद्धि हुई है।वित्तमंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने बताया कि वर्ष 2020-21 में झारखंड का देश की जीडीपी में 1.6 प्रतिशत का योगदान था, जो वर्ष 2021-22 में बढ़कर 1.63 प्रतिशत हो गया।

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सदन में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने झारखंड आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 रिपोर्ट पेश किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि झारखंड की जीएसडीपी राष्ट्रीय लेखा के आधार पर 2011-12 में लगभग एक लाख 50 हजार करोड़ रुपये का था, जो 2018-19 में बढ़कर दो लाख 29 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है और वर्तमान में 3 लाख 05 हजार करोड़ रुपये से अधिक है। कोविड काल में ये आंकड़े गिर गया था। हालांकि, तब से राज्य की जीएसडीपी में लगातार वृद्धि हुई है।वित्तमंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने बताया कि वर्ष 2020-21 में झारखंड का देश की जीडीपी में 1.6 प्रतिशत का योगदान था, जो वर्ष 2021-22 में बढ़कर 1.63 प्रतिशत हो गया। वर्ष 2022-23 में इसमें मामूली गिरावट आई और यह आंकड़ा 1.62 प्रतिशत पर रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रति व्यक्ति के संदर्भ में झारखंड देश के सबसे कम प्रति व्यक्ति वाले राज्यों में से एक है। वर्ष 2000-01 में अस्तित्व में आने के साथ ही यह 28 राज्यों की सूची में 26वें स्थान पर था। केवल पड़ोसी राज्य बिहार और उत्तर प्रदेश ही इससे नीचे था। विगत दो दशकों में भी स्थिति में व्यापक परिवर्तन नहीं आया। वर्ष 2021-22 में भी एक स्थान के मामूली सुधार के साथ झारखंड इस सूची में 25वें स्थान पर था। केवल बिहार, उत्तर प्रदेश और मणिपुर ही झारखंड से पीछे थे।

इससे पहले झारखंड विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सदन की कार्यवाही शुरू हुई। सत्र शुरू होते ही सदन में जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक का मामला गूंज उठा। भाजपा विधायक वेल में पहुंचकर जोरदार हंगामा करने लगे और पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की। झारखंड विधानसभा के दूसरे दिन भोजनावकाश के बाद 4981 करोड़ का तीसरा अनुपूरक बजट पास हो गया। इस दौरान विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित हो गया। विधेयक पास होने के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार 11 बजे दिन तक के लिए स्थगित कर दी गई।

4981करोड़ का तीसरा अनुपूरक बजट पास

रांची : झारखंड विधानसभा के दूसरे दिन 4981 करोड़ का तीसरा अनुपूरक बजट पास हो गया. इस दौरान विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया. वहीं वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव मंगलवार को वर्तमान सरकार का अंतिम फुल बजट पेश करेंगे. अनुपूरक बजट पास होने के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई.

सांसद गीता कोड़ा ने थामा बीजेपी का दामन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची: झारखंड में कांग्रेस के इकलौती सांसद गीता कोड़ा ने बीजेपी का दामन थाम लिया. वो सिंहभूम सीट से कांग्रेस की सांसद थी. गीता कोड़ा ने रांची में बीजेपी की सदस्यता ली. कांग्रेस की झारखंड में एकमात्र सांसद गीता कोड़ा का पार्टी से मोहभंग हो गया. बाबूलाल मरांडी के सामने सदस्यता ग्रहण करने के बाद सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि देश का विकास पीएम मोदी के साथ ही किया जा सकता है.कहा कि जिस तरह से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की संस्कृति और सभ्यता को विश्व पटल पर स्थापित कर रहे हैं वह काबिल-ए-तारीफ है. गौरतलब है कि काफी दिनों से वो पार्टी में अपनी उपेक्षा से नाराज चल रही थी. हालांकि कांग्रेस ने उन्हें प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष भी बनाया था. बता दें कि 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में वो कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरी थीं.

उन्होंने बीजेपी के लक्ष्मण गिलुवा को हराया और पहली बार सांसद बनीं. वो झारखंड में कांग्रेस की एकमात्र प्रत्याशी थीं, जिन्होंने जीत हासिल की. गौरतलब है कि 2009 के विधानसभा चुनाव में गीता कोड़ा पहली बार चुनावी मैदान में उतरीं. वो जगन्नाथपुर सीट से बीजेपी प्रत्याशी को हराकर पहली बार विधायक बनीं. 2014 में उन्होंने सिंहभूम लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा, लेकिन हार गईं. 2014 में ही हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने एकबार फिर जीत दर्ज की. 2018 में वो कांग्रेस में शामिल हुई. गीता कोड़ा झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी हैं.

मशहूर गजल गायक पंकज उधास का निधन, पीएम ने जताया शोक

एजेंसी

नई दिल्ली : भारत के मशहूर गजल गायक पंकज उधास का 72 साल की उम्र में सोमवार की सुबह 11 बजे मुंबई के ब्रीच क्रैंडी अस्पताल में निधन हो गया, जहां वह काफी दिनों से भरती थे. गजल गायक के निधन के बाद से उनके चाहने वाले सदमे में हैं और लगातार सोशल मीडिया पर पोस्ट पर उन्हें श्रधांजलि दे रहे हैं. गजल की दुनिया में पंकज उधास का बड़ा नाम थे और लोग उनके गजलों के दीवाने थे. उनके निधन की जानकारी उनके परिवार वालों ट्वीट कर दी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गजल गायक पंकज उधास के निधन पर शोक जताया है.उन्होंने एक्स पोस्ट के जरिए संवेदना जाहिर की और कहा कि सिंगर की गजलें सीधे दिल को छूती थीं.बता दें, पंकज उधास हिंदी सिनेमा और भारतीय पॉप में अपने काम के लिए जाने जाते थे. उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1980 में 'आहट' नामक एक गजल एल्बम के रिलीज के साथ की और बाद में 1981 में मुकरार, 1982 में तरन्नुम, 1983 में महफिल, 1984 में रॉयल अल्बर्ट हॉल में पंकज उधास लाइव, 1985 में नायाब और 1986 में आफरीन जैसी कई हिट फिल्में रिकॉर्ड की.गजल गायक के रूप में उनकी सफलता के बाद, उन्हें महेश भट्ट की एक फिल्म, नाम में अभिनय करने और गाने के लिए आमंत्रित किया गया. उधास को 1986 की फिल्म नाम में गाने से प्रसिद्धि मिली, जिसमें उनका गाना 'चिट्ठी आई है' तुरंत हिट हो गया था.

राज्यसभा की 15 सीटों के लिए मतदान आज

एजेंसी

नई दिल्ली : राज्यसभा की 15 सीटों के लिए मतदान 27 फरवरी को होना है. आज उत्तर प्रदेश की 10 सीट, हिमाचल प्रदेश की एक सीट और कर्नाटक की चार सीट के लिए मतदान होना है. तीनों राज्यों में खाली सीटों की संख्या से एक ज्यादा प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं.उत्तर प्रदेश की 10 राज्यसभा सीटों के लिए कुल 11 प्रत्याशी मैदान में हैं. इसमें से 8 भारतीय जनता पार्टी और 3 समाजवादी पार्टी के हैं. यूपी में 403 सदस्यों वाली विधानसभा में 397 विधायक ही वोट करने के योग्य हैं. 4 सीटें पहले से खाली थीं, इसके अलावा जेल में बंद सपा विधायक इरफान सोलंकी और सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी को वोट करने की अनुमति नहीं मिली है. चुनाव का सारा समीकरण अब राजा भैया, सुभासपा, निषाद पार्टी और रालोद पर टिका हुआ है. बीजेपी के सात और समाजवादी पार्टी के दो उम्मीदवारों की जीत तय है. एक सीट पर पेंच फंसा है. राजा भैया और जयंत साफ कर चुके हैं कि वह बीजेपी उम्मीदवार को वोट देंगे. ऐसे में अखिलेश के तीसरे उम्मीदवार की जीत मुश्किल लग रही है.हिमाचल में कांग्रेस ने अभिषेक मनु सिंघवी को अपना उम्मीदवार बनाया है।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 553 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाएगा : पीएम मोदी

*** पीएम ने रेलवे को दी 41000 करोड़ की 2000 से ज़्यादा परियोजनाओं की सौगात**

एजेंसी

नई दिल्ली : भारतीय रेलवे के लिए सोमवार का दिन ऐतिहासिक रहा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय रेलवे के 41 हजार करोड़ रुपये की कई रेल परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया. पीएम नरेंद्र मोदी ने रेलवे को दी 41,000 करोड़ की 2,000 से ज़्यादा परियोजनाओं की सौगात. पीएम मोदी ने इसे ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि ये देश के लिए समर्पित है. उन्होंने कहा कि यात्रा को बेहतरीन बनाने के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 553 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाएगा.पीएम नरेंद्र मोदी के इस फैसले से देश के 27 राज्यों के 553 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प पूरी तरह से बदल जाएगा. पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है, आज का दिन ऐतिहासिक है. उन्होंने लिखा है यात्रा को बेहतरीन और सुखद बनाने के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 553 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाएगा. ऑनलाइन कॉन्फ्रेंस के ज़रिए पीएम ने इन परियोजनाओं का उद्घाटन किया. इस दौरान केंद्रीय रेल मंत्री भी मौजूद थे.

लोगों की सुविधाओं का ख़ास ख्याल: इसमें स्टेशनों तक पहुंच, प्रतीक्षालयों, शौचालयों, लिफ्ट या एस्केलेटरों में सुधार, स्वच्छता, मुफ्त वाईफाई, 'एक स्टेशन, एक उत्पाद जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली के माध्यम से स्टेशनों पर सुविधाओं में सुधार के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और चरणों में उनका कार्यान्वयन शामिल है. इस योजना में प्रत्येक स्टेशन पर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए कार्यकारी लाउंज और व्यावसायिक बैठकों के विशिष्ट स्थान का निर्माण भी शामिल है.

ये होंगी सुविधाएं: इसमें भवनों के सुधार, स्टेशनों को शहरों के दोनों ओर एकीकृत करने, मल्टीमॉडल एकीकरण, विकलांग व्यक्तियों के लिए सुविधाएं, गिट्टी रहित पटरियों के प्रावधान, आवश्यकता के अनुसार रूफ प्लाजा, चरणबद्धता और व्यवहार्यता और दीर्घावधि में स्टेशन पर सिटी सेंटर के निर्माण की परिकल्पना की गई है.

पेटीएम पेमेंट बैंक के चेयरमैन पद से विजय शेखर शर्मा का इस्तीफा, बोर्ड सदस्यता भी छोड़ी

एजेंसी

नई दिल्ली : भारतीय रिजर्व बैंक के एक्शन के बाद से पेटीएम पेमेंट बैंक में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहे हैं. इस बीच अब पेटीएम पेमेंट बैंक के चेयरमैन पद से विजय शेखर शर्मा ने इस्तीफा दे दिया. इसके साथ ही विजय शेखर शर्मा ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक के बोर्ड से भी इस्तीफा दे दिया है.दरअसल, कंपनी ने प्रेस रिलीज कर बताया है कि विजय शेखर शर्मा ने सोमवार को पेटीएम पेमेंट्स बैंक के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है. वो बैंक के पार्ट टाइम नॉन-एग्जीक्यूटिव चेयरमैन थे. उनके इस्तीफे के बाद बैंक के बोर्ड का पुनर्गठन भी किया गया है. आरबीआई के एक्शन के बाद से पेटीएम पेमेंट्स बैंक के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है. विजय शेखर शर्मा इस बैंक के सबसे बड़े शेयरहोल्डर हैं.

हैदरनगर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का पीएम मोदी ने किया ऑनलाइन शिलान्यास

जनता की हर समस्याओं का होगा समाधान : वीडी राम

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद : पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के द्वारा पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य के ऑनलाइन शिलान्यास कार्यक्रम का मुख्य कार्यक्रम हैदरनगर स्टेशन पर आयोजित किया गया। साथ ही साथ प्रधानमंत्री के द्वारा नव निर्मित अंडरपास 10 स्थानों पर क्रमशः सिगरा खुर्द, सिंगरा कला, गाड़ीगांव, गाड़ीगांव, गुरहा, दंनवार, हरिहर चौक जपला, मोहम्मदगंज, हैदरनगर बहेरा एवं काजी विगहा का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद पलामू विष्णु दयाल राम

हैदरनगर में उपस्थित रहे। स्कूली बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। साथ ही बच्चों के बीच विकसित भारत ड्राइंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसके विजेताओं को सांसद पलामू ने पुरस्कृत किया। इस शुभ अवसर पर सांसद पलामू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमल के द्वारा एवं रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव की गरिमा में उपस्थिति में हैदरनगर रेलवे स्टेशन के शिलान्यास का कार्य किया गया। रेलवे से जुड़ी समस्याएं हमेशा बनी रहेगी। पर बड़ी-बड़ी समस्याओं का समय रहते निदान होना चाहिए। ताकि जनता की कठिनाई दूर हो सके। जनता को आवागमन में सुविधा मिल सके। अपने देश का जो विकास हो रहा है। इसके पीछे एक और भी सोच है। यदि हमें 2045 तक इस देश की बात व्यवस्था को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में सम्मिलित करना है तो वैश्विक स्तर पर सुविधाओं का होना आवश्यक है। हैदरनगर रेलवे क्रासिंग पर जाम की स्थिति लगातार बनी रहती है और मैं इसके निदान के लिए लगातार प्रयास कर रहा हूं और जल्द ही इस समस्या का समाधान निकाला जाएगा। हैदरनगर का देवी मंदिर काफी प्रसिद्ध है। मैं रेलवे के पदाधिकारी से मांग करता हूं की नई स्टेशन के निर्माण होने के बाद उसमें देवी मां का चित्र लगाया जाए। शिलान्यास के लिए देश के पीएम नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता की ओर से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करता हूं। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, राम प्रवेश सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, आलोक कुमार, मुख्य परियोजना प्रबंधक (सीपीएम) डीडीयू मंडल, प्रदीप कुमार, वरीय मंडल सिग्नल दूरसंचार अभियन्ता (सीनियर डीयसटीई), मोज़ फैजान सहायक वाणिज्य प्रबंधक, यम यस खान स्टेशन प्रबंधक हैदरनगर, शिव कुमार मिश्रा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, संतोष सिंह, डॉ0 अजय जायसवाल, मंडल अध्यक्ष उमेश चन्द्र शिव, अजय गुप्ता, अखिलेश मेहता, रंजीत पासवान,नरेन्द्र सिंह, नंदलाल गुप्ता, प्रदीप सिंह, कुशुम देवी एवं रेलवे पदाधिकारीगण, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थी।

लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यक्रम को लेकर भाजपा ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : लाभार्थी सम्पर्क अभियान कार्यक्रम के निमित्त भाजपा जिला कार्यालय में नगर अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद की अध्यक्षता में नगर मंडल की कार्यशाला आयोजित हुई । बैठक की शुरुवात डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्रो में माल्यार्पण एवं वन्देमातरम गीत के साथ हुई नगर मंडल कार्यशाला में मुख्य रूप से प्रदेश से बिपिन बिहारी सिंह एवं राजधनी प्रसाद यादव उपस्थित हुए नगर कार्यशाला के मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष सह कार्यक्रम के लोकसभा सह संयोजक संजय ठाकुर ने अभियान की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुआ कहा कि पूरे झारखंड प्रदेश में लाभार्थी सम्पर्क अभियान 1 मार्च से 4 मार्च तक चलाई जाएगी प्रदेश के द्वारा सम्पर्क अभियान में मंडल स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं की सूची एवं लाभार्थी की सूची प्रत्येक मंडल में उपलब्ध कराई गई है कार्यकर्ता पूरे झारखंड में लगभग 22 लाख लाभार्थीयों से

सीधा सम्पर्क करेंगे और लाभार्थियों के मोबाइल से 9638002024 पर मिस्ड कॉल करेंगें साथ ही देशवासियों के नाम माननीय प्रधानमंत्री जी के पत्रक का वितरण कर मोदी जी के 10 वर्षों की कार्यकाल के अनुभव की जानकारी लेकर शोशल मीडिया एवं सरल एप्प पर साझा करेंगे कार्यशाला में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, पूर्व विधायक विमला प्रधान, पूर्व विधायक निर्मल बेसरा, दुर्गविजय सिंह देव, श्रद्धानन्द बेसरा, दीपक पूरी, मनोज साय,प्रणव कुमार, भोला साहू, अमरनाथ बामलिया, दिलेश्वर सिंह, राजमणि प्रधान, हंसारानी, कमला कुमारी, पिंकी प्रसाद, श्रीलाल साहू, सतीश पांडेय,अनूप प्रसाद,कृष्णा ठाकुर, रवि गुप्ता, बसंतनारायण मांझी, अजय सिंह, सुधु नायक, हीरा राम, महेश साहू, अशोक इंदवार, मानकी लाल, सुरजन प्रधान, मोतीलाल ओहदार, देवकीनन्दन साय, घनश्याम सिंह, तपेश्वर साहू, कृष्णकांत सिंह, सुरजन प्रधान, मनिन्दर बिंझिया, कैलाश मेहर, रामकृष्ण महतो, शंभु भगत,सागर कुमार, किशोर सिंह, बसंत प्रधान, रामचन्द्र सिंह, भोला प्रसाद इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अंग्रेजी पेपर के साथ हुई मैट्रिक की परीक्षा सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

नौड़ीहा बाजार (पलामू) : नौड़ीहा बाजार प्रखंड के राजकीय कृत मध्य विधालय नामुदाग, राजकीय कृत श्री श्याम बिहारी सिंह 10+ 2 हाई स्कूल नामुदाग परीक्षा केंद्र पर के माध्यमिक वार्षिक परीक्षा 2024 मे अंग्रेजी पेपर की परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न हुई। अंग्रेजी पेपर की विषय मे कुल 982 विधार्थी ने परीक्षा मे शामिल हुए जिसमें दोनों परीक्षा केंद्र पर सात विद्यार्थी ने अनुपस्थित थे। दोनों परीक्षा केंद्रों पर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमति शुभम बेला टोपन ने परीक्षा केंद्र कीऔचक निरीक्षण किया है और परीक्षा केंद्र पर तैनात दंडाधिकारी पंकज कुमार और पप्पु कुमार केंदाधीक्षक डा माहिम कुमार शर्मा और अजीत कुमार के शांतिपूर्ण वातावरण और कदाचार मुक्त परीक्षा कराने के लिए निर्देश दिया और परीक्षा केंद्र के बाहर 100 मीटर की परिधि में

परीक्षा अवधि तक 144 धारा लागु रहा। जैक की नियमों अनुपालन नौड़ीहा बाजार की परीक्षा केंद्रों पर किया गया। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर किसी प्रकार की इलेट्रोनिक जैसी उपकरण का प्रयोग नहीं किया गया। परीक्षा केंद्र पर मौजूद केंद्राधीक्षक डा माहिम कुमार शर्मा, अजीत कुमार, दंडाधिकारी पंकज कुमार, पप्पु कुमार सहायक अवर निरीक्षक श्री टुनटुन कुमार राय समेत सभी वीक्षक मौजूद थे।

मैट्रिक की अंग्रेजी विषय के साथ परीक्षा हुई संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

केतार (गढ़वा) : मैट्रिक परीक्षा को लेकर केतार प्रखंड के इकलौता सेंटर मध्य विद्यालय केतार में मैट्रिक की अंग्रेजी विषय की परीक्षा कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। केंद्रधिक्षक सत्यप्रकाश यादव ने बताया कि आज अंग्रेजी विषय में कुल 382 छात्रों ने परीक्षा दिया।जबकि एक भी परीक्षार्थी अनुपस्थित नही थे।साथ ही यादव ने कहा कि अभी तक जो परीक्षा हुआ, सभी कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण ढंग से हुआ है। परीक्षा में किसी तरह का कदाचार न हो उसके लिए दंडाधिकारी नसीम अंसारी, महिला परिवेक्षिका जागृति कुमारी, एस आई कन्हाई बैठा पुलिसबल के साथ तैनात थे। अंत में केंद्राधिक्षक सत्यप्रकाश यादव ने शिक्षक परीक्षाकर्मी, पुलिसकर्मी को परीक्षा में दिल से सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया। और सभी परीक्षार्थी का उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सधन्यबाद के साथ विदा लिया। इस दौरान शिक्षक राजनाथ राम, नवीन प्रकाश, धनंजय कुमार, संतोष कुमार, शिवनाथ राम, राजू सिंह, प्रेम कुमार गुप्ता, गीता कुमारी, विभा कुमारी, मनोज दास, मनोरंजन कुमार, सुधा कुमारी, उदय शंकर वैद, उपेंद्र पाल, नरेंद्र विश्वकर्मा, सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

नगर उंटारी थाने के नए थाना प्रभारी बने आदित्य कुमार नायक

बंशीधर नगर(गढ़वा)(प्रभात मंत्र संवाददाता): नगर उंटारी थाने में नए थाना प्रभारी के रूप में आदित्य कुमार नायक कार्यभार संभाल लिया है। शनिवार को वे थाने के 45वें थाना प्रभारी के रूप में प्रभार ग्रहण किया है। आदित्य कुमार नायक 2018 बैच के दरोगा है। इसके पूर्व उन्होंने इसी थाने में प्रभारी थाना प्रभारी के रूप में कार्यरत थे। श्री नायक धनबाद जिले से गढ़वा जिले में आए है। प्रभार ग्रहण करने के बाद आदित्य कुमार नायक ने कहा कि थाना क्षेत्र के सभी नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करना प्राथमिकता सूची में शामिल है। अपराध पर अंकुश लगाना और विधि व्यवस्था बनाएं रखना हमारी जिम्मेवारी है।उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के नागरिकों के सहयोग से अपराध व अपराध कर्मियों पर अंकुश लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में मनचलों, जुआरियों और सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस नकेल कसने के लिए पैनी नजर बनाए रखेगी।अपराधियों की जगह जेल के सलाखों के पीछे हैं। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति कभी भी अपनी समस्या को लेकर सीधे मुझसे मिल सकता है। उनकी समस्याओं का त्वरित निदान किया जायेगा।उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी तरह का अवैध धंधा किसी हाल में नही चलने दिया जाएगा। ऐसे लोग सतर्क हो जाए अन्यथा पकड़े जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नए थाना प्रभारी ने आदित्य कुमार नायक ने क्षेत्रवासियों से पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की अपील की है।

कृष्ण कुमार ने थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया

भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बुधवार को नये थाना प्रभारी के रूप में योगदान दिया । योगदान के बाद क्षेत्र भ्रमण पर निकले, जहाँ पत्रकारों से कहा भवनाथपुर को अपराध मुक्त बनायेंगे, इसमें भवनाथपुर के लोगों का सहयोग की आवश्यकता होगी। कहा थाना में हर व्यक्ति अपनी बात रखने के लिए स्वतंत्र होगा। आगे कहा कि विधालय, कालेज में पढ़ने जाने वाली बच्चियां निर्भीक होकर जाएगी तथा मनचलों पर पुलिस की पैनी निगाह होगी। कहा भवनाथपुर को अपराध मुक्त तथा स्वच्छ बनाने में आप हमारी मदद करें, इसके बदले पुलिस आपके साथ 24 घंटे खड़ी रहेगी।

विधायक मद से दलपतपुर व भितिहा मे दो योजनाओं का शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरा : पिपरा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम भितिहा में सामुदायिक भवन एवं ग्राम दलपतपुर में नाली निर्माण का हुसैनाबाद हरिहरगंज के विधायक कमलेश कुमार सिंह के द्वारा ऑनलाइन शिलान्यास किया गया. मौके पर उपस्थित एनसीपी जिला अध्यक्ष संदीप पासवान ने कहा कि विधायक का प्रयास है कि विधानसभा क्षेत्र का हर छोटी बड़ी समस्या का निदान ज्यादा से ज्यादा हो सके. सामुदायिक भवन ग्राम भितिहा में अति आवश्यक था. वही नाली निर्माण हो जाने के बाद ग्राम दलपतपुर के लोगों को काफी सहूलियत होगी.आने वाले दिनों में भी प्रखंड क्षेत्र के महत्वपूर्ण समस्याओं का निदान किया जाएगा. विधायक का प्रयास है कि सभी वर्ग एक दूसरे के साथ मिलजुल कर आगे बढ़े. जाति पार्टी की राजनीतिक क्षेत्र में नहीं होनी चाहिए. इससे विकास पर प्रभाव पड़ता है। मौके पर विकास कुमार सिंह राम नंदन सिंह विनय सिंह सुदर्शन सिंह अजय सिंह अखिलेश यादव सचिन यादव कैलाश अमलेश यादव लवलेश राम विनोद राम सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

मुखिया को कार्यमुक्त करने को लेकर बिस सूत्री अध्यक्ष ने उपायुक्त को दिया आवेदन

प्रभात मंत्र संवाददाता

खरौंधी (गढ़वा) : प्रखंड के बीससूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक ने अबुआ आवास योजना अंतर्गत आवास आवंटन में धांधली को लेकर खरौंधी पंचायत के मुखिया मंजू देवी को कार्यमुक्त करने को लेकर उपायुक्त गढ़वा को आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने उल्लेख किया है की सरकार के सख्त निर्देश के वावजूद भी मुखिया ग्राम पंचायत खरौंधी के द्वारा बड़े पैमाने पर धांधली करते हुए योग्य पात्र लाभुकों को आवास से वंचित कर दिया गया है। जिसके लिए योग्य लाभुकों का नाम सूची में शामिल करना एवं भ्रष्ट मुखिया ग्राम पंचायत खरौंधी को कार्यमुक्त करना अति आवश्यक है। बताते चले की कई योग्य लाभुकों ने अबुआ आवास की सूची में अपना नाम गायब देख बीते दिनों बीडीओ के समक्ष जम कर हंगामा

किया था। बीडीओ रविन्द्र कुमार के एक एक लाभुकों के घर जाकर जाँच करने की बात पर आक्रोशित लोग को शांत कराया था।इसके बाद बीडीओ ने खुद खरौंधी पंचायत में 150 लाभुकों का सत्यापन किया था।जिसमे उन्होंने मात्र20 लाभुको को ही अबुआ आवास का पात्र लाभुक पाया। इस संबंध में बीडीओ रविंद्र कुमार ने सरकार के महत्वपूर्ण योजना के लाभुकों की चयन में स्वेच्छाचारीता एवं लापरवाही का घोतक मानते हुए स्पस्टीकरण की मांग किया था।वही बीससूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक ने उपायुक्त गढ़वा को पत्र लिखकर खरौंधी पंचायत के मुखिया को अबुआ आवास के लाभुको के चयन में कार्यमुक्त करते हुए वितीय शक्ति जब्त करने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया की खरौंधी पंचायत की मुखिया द्वारा बड़े पैमाने पर अयोग्य लाभुकों का नाम ग्राम सभा में अनुमोदन कर दिया गया है। जो ग्राम सभा के नाम पर खानापूर्ति किया गया है एवं योग्य लाभुकों को छोड़ दिया गया है। ग्रामीण महिलाओं की शिकायत एवं समाचार पत्रों में छपी खबर के आधार पर प्रखंड विकास पदाधिकारी खरौंधी के द्वारा डोर टू डोर जांच कराया। जिससे 150 लाभुकों में से मात्र 20 लाभुक योग्य पाए गए बाकी सभी अयोग्य लोगों के तौर पर चिन्हित पाए गए। प्रखंड कार्यालय द्वारा मुखिया मंजू देवी से स्पष्टीकरण मांगा गया है। परंतु अभी तक निर्णायक कार्रवाई नहीं नहीं की गई जबकी योग्य लाभुकों को वंचित रखना एवं अयोग्य लोगों को शामिल करना प्रमाणित हो चुका है ?।यह की ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के 10/ङ्ग 55/2023 570 दिनांक 09.2.2024 के द्वारा ऐसे कर्मियों, जनप्रतिनिधि पर कठोर करवाई का निर्देश दिया गया है। सरकार द्वारा चलाए गए उपयोगी योजना को अनदेखी कर अयोग्य लोगों को ग्राम सभा में पारित किया गया और गरीब जनता को अनदेखा किया गया है। इस आधार पर खरौंधी पंचायत मुखिया मंजू देवी को कार्यमुक्त करने का उपायुक्त से मांग किया है।

सेवानिवृत्त सैन्य कर्मी धर्मेन्द्र तिवारी का निधन

विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के तोलरा गांव निवासी सेवानिवृत्त सैन्य कर्मी का निधन सोमवार को पैतृक गांव में हो गया। गांव के ही कोयल नदी तट स्थित श्मशान घाट पर दाह संस्कार किया गया। जहां मृतक के पुत्र धर्मेन्द्र तिवारी ने मुखाग्नि दी। मृतक सैन्य कर्मी राजदेव तिवारी 1971 की बांग्लादेश लड़ाई में अपना पैर गंवा दिया था। अपने पिछले एक पुत्र और दो पुत्रियों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए। इधर निधन की घटना से परिवार सहित गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के अंतिम दर्शन को लोगों की भीड़ उमड़ पड़ा। विदित हो कि भारत चीन लड़ाई में शामिल ना पाने का दर्द राजदेव तिवारी को हमेशा सता रहा था। 1971 भारत-पाक युद्ध में उन्होंने शामिल होकर अदम्य साहस का परिचय भी दिया था। हालांकि युद्ध में इन्हें विकलांगता भी मिली। बाएं पैर में इन्हें गोली लगी। इसके बाद आर्मी हॉस्पिटल दानापुर में इन्हें रखा गया था। जहां से इन्हें सेवानिवृत्ति दी गई।

सनातन संत संसद में राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी ने किया 11 लाख रुपए दान

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : राष्ट्रीय परशुराम युवावाहिनी झारखंड प्रदेश की 21 सदस्य टीम रविवार को दिल्ली में आयोजित सनातन संत संसद में पहुंची एवं 11 लाख रुपए की दानराशि कृष्ण जन्मभूमि हेतु विश्व शांति सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट को सौंपी गई। राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के मुख्य संरक्षक अर्जुन पाण्डेय उर्फ गुरु पाण्डेय के दिशा निर्देश पर 21 सदस्यीय टीम दिल्ली पहुंची एवं पटपड़गंज के उत्सव गार्डन में आयोजित सनातन संत संसद में सम्मिलित होकर सनातन धर्म, संस्कृति की रक्षा के लिए तन मन धन से सहयोग करने का भरोसा दिया। इस दौरान 11 लाख रुपए का चेक श्रीदेवकीनंदन ठाकुर जी महाराज के माध्यम से विश्व शांति चैरिटेबल ट्रस्ट को समर्पित की गई। देश के कोने कोने से अनेक संतों के समागम मे सनातन संत संसद में

राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के सदस्यों ने सनातन धर्म की रक्षा का ध्वज अपने कंधोंपर उठाने का संकल्प लिया। युवावाहिनी के मुख्य संस्थापक मनोज त्यागी ने कहा कि गर्व की बात है कि आज झारखंड से पधारे युवावाहिनी की टीम ने सनातन की रक्षा एवं गौ रक्षा हेतु दानराशि सौंपी है, जो काफी सराहनीय है, जिसे अन्य संगठनों को अनुकरण करना चाहिए। तभी सनातन की रक्षा एवं उत्थान सुनिश्चित होगा। वहीं झारखंड प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि युवा वाहकों ने लगातार झारखंड की धरती पर साबित किया है कि सनातन धर्म एवं संस्कृति की रक्षा और उत्थान के लिए जीवन न्यौछावर कर देंगे। आदरणीय मुख्य संरक्षक के कुशल निर्देशन में संगठन को राष्ट्रीय पटल पर कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है हम सनातन धर्म ध्वजा भारत के मानचित्र पर लहरा कर रहेंगे । इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय परशुराम युवावाहिनी के मुख्य संस्थापक श्री मनोज त्यागी जी, केन्द्रीय सचिव सोनू मिश्रा, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, त्रिपुरारी पाण्डेय, अनिल दूबे, संजय पाण्डेय, राकेश पाण्डेय, प्रदीप दूबे, मुन्ना पाण्डेय, मनीष ओझा, विकास दूबे, परितोष पाण्डेय, अमित पाण्डेय, रेवती रमण,अमन पाण्डेय, हिमांशु पाण्डेय, विक्रांत त्रिपाठी, दिलीप तिवारी, राजेश चौबे, चंदन तिवारी, सोनू पाण्डेय, सौरभ दूबे, विशाल पाण्डेय, एवं विशाल दूबे उपस्थित थे।

रहमतों की रात यानी शब-ए-बारात का त्योहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रो में रहमतों की रात यानी शब ए बारात का त्योहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया. मुस्लिम धर्मालंबियों के द्वारा मस्जिद, कब्रिस्तान एवं अपने घरों को चाइनीज लाइट के माध्यम से पूरी तरह सजाया गया था. नगर उंटारी, चेचरिया, बरडीहा,बम्बा,ठरकीया, कधवन, नरही, कोइन्दी, सोनबरसा, सहित कई गांवों में शब ए बरात अकीदत के साथ मनाया गया. बरडीहा मस्जिद में तकरीर देते हुए हाफ़िज अब्दुल हकीम अंसारी ने कहा कि 15 तारीख को बेहद अहम रात आती है, जिसे शब ए बरात के नाम से जाना जाता है.शब का मतलब रात और बारात का मतलब निजात होता हैं.उन्होंने कहा कि शब-ए-बारात की रात अल्लाह की रहमत बरसती हैं. सभी लोग रात भर

जागकर कुरान पाक की तिलावत करते हैं.अल्लाह से गुनाहों की माफी मांगते हैं. दुनिया से रुख्सत हो चुके लोगों के लिए मगफिरत के लिए दुआ करते हैं. बंदों की दुआओं को अल्लाह कबूल करते हैं.मौलाना एजाज अंजुम ने कहा कि शब ए बरात निजात की रात मगफिरत की रात, गुनाहों से माफी की रात होता हैं.मुस्लिम समुदाय के लोगो के द्वारा कब्रिस्तान पर जाकर पूर्वजों के कब्र पर लोग अगरबत्ती जलाकर व फ़ातिया पढ़ते हैं और पूर्वजों को याद करते हैं. मुसलमानो ने मस्जिदों में नवाफिल की नमाज अदा कर अल्लाह से कौम एवं मिल्लत की सलामती, आपसी एकता, सौहार्द एवं भाईचारगी की दुआएं मांगी.मौके पर अंजुमन कमेटी के सदर तौहीद खान, सरपरस्त शमीम खान, प्रतिष्ठित व्यवसायी आमीन खान, महमूद आलम सीनियर, लालबाबू खान, हैदर खान, फुलटून खान, नेपाली खान, तस्लीम खान, मौलाना एजाज अंजुम, मौलाना अब्दुल, कादिर साहब, हाफिज मनउवर अंसारी, हाफिज सैफुल्लाह अंसारी, मौलाना कमर रजा,सदर सह पूर्व मुखिया मुश्ताक अहमद शेख़, डॉ ताहीर हुसैन, ग्रामीण पुलिस कलाम अंसारी, डॉ रिज़वान अहमद, मुस्तकिम अंसारी, हाजी सदीक अंसारी, सईद अंसारी, फिरोज आलम, अमीर हसन अंसारी, शमीम अख़्तर, साजिद रजा, वकील अहमद ,सुल्तान अंसारी, रियासत अंसारी, गुलाम, इंतजार, मकसूद, समसिर अजिजी, नौसाद आलम सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे.

संक्षिप्त खबरें

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन किया गया

रांची। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया,क्षेत्रीय कार्यालय , रॉंची द्वारा मेगा क्रेडिट कैम्प का आयोजन किया । कार्यक्रम का उदघाटन सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया , केन्द्रीय कार्यालय के महाप्रबंधक विवेक कुमार ने दीप प्रज्वलन कर किया । इस अवसर पर पटना अंचल के आंचलिक प्रमुख धर्मपाल खुराना भी उपस्थित थे । उक्त आयोजन में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा रू 102करोड का ऋण वितरण किया गया। इस अवसर पर बोलते हुये सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक विवेक कुमार ने ग्राहकों को संबोधित करते हुसे कहा कि बैंक के पास जमा, ऋण एवं अनुषंगी सेवाओं से संबन्धित विभिन्न उत्पादों की लंबी श्रृंखला है। झारखंड में सरकार की तमाम विकास योजना एवं हमारे द्वारा सामाजिक सुरक्षा से संबन्धित योजनाओं जैसे अटल पेंशन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, जन-धन योजना आदि के कार्यान्वयन में सेंट्रल बैंक ने सराहनीय कार्य किया है। झारखंड में स्वंय सहायता समूह को ऋण प्रदान कर देश की आधी आबादी को मुख्य धारा से जोड़ने में सेंट्रल बैंक अग्रणी भूमिका निभा रहा है । इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रमुख श्री सुनील कुमार ने सभी ग्राहकों का स्वागत किया।

श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति की पुरानी कमिटी भंग

रांची : श्री चैती दुर्गा पूजा महा समिति भुताहा तालाब के द्वारा दिनांक 25-02-2024 दिन रविवार को दोपहर 12:00 बजे श्री चैती दुर्गा मंदिर परिसर में एक आम बैठक बुलाई गई है। इस बैठक की अध्यक्षता रवि कुमार पिंकू द्वारा किया गया और, अध्यक्ष के आदेशानुसार महासमिति के कोषाध्यक्ष संजय सिंह (लल्लू सिंह) के द्वारा पिछले वर्ष 2023 का आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया, जिसे हर्ष के साथ सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। मुख्य संरक्षक मंडली को छोड़कर पुरानी कमिटी के सभी पदों को भंग कर दी गया।

18 फरवरी को प्रभात मंत्र के छपे खबर पर लगी मुहर

लंबे समय तक कांग्रेस में रहीं गीता बीजेपी में शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। सोमवार को कांग्रेस को बड़ा झटका लगा। क्योंकि बहुत सालों से कांग्रेस की रही गीता भाजपा की हो गई। वो भी तब जब लोकसभा चुनाव के दिन गिनती भर बची है तब। कांग्रेस सांसद सह कार्यकारी अध्यक्ष , झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी और कांग्रेस से झारखंड की एकमात्र लोकसभा की सदस्य रहीं गीता कोड़ा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक दल के नेता अमर बाउरी, विधायक ढुलू महतो, संदीप वर्मा की उपस्थिति में भाजपा कार्यालय में जाकर भाजपा का पट्टा अपने गले में पहन ली। अब कोल्हान की दोनों संसदीय सीटों पर भाजपा का दबदबा कायम हो गया है। जमशेदपुर संसदीय सीट से भाजपा आसानी से जीतती रही है। अब सिंहभूम सीट भी भाजपा की झोली में चली गई है। सिंहभूम सीट पर कांग्रेस का कोई खास जनाधार नहीं है। कांग्रेस यहां उम्मीदवारों के वोट बैंक पर ही राजनीतिक खेल खेलती रही है। साल 2019 के चुनाव में गीता कोड़ा अपने पति पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के वोट बैंक के दम पर ही चुनाव जीती थीं। अब भाजपा और मधुकोड़ा का वोट बैंक मिलकर लोकसभा सीट पर बीजेपी की जीत की पटकथा लिखेगा? गीता कोड़ा ने बीजेपी का दामन थाम कर कांग्रेसी थिंक टैंक का सर दर्द बढ़ा दिया है। अब कांग्रेसियों को पश्चिमी सिंहभूम लोकसभा सीट पर ऐसा उम्मीदवार खोजना होगा, जिसका क्षेत्र में कुछ जनाधार हो। सियासी पंडितों का मानना है कि अब दमदार उम्मीदवार ही सिंहभूम लोकसभा सीट पर कांग्रेस की साख बचा सकती है?

लक्ष्मण गिलुवा को शिकस्त दी थी: गीता कोड़ा ने साल 2019 के चुनाव में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण गिलुवा को शिकस्त दी थी। गीता ने लक्ष्मण गिलुवा को 72155 वोटों से हराया था। गीता कोड़ा को चार लाख 31 हजार 815 वोट और लक्ष्मण गिलुवा को 3 लाख 59 हजार 660 वोट मिले थे। इसके पहले साल 2009 के लोकसभा चुनाव में गीता कोड़ा के पति मधु कोड़ा यहां से निर्दलीय सांसद बने थे।

पहली महिला आदिवासी सांसद बनी थी गीता कोड़ा: गीता कोड़ा ने साल 2019 लोकसभा चुनाव में सिंह भूमि लोकसभा सीट से जीत का परचम लहरा कर एक रिकॉर्ड बनाया था, वह लोकसभा में पहुंचने वाली पहली महिला आदिवासी सांसद बनी थीं। पश्चिमी सिंहभूमि की संसद गीता कोड़ा साल 2009 के चुनाव में पश्चिम सिंहभूम जिले की जगन्नाथपुर विधानसभा सीट से विधायक बनी थीं। वह 26 वर्ष की उम्र में विधायक बनी थीं। इसके पहले यह रिकॉर्ड गीता कोड़ा के ही पति मधु कोड़ा के नाम पर था।उन्हें 34 वर्ष की उम्र में सबसे कम उम्र के मुख्यमंत्री बनने का गौरव हासिल हुआ था।

क्यों गई भाजपा में : पश्चिमी सिंहभूम से कांग्रेस की सांसद गीता कोड़ा का भाजपा में जाने के पीछे दो कारण बताया जा रहा है। पहला तो है , 2009-10 मामले में आयकर रिटर्न नहीं भरने के मामले में सांसद गीता कोड़ा ने अदालत में उपस्थिति दर्ज कराई, सीजेएम कोर्ट में सरेंडर करने के बाद गीता कोड़ा पहली बार हाजरी लगाई है। कोर्ट की निर्धारित अगली तिथि को अभियोजन गवाह पेश करने का अदालत ने निर्देश दिया है। अपर न्याययुक्त एमसी झा की कोर्ट से 19 जनवरी को अग्रिम जमानत मिला था। दूसरा पिछले कुछ महीनों से गठबंधन में रहे कांग्रेस झामुमो के बीच पश्चिमी सिंहभूम लोकसभा सीट को लेकर विवाद था, यह विवाद उस दिन कंफर्म हो गई जब झामुमो ने एसटी पश्चिमी सिंहभूम से विधायक दीपक बरुआ को मंत्री बना दिया।

प्रभात मंत्र की खबर पर लगी मुहर: 18 फरवरी 2024 को एक छोटे से संक्षिप्त इंटरव्यू में परिवहन मंत्री और झामुम विधायक दीपक बिरुआ से बातचीत के दौरान ही स्पष्ट हो गया था कि अब कांग्रेस के संसदीय सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा की नजर है और दीपक बिरुआ को मंत्री बनाकर उस सीट पर कब्जा करना चाहेगी अब गीता कोड़ा के लिए कोई दूसरा विकल्प नहीं था।

मंत्री दीपक बिरुआ के बाहने चाईबासा संसदीय सीट पर झामुमो की है नजर

पर्वेज़ कुरैशी

रांची: झारखंड मुक्ति मोर्चा चाईबासा (एसटी) (पश्चिमी सिंहभूम) विधायक दीपक बिरुआ अब झारखंड सरकार में मंत्री बन गए हैं। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की सेना में शामिल दीपक बिरुआ को पूर्व मंत्री जोबा मांझी के स्थान पर जगह दी गई है। दीपक बिरुआ अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग (अल्पसंख्यक कल्याण को छोड़कर) परिवहन विभाग दिया गया है।

राजनीति समझिये : चाईबासा संसदीय सीट पर कांग्रेस से गीता कोड़ा सांसद हैं और इस संसदीय सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा अपना दावा ठोक रही है। इसलिए दीपक बिरुआ को जगह दी गई है। क्योंकि सांसद गीता कोड़ा पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी हैं। मधु कोड़ा (झो) जनजाति से आते हैं, इसलिए झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी(झो) जनजाति के विधायक दीपक बिरुआ को मंत्री बनाया है। बहुत सीमित समय में दीपक बिरुआ से बातचीत हुई। उन्होंने प्रभात मंत्र संवाददाता से बातचीत करते हुए कहा है कि जो भी जिम्मेदारियां मिली हैं उन जिम्मेदारियों को पूरी करनी है। हमारे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अधूरे सपनों को भी सरकार करना में प्राथमिकता में शामिल है। आगे की जो रणनीति होगी वह पार्टी सुप्रीमो लेंगे। सब कुछ बेहतर चल रहा है। हम लोगों को राज्य और यहां की जनता और उनका विकास पर सोचना है। जिस तरह से भाजपा ने अस्थिरता पैदा करने की कोशिश की है इसे जनता ने मुंह तोड़ जवाब दिया है हम आगे के राजनीति में सफल होंगे।

डेली मार्केट के नए थाना प्रभारी ने पदभार ग्रहण किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा सभी जिलों में तीन साल से तैनात सभी पुलिस कर्मियों का तबादला एक जिला से दूसरे जिला किया गया। इसी दौरान रांची जिला में भी कई पुलिस कर्मियों का तबादला हुआ। इसमें डेली मार्केट थाना में भी थाना प्रभारी का तबादला किया गया। रविवार को डेली मार्केट के नये थाना प्रभारी उत्तम कुमार उपाध्याय ने पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर और रांची के कई गणमान्य लोगों ने थाना प्रभारी को बूके देकर उनका स्वागत किया और थाना क्षेत्र के वस्तु स्थिति से अवगत कराया । इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता व रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता ,अजीत नायक, फैयाज ,यूनुस, राजकुमार गुप्ता ,बबलू, पप्पू कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

विधायक नेहा ने विधानसभा में सदर थानेदार लक्ष्मीकांत का मामला उठाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : सोमवार को सदर थाना के दारोगा का वायरल वीडियो का मामला विधानसभा में पहुंच गया। मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सदन में मामला उठाया। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों रांची में घिनौना मामला सामने आया है। जिसमें अपनी जमीन पर अतिक्रमण किए जाने की शिकायत लेकर कुछ आदिवासी समाज के लोग सदर थाना पहुंचे थे। उनलोगों के साथ थाना प्रभारी ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया, इतना ही नहीं उनके साथ गलत व्यवहार भी किया। उसपर संसदीय कार्य मंत्री त्वरित कार्रवाई करे। साथ ही इसका जवाब भी सदन में ही देने की मांग की।

जानकारी हो कि माकपा की रांची जिला कमेटी और जनजातीय सुरक्षा मंच ने आदिवासियों के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले सदर थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट में केस दर्ज करने की मांग की है। माकपा के सचिव सुखनाथ लोहरा ने एसएसपी को पत्र लिखा है। वहीं, जनजाति सुरक्षा मंच के प्रदेश युवा संयोजक सन्नी उरांव ने कहा, दारोगा पर कार्रवाई नहीं हुई तो मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के आवास का घेराव किया जाएग। मामला है कि कोकर की पीड़िता मीना देवी व उनके परिजनों से अभद्र भाषा का प्रयोग करते दिख रहे हैं।

1932 के खतियान आधारित नियोजन नीति बनाए सरकार : महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने 1932 खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति बनाने और विभाग की ओर से प्रश्न पत्र लीक मामले में अभ्यर्थियों के खिलाफ दर्ज केस को वापस लेने और इस मामले की सीबीआई जांच करने की मांग की है।

उन्होंने यह मांग सोमवार को झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन शून्य काल में की। महतो ने सदन में राज्य सरकार का ध्यान इस बात की और आकृष्ट कराया कि झारखंड सरकार के द्वारा झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के माध्यम से विभिन्न विभागों के रिक्त पदों के विरुद्ध नियुक्ति को लेकर गत 28 जनवरी को इसकी परीक्षा ली गई और परीक्षा के मात्र चार घंटे में प्रश्न पत्र लीक हो गया। जब इसका विरोध किया गया तो 15 नामजद एवं तीन से चार हजार अज्ञात अभ्यर्थियों के ऊपर केस कर दिया गया।

ऐसा होने से राज्य के अभ्यर्थियों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में 3.59 लाख से ज्यादा नियमित सरकारी पदों की रिक्तियां हैं।

उन्होंने राज्य सरकार से अभ्यर्थियों पर किए गए केस को वापस लेने और लीक प्रश्न पत्र की जांच सीबीआई से करने की वकालत की। उन्होंने इस विषय को लेकर सदन में कार्य स्थगन का प्रस्ताव भी लाया।

हाथियों से बचाव के लिए प्रभावी कदम उठाए वन विभाग : बंधु तिर्की

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : पूर्व मंत्री और झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि रांची जिले के बेड़ो प्रखण्ड सहित आसपास के क्षेत्र में हाथियों का उत्पात चरम पर है और उनसे बचाव के लिए वन विभाग को प्रभावी कदम उठाना चाहिये। उन्होंने निर्देश दिया कि वन विभाग, ग्रामीणों के साथ बैठक कर प्रभावी कदम उठाए और उनके मध्य पटाखे, किरासन तेल, टॉर्च एवं अन्य बचाव सामग्री का व्यापक स्तर पर वितरण करे। बंधु तिर्की ने बेड़ो के वन क्षेत्र पदाधिकारी से बात कर उन्हें निर्देश दिया कि ग्रामीणों की फसल को हाथियों द्वारा की जा रही क्षति का उन्हें यथोचित मुआवजा देने के साथ ही संबंधित वनकर्मियों को सतर्कता के साथ काम करने का निर्देश दें। उल्लेखनीय है कि बेड़ो प्रखण्ड के जामटोली पंचायत के हरहंजी गांव के खुरहा टोली में हाथी ने शनिवार की रात 55 वर्षीय किसान मरतु मुंडा को कुचलकर मार डाला।

हाथियों ने खेतों में लगी खरी फसलों को भी रौंद दिया।

डोरंडा कॉलेज में बीएड विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये शिल्प की प्रदर्शनी लगाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। डोरंडा महाविद्यालय के बीएड विभाग में 3 दिनों से चल रहे कार्यशाला का प्रदर्शनी लगाया गया । यह प्रदर्शनी 2023-25 सेशन के 100 विद्यार्थियों द्वारा लगाया गया । इस कार्यशाला में की होल्डर, वर्ली ,आर्ट और ज्वेलरी मेकिंग सिखाया गया , ताकि आने वाले समय में विद्यार्थी अपना स्वरोजगार भी चला सके। बीएड डिपार्टमेंट के प्रोफेसर नमिता ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए कामना करते हुए सभी विद्यार्थियों को विभिन्न तरह के आर्ट एंड क्राफ्ट की प्रशिक्षण दी और उसके महत्व को भी बतलाया। इस मौके पर अन्य शिक्षिकाओं में नेहा, अमीन, एलिजा ने भी पूरी तरह से सहयोग किया । इस प्रदर्शनी में महाविद्यालय के प्रधानाध्यापक बीपी वर्मा ने सभी विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गए आर्ट एंड क्राफ्ट को की काफी प्रशंसा की और सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी विद्यार्थियों का आशीर्वाद दिया। बी एड डिपार्टमेंट के कोऑर्डिनेटर दीपिका टोप्पो ने विद्यार्थियों को और भी विभिन्न तरह के आर्ट एंड क्राफ्ट बनाने के लिए प्रोत्साहित किया और बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों का हौसला अफजाई भी की । इस प्रदर्शनी कार्यक्रम में डोरंडा महाविद्यालय के प्रधानाध्यापक बीपी वर्मा सहित प्रोफेसर नमिता कुमारी, प्रोफेसर एमलिन केक्रेट्टा , डॉक्टर शांति नागपाल, डॉक्टर दीप्ति कुमारी, डॉक्टर शैलेंद्र कुमार ,डॉक्टर सीमा सिंह, डॉक्टर कुमारी संजू सिंह, डॉक्टर पूनम झा , प्रोफेसर मुक्ति सुचिता बड़ा, प्रोफेसर रिंकू कुमारी, प्रोफेसर मरियम मुर्मू, प्रोफेसर एन तिग्गा , प्रोफेसर मनोज कुमार, प्रोफेसर रवि कुमार सहित स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं स्टाफ सहित विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

एनटीपीसी कोयला खनन ने अपना पहला 100 मिलियन मीट्रिक टन उत्पादन हासिल किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। एनटीपीसी लिमिटेड, अपनी कोयला खनन सहायक कंपनी एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) के माध्यम से भारत की अग्रणी एकीकृत बिजली उपयोगिता ने 25 फरवरी 2024 को 100 एमएमटी कोयला उत्पादन के एक उल्लेखनीय मील के पत्थर को पार करके एक और उपलब्धि हासिल की है।एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड ने 1 जनवरी 2017 को अपनी पहली कोयला खदान, पकरी बरवाडीह में कोयला उत्पादन शुरू होने के बाद से 100.04 स्र्ख्ज्ञ कोयले का उत्पादन कर के 25 फरवरी 2024 को कोयला उत्पादन में 100 स्र्ख्ज्ञ का आंकड़ा पार कर लिया। यह उल्लेखनीय है कि कोयला उत्पादन में पहला 50 एमएमटी 1995 दिनों में 19 जून 2022 को हासिल किया गया था, लेकिन अगला 50 एमएमटी कोयला उत्पादन केवल 617 दिनों में हासिल किया गया है।कोयला उत्पादन में निरंतर वृद्धि हासिल करने के लिए, एनटीपीसी ने कई रणनीतियों और प्रौद्योगिकियों को लागू किया है। इनमें कड़े सुरक्षा उपायों को अपनाना, बेहतर खान योजना, उपकरण स्वचालन, कार्यबल प्रशिक्षण और निरंतर निगरानी और विश्लेषण प्रणालियों का कार्यान्वयन शामिल है। वर्तमान में, एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के पास पांच परिचालन कैप्टिव कोयला खदानें हैं, यानी झारखंड में पकरी बरवाडीह, चट्टी बरियातु और केरंडारी कोयला खदानें, ओडिशा में दुलंगा कोयला खदान और छत्तीसगढ़ में तलाईपल्ली कोयला खदान।यह उत्कृष्ट प्रदर्शन एनटीपीसी की ईंधन सुरक्षा में योगदान देने वाली अपनी कैप्टिव खदानों से कोयला उत्पादन बढ़ाने और देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कुशल आपूर्ति सुनिश्चित करने के प्रति एनटीपीसी माइनिंग की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) वर्ष 2030 तक प्रति वर्ष 100 एमएमटी कोयला उत्पादन का लक्ष्य रख रहा है।

विजय सिंह मतदाताओं से वोट करने की अपील करते नजर आएंगे

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। पैसे और शराब की लालच में आकर मतदान प्रभावित करोगे, संस्कार नाम की चीज है कि नहीं! उक्त संवाद है भाभी जी घर पर हैं के नायक संस्कारी मास्टर जी और झारखंड हजारीबाग केरेडारी के रहने वाले विजय सिंह की । विजय सिंह थिएटर आर्टिस्ट है और कुछ फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं। झारखंड के रहने वाले विजय सिंह आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड के मतदाताओं के बीच मतदान करने के लिए अपील करते नजर आयेंगे।

आठ विषयों पर करें जागरूक : मतदान के प्रति जागरूकता फैलाना के लिए झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न विषयों पर आठ छोटे छोटे दो से तीन मिनट की वीडियो तैयार की गई है। जिसमें अभिनय के माध्यम से दिखाया गया है कि पैसे और शराब की लालच में ना आए, पहले मतदान करें फिर बाकी काम, थर्ड जेंडर भी मतदान करें, फेक वीडियो पर ध्यान ना दे, मतदान करके संतुष्टि मिलेगी, दिव्यांगो के लिए विशेष व्यवस्था की गई है, मतदान सूची में नाम जरुर जोडवाये और सभी मतदान करें।

क्या कहा : झारखंड राज्य के मुख्य निर्वाचन आयोग सीईओ के रवि कुमार ने बताया कि देश का सबसे बडा महापर्व है चुनाव। इस दिन मतदान करना हर व्यक्ति का फर्ज है , खास कर जिसकी उम्र 18 साल से ऊपर है । उन्होंने बताया कि 18 साल से ऊपर वाले युवा युतियां एवं थर्ड जेंडर को भी मतदान करना है इसके अलावा जो दिव्यांग है उनके लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। लोगों में चुनाव के प्रति जागरूक है। इसके लिए निर्वाचन आयोग हर तरह से प्रयासरत है, इस प्रयास की एक कड़ी है कि अभिनेता विजय सिंह जो हाल में भाभी जी घर पर एक प्रसिद्ध सीरियल में काम कर रहे हैं और संस्कार नाम की चीज जैसे संवाद के लिए वह घर-घर तक जाने और पहचाना जा रहे हैं। उन्होंने मतदाताओं को जागरुक करते हुए नजर आएंगे।इस मौके पर अभिनेता विजय के परिवार के सभी सदस्यगण मौजूद थे। वहीं माता पिता को निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सीईओ के रवि,अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार पांडेय ने मंच संचालन किया ।

भारतीय रिज़र्व बैंक वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2024- कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। भारतीय रिजर्व बैंक वर्ष 2016 से प्रत्येक वर्ष पूरे देश भर में वित्तीय शिक्षण संदेशों के प्रसार के लिए वित्तीय साक्षरता सप्ताह मनाता आ रहा है। इस वर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2024 का थीम करो सही शुरुआत बनो वित्तीय स्मार्ट है, जिसे 26 फरवरी से 01 मार्च 2024 के बीच मनाया जाएगा। इस वर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तीन विशेष संदेश है। बचत और कंपार्डेडिंग की शक्ति, छात्रों के लिए बैंकिंग आवश्यकताएँ, डिजिटल और साइबर स्वच्छता । इन युवा व्यस्कों को कम उम्र में ही वित्तीय रूप से साक्षर बनाकर, सामान्य वित्तीय नुकसान से बचने, उनके अंदर एक ठोस वित्तीय नींव का निर्माण करने और दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा और सफलता प्राप्त करने के लिए उन्हें सुसज्जित और मजबूती से तैयार किया जा सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक, राँची क्षेत्रीय कार्यालय ने इस वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के दौरान छात्र समूहों और युवा वयस्कों को लक्षित करते हुए कई आउटरीच कार्यक्रमों की भी योजना बनायी है। साथ ही सभी हितधारकों को वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2024 के संदेशों को यथासंभव व्यापक रूप से बढ़ावा देने और प्रचार-प्रसार करने का आग्रह किया गया है। इस मौके पर उप महाप्रबंधक नाबार्डी बैंक ऑफ इंडिया, भारतीय स्टेट बैंक इंडियन बैंक केनरा बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के राज्य प्रमुख और झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष उपस्थित रहे।

रांची जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची: रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को समाहरणालय में जिला स्तरीय कार्यान्वयन समिति की बैठक की। उपायुक्त ने जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में बैंकों को सालाना वार्षिक योजना में दिये गए लक्ष्य की समीक्षा की। इसमें मुख्य रूप से किसान क्रेडिट कार्ड पर संबंधित अधिकारियों से उपायुक्त ने जानकारी ली। सभी शाखा प्रबंधकों को लक्ष्य ससमय पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में अच्छी उपलब्धि को लेकर सराहा गया। उपायुक्त ने जमा ऋण अनुपात के 43.97 प्रतिशत पर नाराजगी जाहिर करते हुए इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में कम से कम 60प्रतिशत ऋण

उर्वशी पांडे ने रांची जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी के रूप में पदभार संभाला

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : उर्वशी पांडे ने आज जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, रांची के रूप में पदभार ग्रहण किया। डॉ प्रभात शंकर ने उन्हें पदभार सौंपा एवं भविष्य की शुभकामनाएं दी। उर्वशी पांडे झारखंड प्रशासनिक सेवा की चतुर्थ बैच की अधिकारी हैं। इससे पहले वे धनबाद में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी के रूप में कार्यरत थीं। उन्होंने कहा कि जिला में पदाधिकारियों के साथ आपसी समन्वय व सामंजस्य स्थापित करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जायेगा। इस दौरान जिला जनसम्पर्क कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कर्रा प्रखंड के सुदूर क्षेत्रों के बूथों का निरीक्षण किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, खूंटी लोकेश मिश्रा द्वारा लोक सभा चुनाव 2024 के कार्यों के सफल निष्पादन हेतु कर्रा प्रखंड के सुदूर क्षेत्रों के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया गया। इनमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चांपी, राजकीय मध्य विद्यालय, जरियागढ़, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, झापगारी, मध्य विद्यालय, बकसपुर, प्राथमिक विद्यालय, सिमरिमडा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, छाता, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सावडा व प्राथमिक विद्यालय, आटा हैं। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि सभी बुथों पर बिजली, पानी और शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। निर्देश दिया गया कि

आवश्यक होने पर बुथों के भवन परिसर की मरम्मत कराई जानी चाहिए। उन्होंने जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि संबधित अधिकारी से संपर्क कर समस्या का निराकरण करने की दिशा में आवश्यक पहल करें। उन्होंने निर्देश दिया कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए कि कोई भी योग्य मतदाता अपने वोट देने के अधिकार से वंचित ना हो सके। उन्होंने ईवीएम/वीवीपैट का विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में किये जा रहे प्रदर्शन की चर्चा करते हुए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरुक करने का निर्देश दिया। स्वीप के तहत Ethical Voting को लेकर वीडियो सीरीज संस्कारी मास्टर जी का मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा आज रांची में लॉन्च किया गया। जिले में उक्त सीरीज के वीडियो, पोस्टर,फ्लायर को अपराह्न 12:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे के बीच पोस्ट करते हुए हैशटैग अभियान #SanskariMasterJi चलाया गया। इसमें जिले के सभी आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट्स पर पोस्ट किए गए। इसके अतिरिक्त आज सखी मंडल की दीदियों ने मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली, मतदाता शपथ दिलाकर मतदाताओं को जागरूक किया। सभी को निर्वाचन के अवसर पर अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

खुदा की ईबादत मे लोगो ने गुजारी रात, गुनाहो से मांगी माफी

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल पिपरवार कोयलॉचंल क्षेत्र और आस पास के इलाको में शब ऐ बराअत का त्योहार सादगी और अकीदत के साथ मनायी गई।लोगो ने रात भर जागकर खुदा की ईबादत की और अपनी गुनाहो से माफी मांगा। जानकारी के अनुसार दिन मे लोगो ने अपने अपने घरो मे सिरनी और नेयाज फातेहा कराया,जिसके बाद शाम को क्षेत्र के मस्जिदो मे मिलाद उन नबी का आयोजन किया गया।मिलाद उन नबी मे त्योहार के महत्व पर प्रकाश डाला गया।बचरा जामा मस्जिद के ईमाम हाफिज मुमताज ने त्योहार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शब ऐ बराअत की रात खुदा की ईबादत करने वाली रात होती है,शब ऐ बराअत की रात नमाज पढ़ने और कुरान पाक की तिलावत के साथ खुदा की ईबादत करने से लोगो की गुनाहे माफ होती है।इस रात लोग अपने मरहूम पूर्वजो को याद करते है और उसके लिए दुआ मांगते है।अंत मे क्षेत्र, राज्य और देश की खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई।त्योहार के दुसरे दिन सोमवार को लोगो ने एक दिन का रोजा भी रखा।कई लोगो ने अपने अपने घरो मे नमाज पढ़कर खुदा की ईबादत की।इधर त्योहार को लेकर क्षेत्र के सभी मस्जिदों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था।क्षेत्र के बचरा,राय, न्यूमंगरदाहा,कल्याणपूर, बहेरा,पुरानीराय सहित अन्य जगहो पर शब ऐ बराअत का त्योहार अकीदत के साथ मनाया गया।मस्जिदो मे नमाज अदा करने आये लोगो के लिए रात मे चाय की व्यवस्था की गई थी।नमाज अदा करने के बाद लोग कब्रिस्तान गये और अपने पूर्वजो को याद करते हुए उनके लिए दुआ मांगा।वहीं महिलाओं ने भी अपने अपने घरों में रातभर कुरान पाक की तिलावत की और नमाज पढ़कर खुदा की इबादत की।

गोविंदपुर पंचायत में झामुमो ने निकाला न्याय यात्रा, जिला अध्यक्ष जुबेर अहमद हुए शामिल

खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता): पुर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भाजपा के इसारे पर ईडी द्वारा न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के विरोध में न्याय यात्रा कर्रा प्रखंण्ड के गोविंदपुर पंचायत में प्रखंण्ड कार्यकारी अध्यक्ष विनोद उराँव और झामुमो किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मुन्ना हेरेज के अगुवाई में निकाला गय।जिसमे हजारों की संख्या में ग्रामीण जुलूस में शामिल हुए। इस न्याय पदयात्रा में झामुमो जिलाध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष जुबैर अहमद केन्द्रीय सदस्य सुदीप गुड़िया खूँटी जिला मीडिया प्रभारी राहुल कुमार केशरी शमिल हुए। इस अवसर जुबैर अहमद बोले भाजपा के इसारे ईडी जांच के नाम पर परेशान करने का कार्य कर रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कार्य से आदिवासी और मुलवासी अधिक से अधिक लाभान्वित हो रहे थे इससे भाजपा को वोट में डर हो गया था इसलिए झुठे मुकदमे में फंसा कर हेमंत सोरेन को जेल भेज कर झामुमो को कमजोर करने कि नपाक मांशा से कुकृत कर रही है। लेकिन इससे झामुमो और हेमंत सोरेन का विश्वास और अधिक बढ़ गया है और आने वाले समय में हेमंत सोरेन दुगुनी ताकत के साथ वापसी करेंगे। केन्द्रीय सदस्य सह जिला प्रवक्ता सुदीप गुड़िया ने कहा कि अबुआ दिसुम अबुआ राज्य की सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य कर रहे हैं जिससे बीजेपी और विपक्षी पार्टी को नहीं पच रहा है। न्याय पदयात्रा जनसभा में राहुल केशरी ने सम्बोधित किया। और मंच का संचालन जिला मीडिया प्रभारी नामजन होरो ने किया।

न्याय पदयात्रा कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित झामुमो जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ,झामुमो केंद्रीय सदस्य सुदीप गुड़िया झामुमो सोसल मिडिया प्रभारी राहुल केशरी, डॉ बबलू राम बिनोद उरांव, मुन्ना हेरेज, छत्री हेमरोम, पूनम बारला, सुनीता चोचा,नरेश नायक, नामजन होरो,शंभू शर्मा,पोलूश होरो,मुक्ता आईड, निशि केरकेट्टा,रोशन उरांव,खेदन लकड़ा,जोहन होरो, बाका लकड़ा,मसीह कुला, सुधीर होरो, हरवेदन होरो, फागु चोचा,मार्शल होरो, सुनील धान,मगल पहान, राजा गोप,संजय गोप, संजीव सिंह,लाला पहान,समीर होरो,बसील आईड,रतेंद्र उरांव, राजू उरांव, आज के विरोध न्याय पद यात्रा मे महिला मडल की दीदी का अहम योगदान रहा और भी बहुत काफी संख्या में महिला पुरुष युवा- युवती शामिल रहे ।

धान कूटने की मशीन में फंसा महिला का सिर

राहे (प्रभात मंत्र संवाददाता): रांची जिला अंतर्गत राहे थाना क्षेत्र के नावाडीह पंचायत के बंगाबुरू गांव में आज दोपहर को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है।दरअसल एक महिला धान कूटने वाले मशीन की चपेट में आ गई.

जिससे महिला की सिर का बाल समेत चमड़ी (खाल)के साथ कान एवं आंखों भंवे सर से पुरी तरह से अलग हो गया है जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। बताया जा रहा है कि महिला असहनीय दर्द से कराह रही थी बेतहाशा चिल्ला रही थी।घटना के बाद तत्काल ग्रामीणों ने इसकी सूचना 108 एम्बुलेंस और राहे थाना को दी।

जिसके बाद आनन-फानन एएसआई रामपुकार बैठा सदलबल के घटनास्थल पहुंचे और 108 एंबुलेंस से घायल को बेहतर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनाहातु भेज दिया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल महिला को एंबुलेंस की सहायता से रिम्स रांची भेज दिया गया जहां उसकी नाजुक स्थिति बनी हुई थी।महिला की पहचान नावाडीह बंगाबुरू गांव की रहने वाली करीब 35 वर्षीय रेनुका देवी के रुप मे हुई है ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार रेनुका देवी धान कूटने वाले मशीन को बुलाकर घर के बाहर धान कुटवा रही थी इसी दौरान महिला का बाल मशीन के चक्की में फंस गया और रेनुका देवी की सिर का बाल चमड़ी और कान से अलग हो गया है। महिला के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं और महिला का पति रमेश महतो उड़ीसा स्टील प्लांट में काम करता है और इस दुःख की घड़ी में महिला का पति भी उसके साथ नहीं है।

MINOR IRRIGATION DIVISION, CHATRA

e-Procurement Tender Notice

Tender Reference No. WRD/MID/CHATRA/F2-03/2023-24 Date- 26.02.2024

1.	Date of publication of Tender on website	04.03.2024 at 2.00 pm
2.	Last date/Time for submission of e- Tender bids online	16.03.2024 upto 5.00 pm
3.	Last date of online submission of Tender fee & EMD	16.03.2024 upto 5.00 pm
4.	Date of opening of e-Tender	18.03.2024 at 2.00 pm
5.	Name & address of office Inviting tender	Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Chatra.
6.	Contact no. of Procurement officer	9835148687
7.	E-mail of e-procurement Officer	eemidchat-cemr-jhr@nic.in
8.	Helpline number of e-Procurement cell	0651-2214784

Sl No.	Group No.	Name of Scheme	Estimated cost	Time of Completion
1	1	Renovation of Nawa M.I. Scheme, Village Ektara, Block-Mayurhand, Dist.-Chatra	9017100.00	11 Months
2	2	Renovation of Barka Ahar, Village Rabda Block -Pratappur, Dist.-Chatra	4866700.00	11 Months
3	3	Renovation of Barka Ahar/Dariyatu M.I. Scheme, Village Dariyatu Block- Chatra, Dist.-Chatra	9641600.00	11 Months
4	4	Renovation of Upraili Barka Ahar, Village Padampur, Block -Tandwa, Dist.-Chatra	5135300.00	11 Months
5	5	Renovation of Mahananda M.I. Scheme, Village Mahuwari, Block-Mayurhand, Dist.-Chatra	6337000.00	11 Months
6	6	Renovation of Gangasagar Ahar, Village Mayapur Kala, Block -Hanterganj, Dist.-Chatra	4085800.00	11 Months
7	7	Renovation of Danka Ahar, Village Mirpur, Block -Hanterganj, Dist.-Chatra	2891300.00	11 Months

Note :- 1. Only e-Tenders will be accepted.
2. Tender Fee and EMD will be received through online mode only, Bidders can use internet banking facility for faster processing of Tender Fee and EMD. Alternatively, Bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from https://jharkhandtenders.gov.in portal.
3. Refund will only be issued to originated bank account used for the payment of Tender Fee and EMD, so, Bidder are advised NOT to close Bank Accounts used for online payment /(NEFT/RTGS) of tender fee and EMD.
4. No Hard copy/Physical copy is required to be submitted for tender opening/valuation, However, Department may ask original document for verification before award of contract.
5. Estimated value may change.
6. Further details can be seen on website https://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Chatra.

PR 320305 Minor Irrigation(23-24)#D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
SOIL INVESTIGATION DIVISION, ADVANCE PLANNING
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,RANCHI
Nirupan Bhawan, 3rd Floor, Room No. 401, 56-Set, Doranda, Ranchi-834002

e-Procurement (Very Short Tender Notice)
Letter of Invitation (LOI) No.-29/2023-24 (2nd Call)
e-Tender Ref No:–RCD/SID/AP/RAN/29/2023-24 Date:-23.02.2024

1	Name Of Work	Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report (DPR) for strengthening and widening of road from Tetron chowk to Bariyadih paodhashala via chopnadih in Jaynagar Prakhand including Replacement of Culverts and Bridges, Proposal for Construction of new Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Proposal including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Proposal of Utility Shifting in details etc. as required by the Department (If any) under Road Division Koderma in the State of Jharkhand. (Tentative Length -18km) *Empanelled consultant with RCD under categoryI vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022are allowed to Bid.
2	Tentative Length	18.00 km
3	Period of Completion of Work	60 Days
4	Cost of Tender documents	Rs 5,000/- (Five Thousand) only. Non refundable Fee.Tender fee will be recived through online mode only. The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 23,000 as Earnest Money. As per the Departmental Letter no4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Perothen Deposit be received in online mode only through e-procurement (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating sistim Procedure (SOP) issued by Information Technology & eGovernance Department, Government of Jharkhand vide letter no120 dated 03.10.2023.
5	Mode of Bid Submission	e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in)
6	Date/Time of Publication of Tender on Website	27.02.2024,10:30 AM
7	Last Date/Time of Bid Submission	05.03.2024 12:00PM
8	Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD	05.03.2024 12:00PM
9	Date and Time of Bid opening	06.03.2024 12:30 PM
10	Bid validity	120 days
11	Bid Submission Address	Chief Engineer(Communication),Road Construction Department,1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004
12	Designation and Contact no. of Tender inviting Officer	Executive Engineer, Soil Investigation Division,Advance Planning,RCD, Ranchi Mob-9905660677.
13	P.R.NO.-	317468 Road (2023-24)

Note:- Only e-Tender shall be accepted.

sd/-
(Ravi Shankar Pravakar) Executive Engineer,
Soil Investigation Division, Advance Planning,
Road Construction Department, Ranchi

PR 320270 Road (23-24)_D

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़
(जिला खेल शाखा)
दूरभाष : 06553–261555(O)Email ID : dc-ramgarh@gov.in

सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची के पत्रांक 81/उपा0 दिनांक 22.02.2024 के आलोक में गाँधी स्मारक+2 उच्च विद्यालय, रामगढ़ में संचालित बालक फुटबॉल डे–बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र में रिक्तियों को भरने हेतु प्रशिक्षुओं के प्रतिभा चयन ट्रायल का आयोजन दिनांक 29.02.2024 को प्रातः 8.00 बजे सिद्धो–कान्हु स्टेडियम, रामगढ़ में आहुत होगी।

नियम एवं शर्त :–
- जन्म प्रमाण पत्र/आधार कार्ड/संबंधित विद्यालय के प्राधानाध्यापक का जन्म तिथि का सत्यापित प्रति लाना अनिवर्य हैं
- खिलाड़ियो का दांतो की संख्या 28 (आठाईस) से ज्यादा न हो।
- उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की जन्म तिथि दिनांक 01.01.2010 से दिनांक 31.03.2012 के बीच होना चाहिए।
- खिलाडी डे–बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र गाँधी स्मारक+2 उच्च विद्यालय, रामगढ़ से 05 कि0मी0 एरिया के अन्तर्गत होने चाहिए।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी,रामगढ़

PR 320424 (District)23-24*D

उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी
(जिला खेल शाखा)
विकास भवन, ग्राउण्ड फ्लोर, खूँटी, Email ID :- dsokhunti2017@gmail.com

Walk in Interview
संविदा पर नियुक्ति सम्बधित सूचना

जिला खेल कार्यालय, खूँटी के लिए कम्प्यूटर ऑपरेटर की संविदा आधारित नियुक्ति एवं सेवा शर्त्त प्रक्रिया निम्नवत् है :–

क्र0	पद	संख्या	अर्हता	साक्षात्कार की तिथि/स्थान
1	डाटा इन्ट्री ऑपरेटर	1 (एक)	**अनिवार्य योग्यता:–** सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से स्नातक एवं Diploma in Computer Application हो। **कार्य अनुभव:–** ➢ कम से कम तीन वर्षों का कार्य से संबंधित अनुभव होना आवश्यक है। ➢ टाईपिंग स्पीड हिन्दी में प्रति मिनट 30 शब्द (wpm) एवं अंग्रेजी में प्रति मिनट 40 शब्द (wpm) का होना चाहिए। **आयु सीमा:–** ➢ 26.02.2024 तक न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष अधिकतम आयु सीमा – 35 वर्ष	Shortlisted आवेदको के साक्षात्कार एवं कम्प्यूटर परीक्षा हेतु पुनः साक्षात्कार एवं कम्प्यूटर परीक्षा की तिथि एवं स्थान के साथ प्रकाशित की जाएगी।

राष्ट्रीयता :– आवेदक भारतीय नागरिक होना चाहिए।
- यह पद पूर्णता अस्थायी होगा। किसी भी समय अभ्यर्थी को पद मुक्त करने का अधिकार उपायुक्त, खूँटी को सुरक्षित होगा।
- आवेदक को स्थानीय होना आवश्यक है। (खूँटी जिले का)
- आवेदक प्रपत्र http://khunti.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। साथ ही जिला खेल कार्यालय, खूँटी के सूचना पट्ट पर आवेदन पत्र को देखा जा सकता है।
- आवेदन प्राप्ति की तिथि 27.02.2024 से 04.03.2024 तक जिला खेल पदाधिकारी, खूँटी के कार्यालय में (कार्यालय अवधि में) आवेदन विहित प्रपत्र में (स्वलिखित भी) भरकर सीलबंद लिफाफा में अपने स्वहस्ताक्षरित शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं कार्य अनुभव प्रमाण पत्र के साथ जमा करना होगा साथ ही स्वहस्ताक्षरित Diploma in Computer Application का प्रमाण पत्र भी संलग्न करना अनिवार्य होगा।

टिप्पणी :– साक्षात्कार में भाग लेने हेतु कोई यात्रा भत्ता/ दैनिक भत्ता देय नहीं होगा। उपायुक्त, खूँटी किसी भी उम्मीदवार की पात्रता को स्वीकार एवं निरस्त करने का अधिकार रखते है।

उपायुक्त, खूँटी के आदेशानुसार
जिला खेल पदाधिकारी, खूँटी

PR 320342 District(23-24)#D

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची

ई0 प्रोक्योरमेन्ट अति–अल्पकालीन निविदा सूचना
T. Reference No.:- O &M BUNDU-27/2023-24 (2nd Call) Pr No. 317486
Date 23.02.2024

Sl. No.	Name of Work	Estimated Cost (in Lakhs.)	Bid Security (Lakhs.)	Cost of BOQ (Rs.)	Time of Completion
1.	**Annual Operation and maintenance work of 7 MLD capacity W.T.P. Bundu Urban Pipe Water Supply Scheme for the year 2023-24 and 2024-25 Excluding the Energy Cost. under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi.**	**40.46018** Lakh	0.81000 Lakh	5000.00	13 Months
2.	Date of Tender Uploading on Website	29.02.2024/02.00 PM.			
3.	Document Download / Sale Start Date	29.02.2024/02.00 PM.			
4.	Bid Submission Start Date	29.02.2024/02.00 PM.			
5.	Document Download / Sale End Date	06.03.2024/04.00 PM.			
6.	Bid Submission End Date	06.03.2024/04.00 PM.			
7.	Date of Opening of Tender	09.03.2024/11.00 AM.			
8.	Name & Address of Office Inviting Tender	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi.			
9.	Name & Address of Opening Officer	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi.			
10.	Contact No. Of Procurement Office	0651-2480155			
11.	Helpline No. Of e-procurement cell	0651-2480345			

नोट :– 1. निविदा की राशि घट बढ सकती है। विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट – http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची।

PR.NO. 320323 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

जिला अभियंता का कार्यालय
जिला परिषद, रामगढ़

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 09/2023–24

1. निविदादाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिशद, रामगढ़।
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़।
3. परिमाण विपत्र बिक्री हेतु आवेदन प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 05.03.2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक ।
4. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 05.03.2024 को कार्यालय अवधि तक।
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़।
6. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 06.03.2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
7. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 06.03.2024 को 03:30 बजे अपराह्न ।
8. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी : –

ग्रुप सं.	प्रखण्ड	पंचायत/ग्राम	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मुल्य (रु0)	कार्य पुर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	माण्डू	छोटकीडुण्डी	माण्डू प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम बडकी डुण्डी में पंचायत सचिवालय भवन हेतु पहुँच पथ का निर्माण।	22,54,100	46,000	5000	06 (छः) माह
2	रामगढ़	वार्ड संख्या–3–4	वार्ड संख्या–3–4 में मदरसा से लेकर दुसाध मुहल्ला होते हुए बडकी काली मंदिर तक पथ निर्माण।	22,54,200	46,000	5000	06 (छः) माह
3	रामगढ़	वार्ड संख्या–4	सिद्धु– कान्हु मैदान के पीछे मुख्य सड़क तक पी.सी.सी एवं नाली का निर्माण	32,24,100	66,000	5000	06 (छः) माह
4	रामगढ़	वार्ड नं.–6	पतरातु बस्ती वार्ड न. 06 में पंजाब एवं सिन्द बैंक से नन्दु राय के घर तक पी. सी.सी. पथ का निर्माण	5,73,500	12,000	1250	06 (छः) माह
5	माण्डू	रतवे	ग्राम +पंचायत–रतवे में फसरूक मिंया के घर से अर्जुन ठाकुर के घर तक पी.सी. सी. पथ निर्माण	26,25,700	54,000	5000	06 (छः) माह
6	पतरातु	भुरकुंडा	भुरकुंडा बाजार संकट मोचन मंदिर के सामने सहेली स्टोर होतु हुए भाया भारत मेडिकल राजु पाण्डेय जी के राषन दुकान तक 01 किमी पथ निर्माण।	15,82,600	32,000	5000	06 (छः) माह
7	माण्डू	कुजू पूर्वी	कुजू पूर्वी पंचायत के ग्राम मुरपा में कार्तिक मांझी के घर से धनेष्वर मांझी के घर तक पी.सी.सी.पथ निर्माण	14,44,800	30,000	2500	06 (छः) माह
8	माण्डू	माण्डूडीह	माण्डूडीह पंचायत के ग्राम माण्डू में आशीष कुमार के घर से धनेश्वर साव के घर तक पी.सी.सी.पथ निर्माण	20,49,800	42,000	5000	06 (छः) माह
9	पतरातु	रिभर साईड	श्री सुरेन्द्र सिंह के खटाल से श्री शंकर तुरी के घर तक पी.सी.सी. सड़क निर्माण	19,42,700	40,000	5000	06 (छः) माह
10	चितरपुर	मारंगमरचा	ग्राम मारंगमरचा में मंडई से लेकर लखैया पैयन तक पी.सी.सी.पथ निर्माण	38,00,300	77,000	5000	06 (छः) माह

10. निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं० – 9801557645
11. इस निविदा में जिला परिषद, रामगढ़ में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक ही भाग लेंगें।
12. परिमाण विपत्र क्रय हेतु आवेदन के साथ UCAN, आचरण प्रमाण पत्र एवं निबंधन प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
13. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में स्वीकार किया जायेगा जो लौटाया नहीं जायेगा। बैंक ड्राफ्ट District Engineer, District Board, Ramgarh के पदनाम से Payable at Ramgarh देय होगा ।
14. निविदा से संबंधित अन्य शर्ते जिला परिषद, रामगढ़ के कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद,रामगढ़।

PR 320299 (District) 23-24 (D)

झलकियां

सालदोहा में टेंपो-कार में टक्कर, दो घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : सोमवार की दोपहर करीब सवा 12 बजे टाटा-पटमदा मुख्य सड़क पर सालदोहा के समीप स्थित ब्रेकर में जमशेदपुर की ओर जा रही एक टेंपो को पीछे से एक कार ने ठोकर मार दी। इसके बाद सड़क किनारे टेंपो पलट गया जिससे उसपर सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंचे समाजसेवी उमेश चंद्र महतो ने घायलों की मदद करते हुए इलाज हेतु एमजीएम अस्पताल भिजवाया। जबकि कार पर सवार तीनों लोग कार छोड़कर भाग निकले। बताते हैं कि मानगो निवासी टेंपो चालक ने जैसे ही ब्रेकर पर ब्रेक मारा पीछे से तेज रफ्तार से आ रही कार ने अनियंत्रित होकर ठोकर मारने से दोनों ही वाहन क्षतिग्रस्त हो गया है। कार पर सवार लोग बंगाल से जमशेदपुर जा रहे थे।

बाल बाल बचा यात्री, फिसल कर पटरी पर गिर गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : सोमवार तकरीबन साढ़े ग्यारह बजे जम्मू तवी टाटा डाउन एक्सप्रेस 18102 में कानपुर से सफर कर रहे यात्री उमाशंकर की जान बच गई। उसका बचाव हो गया जब वह चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान मुरी स्टेशन पर फिसल कर पटरी पर चला गया। वह वह एस फाइव में था और एस फोर के यात्रियों ने घटना को देख लिया उन्होंने चेन खींची और ट्रेन रुक गई। यात्री वाहन दौड़कर गए। उमाशंकर दो पुत्री के बीच लेटा हुआ था और उसे खींच कर निकाला गया। तब तक गार्ड, आरपीएफ के जवान, सब इंस्पेक्टर, इंस्पेक्टर पहुंच गए। उमाशंकर ने बताया कि वह पत्नी के साथ कानपुर से लौट रहा है और उसे चाईबासा वापस जाना है। मुरी स्टेशन प्रशासन से सूचना पाते ही रेलवे अस्पताल की मेडिकल टीम डॉक्टर के साथ पहुंची। डॉक्टर ने जांच के क्रम में पाया कि उसके कमर में चोट लगी है और पैर में भी खरोंच है। उसे दवाईयां दी गई और जख्म पर तथा पीठ में दर्द निवारक मलहम लगाया गया। घायल उमाशंकर को राहत मिली तो परिजन से पूछ कर रेलवे प्रशासन ने ट्रेन को टाटा की ओर रवाना कर दिया।

कुकडु में भाजपा का युवा चौपाल का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

तिरुलडीह : कुकडू मंडल के प्रखंड अंचल फुटबॉल मैदान में भारतीय जनता युवा मोर्चा का युवा चौपाल कार्यक्रम संपन्न हुआ। मौके पर कार्यक्रम विस्तारक विनोद राय, जिला प्रभारी मिलन सिन्हा, मंडल अध्यक्ष भरत चंद्र महतो, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मृत्युंजय महतो, आईटी सेल सह प्रभारी सुमन मुखर्जी, प्रवीर कुमार महतो, बासु गोप, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सच्चिदानंद महतो, नारायण, रामसिंह रजक, अजित सिंह, अजय सिंह सरदार, सुग्रीव महतो, निधुराम, मंजू सिंह एवं साथ में सैकड़ों कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित थे।

सड़क हादसे में घायल छात्र को भाजपा नेता विनोद राय ने पहुंचाया नर्सिंग होम

प्रभात मंत्र संवाददाता

ईचागढ़ : सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के सिल्ली रांगामाटी सड़क पर डुमटांड़ मोड़ के पास सोमवार को सड़क हादसे में घायल अवस्था में पड़ा हुआ एक मैट्रिक परीक्षार्थी को भाजपा नेता विनोद राय ने उठाकर अपने निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया। युवक का पहचान ईचागढ़ थाना क्षेत्र के पिलीद गांव निवासी 15 वर्षीय परमेश्वर महतो के रूप में किया गया। वह बाइक से मैट्रिक परीक्षा देने जा रहा था, जहां अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। वह सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया। तभी सड़क पर अपने स्कार्पियो गाड़ी से गुजर रहे भाजपा के प्रदेश कार्यकारी समिति सदस्य विनोद राय का नजर सड़क पर पड़े युवक पर पड़ा, उन्होंने तत्काल गाड़ी रोक कर घायल परीक्षार्थी युवक को अपने गाड़ी पर लेकर बासुदेव मेमोरियल नर्सिंग होम टीकर में भर्ती कराया। उन्होंने कहा कि युवक खतरे से बाहर है एवं चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जा रहा है।

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास उद्घाटन

झारखंड में रेलवे नेटवर्क विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं प्रधानमंत्री : राज्यपाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 551 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास एवं 1500 रोड ओवरब्रिज/ अंडरपास का शिलान्यास/ उद्घाटन/ राष्ट्र को समर्पण कार्यक्रम के अवसर पर टाटानगर रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'अमृत भारत स्टेशन योजना' भारतीय रेलवे नेटवर्क की दक्षता और बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में व्यापक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान जैसे उल्लेखनीय पहलों से रेलवे स्टेशनों, प्लेटफार्मों, प्रतीक्षा क्षेत्रों और स्टेशन परिसरों की स्वच्छता और कार्यक्षमता में अहम सुधार हुए हैं। प्रधानमंत्री झारखंड में रेलवे नेटवर्क विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। झारखंड में टाटानगर एवं अन्य

रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास इसी दिशा में एक सार्थक कदम है। राज्यपाल ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना जैसी पहल विकसित भारत विकसित भारत ञ्च2047 की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर साउथ ईस्टर्न रेलवे हाई स्कूल, टाटा में आयोजित '2047 का विकसित भारत विकसित रेल' विषय पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया। इस कार्यक्रम के उपरांत राज्यपाल ने अन्नामृत फ़ाउंडेशन में जाकर वहाँ की कार्यप्रणाली को देखा एवं वृक्षारोपण भी किया। अन्नामृत फ़ाउंडेशन के द्वारा बच्चों को मिड डे मील उपलब्ध कराया जाता है। इस मौके पर सांसद जमशेदपुर विद्युत वरण महतो, उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम अनन्य मित्तल, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल समेत अन्य मौजूद रहे।

एक्सएलआरआइ ने लांच किया एक्सप्लोर पत्रिका

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : एक्सएलआरआइ ने सीइओ लाउंज के सहयोग से एक्सप्लोर नामक पत्रिका का अनावरण किया. यह एक ऐसा अभिनव प्रकाशन है जो शिक्षा जगत और कॉर्पोरेट सेक्टर के बीच की खाई की पाटने का काम करेगी. विचारों और अंतदृष्टि के जीवंत आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के प्रयास से इसकी शुरुआत की गयी है जो प्रबंधन के छात्रों, फैकल्टी व उद्योग जगत के लीडरों के बीच तारतम्य स्थापित करेगी. एक्सप्लोर मैग्जीन में व्यापार व शैक्षणिक परिदृष्यों को शामिल किया जाएगा. इसमें विशेष साक्षात्कार, अत्याधुनिक रिसर्च के साथ ही कई केस स्टडी को भी शामिल किया गया है. एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज ने बताया कि एक्सप्लोर पत्रिका नवीन सोच को एक आकार देने का कार्य करेगी।

उपायुक्त ने आदित्यपुर ननि भवन के शिलान्यास स्थल रद्द होने के कारणों की ली जानकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : उपायुक्त रविशंकर शुक्ला द्वारा सोमवार को गम्हरिया अंचल कार्यालय पहुंचकर वहां के गतिविधियों की जांच की गई। साथ ही, पिछले दिनों मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन द्वारा प्रस्तवित आदित्यपुर नगर निगम के भवन के शिलान्यास होने वाले स्थल के रद्द होने के कारणों की भी उन्होंने जांच की। इसको लेकर उन्होंने निवर्तमान सीओ से पूछताछ करते हुए वर्तमान सीओ को पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। इस दौरान वहां पहुंचे एलआरडीसी और एडीसी ने भी निवर्तमान सीओ, नव पदस्थापित सीओ एवं बीडीओ के साथ मंत्रणा कर उक्त भूखंड से संबंधित दस्तावेजों की जांच किया। विदित है कि पूरे मामले को लेकर उपायुक्त न्यायालय में पक्ष रखने की तैयारी कर रहे हैं।

क्या है मामला :- दरअसल गम्हरिया अंचल के वार्ड तीन स्थित आसंगी मौजा अंतर्गत जमालपुर के खाता संख्या 187 एवं प्लॉट संख्या 88, 93, 94 और 96 में बीते शनिवार को मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन द्वारा आदित्यपुर नगर निगम के प्रस्तावित भवन का शिलान्यास किया जाना था। किन्तु, अंतिम क्षण में जमीन के कथित दावेदार रितेश भालोटिया ने हाई कोर्ट से स्टे आर्डर ले लिया जिससे मुख्यमंत्री का शिलान्यास कार्यक्रम रद्द करना पड़ा।

टाटा स्टील ने 25वें खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह में छह पुरस्कार जीते

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : भारतीय खान ब्यूरो, भुवनेश्वर क्षेत्र के तत्वावधान में भुवनेश्वर में आयोजित 25वें खान पर्यावरण और खनिज संरक्षण सप्ताह 2023-24 समारोह में टाटा स्टील की क्रोमाइट खदानों ने छह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते हैं।

ओडिशा के जाजपुर जिले के सुकिंडा क्षेत्र में कंपनी के फेरो अलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) के तहत संचालित, सरुएबिल क्रोमाइट माइन, सुकिंडा क्रोमाइट माइन और कामार्डा क्रोमाइट माइन ने राज्य की राजधानी में उत्सव के अंतिम दिन विभिन्न श्रेणियों में प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते। व्यवस्थित और वैज्ञानिक विकास में प्रथम पुरस्कार, सतत विकास में प्रथम पुरस्कार, अपनी श्रेणी में समग्र

प्रदर्शन में प्रथम पुरस्कार और वनीकरण में तीसरे पुरस्कार से सम्मानित, स्टील प्रमुख की सरूबिल क्रोमाइट खदान ने इस कार्यक्रम में चमक बिखेरी, जबकि सुकिंदा क्रोमाइट खदान और कामार्डा क्रोमाइट खदान ने शानदार प्रदर्शन किया। टाटा स्टील के कार्यकारी प्रभारी (एफएएमडी) पंकज सतीजा ने कहा, हमें इस उपलब्धि पर बेहद गर्व है और मुझे यकीन है, यह टीम को टिकाऊ खनन प्रथाओं और पर्यावरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को जारी रखने के लिए प्रेरित करेगा। पुरस्कार समारोह में शंभू नाथ झा, प्रमुख (खनन), सुकिंदा क्रोमाइट खदान, नवीन श्रीवास्तव, प्रमुख (खनन), सरुआबिल और कामार्डा क्रोमाइट माइंस, निहार रंजन मित्रा, वरिष्ठ क्षेत्र प्रबंधक, सुकिंदा क्रोमाइट खदान, राजेश एक्का, वरिष्ठ क्षेत्र प्रबंधक, सरुआबिल और कामार्डा क्रोमाइट खदान माइंस, विराज ए वर्लेकर, वरिष्ठ क्षेत्र प्रबंधक, सुकिंदा क्रोमाइट माइन, अरिंदम पाणि, वरिष्ठ प्रबंधक, कामार्डा क्रोमाइट माइनिंग, विश्वरंजन ढल, सहायक प्रबंधक, सुकिंदा क्रोमाइट माइन के साथ-साथ तीन क्रोमाइट खदानों के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

फ्लिपकार्ट ने माल्दा, पश्चिम बंगाल में ग्रॉसरी फुलफिलमेंट सेंटर लॉन्च किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : भारत के स्वदेशी ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने नैक्स्ट-डे ग्रॉसरी डिलीवरी के मामले में अपनी प्रतिबद्धता के चलते माल्दा, पश्चिम बंगाल में एक ग्रॉसरी फुलफिलमेंट सेंटर खोलने की घोषणा की है। यह राज्य में फ्लिपकार्ट का चौथा ग्रॉसरी फुलफिलमेंट सेंटर है जो स्थानीय स्तर पर रोजगार के करीब 700 प्रत्यक्ष तथा परोक्ष अवसरों को पैदा करने के साथ-साथ हजारों स्थानीय सैलर्स, एमएसएमई और क्षेत्र के लघु किसानों के लिए देशव्यापी मार्केट एंट्री का भी इंतजाम करेगा। 1.13 लाख वर्ग फीट क्षेत्रफल में फैले और 1 लाख यूनिट प्रतिदिन की डिस्पैच क्षमता वाले इस ग्रॉसरी फुलफिलमेंट सेंटर से हर दिन बरहामपुर, माल्दा, नॉर्थ बंगाल के इलाकों और झारखंड के कुछ भागों के अलावा बिहार में भागलपुर, देवघर, मुंगेर, पूर्णिया, रामपुरहाट, सहरसा और सिलिगुड़ी तथा सिउड़ी में प्रतिदिन 7,000 से अधिक ऑर्डर की मांग को पूरा करने में सक्षम है। लोकल कंज्यूमर इन्साइट्स के आधार पर, माल्दा के इस नए सेंटर से ग्राहकों को बिस्कफार्म बिस्किट्स, जेके मसाला और स्पाइसेज़, इमामी ऑयल आइटम्स, तथा मिनिकेट राइस समेत कई लोकप्रिय आइटम्स उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा, इस सेंट रसे 5,000 अन्य प्रोडक्ट्स भी उपलब्ध कराने का इंतजाम किया गया है जिनमें आईटीसी, एचयूएल, पी एंड जी समेत कई प्रतिष्ठित एफएमसीजी कंपनियों के डेली ग्रॉसरी आइटम्स की विस्तृत रेंज शामिल है। पश्चिम बंगाल सरकार कृषि मंत्री सोभनदेब चट्टोपाध्याय ने इस मौके पर कहा, मुझे खुशी है कि फ्लिपकार्ट का नया ग्रॉसरी फुलफिलमेंट सेंटर माल्दा, पश्चिम बंगाल में स्थापित हो रहा है जो निश्चित ही राज्य की सामाजिक-आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण मुकाम होगा। पश्चिम बंगाल में फ्लिपकार्ट का लगातार निवेश जारी है जो राज्य की मजबूत स्थानीय अर्थव्यवस्था और कारोबार-अनुकूल माहौल का संकेत है। रजनीश कुमार, चीफ कार्पोरेट अफेयर्स ऑफिस, फ्लिपकार्ट ग्रुप ने कहा, हम पश्चिम बंगाल में अपने चौथे ग्रॉसरी फुलफिलमेंट सेंटर के लॉन्च के साथ राज्य में अपने फुटप्रिंट में विस्तार करते हुए खुशी महसूस कर रहे हैं।

लायंस क्लब भारत, फेमिना और संभव संस्था ने जुगसलाई में लगाया दूसरा डिजिटल मिशन शिविर

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर भारत, फेमिना और संभव संस्था ने संयुक्त रूप से जुगसलाई बलदेव बस्ती में दूसरा डिजिटल मिशन शिविर का आयोजन किया। जहां स्थानीय लोगों का प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड और वृद्धा पेंशन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया गया। लायंस क्लब की डिप्टी कैबिनेट सेक्रेटरी लायन सारिका सिंह ने बताया कि कल हमने गोलमुरी स्थित सी.पी. कम्युनिटी सेंटर में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और वृद्धा पेंशन योजना के अंतर्गत 100 से अधिक लोगों को इन योजनाओं के विषय में बताया था। साथ ही उन सभी का आयुष्मान कार्ड और वृद्धा पेंशन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। जुगसलाई स्थित बलदेव बस्ती में इस शिविर का आयोजन किया। जहां 150 से अधिक लोगों ने अपना आयुष्मान कार्ड और वृद्धा पेंशन के लिए ऑनलाइन आवेदन करवाया। इस दौरान लायंस क्लब की डिप्टी कैबिनेट सेक्रेटरी सह संभव संस्था की अध्यक्ष लायन सारिका सिंह, लायंस क्लब फेमिना की अध्यक्ष लायन सुचित्रा रुंगटा, जेड सी डॉ. मंजुरानी सिंह, लायंस क्लब भारत के कोषाध्यक्ष लायन राजेश कुमार, लायन पी.पुष्पलता, लायन राजेश सिंह, लायन करन गोराई, लायन राजीव कुमार, कुनाल आदि का योगदान रहा।

कमलपुर के नए थाना प्रभारी दीपक कुमार का बुद्धिजीवी मंच ने किया स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : कमलपुर थाना के नए प्रभारी सब इंस्पेक्टर दीपक कुमार ठाकुर का सोमवार को बुद्धिजीवी मंच पटमदा की ओर से बुके देकर स्वागत किया गया। मंच के अध्यक्ष गोपाल कुमार के नेतृत्व में उपाध्यक्ष मदन महतो, सचिव कल्याण कुमार गोराई व हिमांशु कुंभकार ने स्वागत करते हुए मंच द्वारा क्षेत्र में किए जाने वाले सामाजिक कार्यों की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी दीपक कुमार ठाकुर ने बताया कि वे इससे पूर्व जामताड़ा जिले के कर्माटांड़ थाना में पदस्थापित थे और बांग्ला भाषा संस्कृति को भी समझते हैं इसलिए लोगों की समस्याओं को आसानी से समझ सकते हैं और उनका समाधान में भी आसानी होगी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाना, आपराधिक घटनाओं में त्वरित कार्रवाई, लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराना उनकी प्राथमिकता होगी।

लोकसभा के कार्यपालक पदाधिकारी सह बांगुड़दा निवासी जितेंद्र नाथ महतो ने भी नवनियुक्त थाना प्रभारी को बधाई दी है।

पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

खरसावां : पंचायती राज विभाग की ओर से सबकी योजना सबका विकास के तहत ग्राम पंचायत विकास कार्यक्रम के निर्माण एवं सफल संचालन के लिए ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन सोमवार संपन्न हुआ। कुचाई प्रखंड के सभागार में चल रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए सहजकर्ता दल के आठ सदस्यों का चयन किया गया है। जो ग्राम सभा में फैसिलिटेट करेंगे। प्रशिक्षण के लिए दो दलों का गठन किया गया है। इस सम्बंध में बेहतर समझ के लिये ग्रुप एक्टिविटी भी कराया गया।

मीडिया कप क्रिकेट 2024 में हुडको ने दोमुहानी को व जुबिली ने स्वर्णरेखा को हराया

27 फरवरी 2024

पहला मैच :-
खरकई बनाम कालीमाटी एकादश, प्रात : 9बजे,टेल्को ग्राउंड।

दूसरा मैच :-
डिमना बनाम दलमा एकादश, अपराह 1 बजे टेल्को ग्राउंड।

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के तत्वावधान में खेले जा रहे मीडिया कप क्रिकेट 2024 के ड्यूज बॉल टूर्नामेंट में हुडको एकादश और जुबिली एकादश ने अपने मैच जीत लिए।

टेल्को ग्राउंड में खेले गए पहले मैच में हुडको एकादश ने दोमुहानी को 9 विकेट से हरा दिया। टॉस जीत कर हुडको के कप्तान डा संजय पांडे ने दोमुहानी को पहले बल्लेबाजी का आमंत्रण दिया। दोमुहानी की ओर से सलामी बल्लेबाज आनंद कुमार ने 29 और बुलंद इकबाल ने 30 रनों का योगदान दिया। निर्धारित 15 ओवर में इंद्रजीत सिंह पिंटू की कप्तानी वाली दोमुहानी 4 विकेट पर 98 रन ही बना सकी। आशुतोष ने दो तथा सुरेंद्र और संतोष ने एक एक विकेट लिया। जवाबी पारी में हुडको की टीम ने 11 ओवर में 1 विकेट गवाकर मैच अपने नाम कर लिया। मैन ऑफ द मैच आशुतोष ने नाबाद 41 रन की पारी खेली। चाणक्य ने 25 और श्रीनिवास ने 22 रनों का योगदान दिया। एकमात्र विकेट बुलंद इकबाल ने लिया। आज ही खेले गए दूसरे मैच में रोहित सिंह की धमाकेदार बल्लेबाजी की बदौलत जुबिली एकादश ने स्वर्णरेखा एकादश को 22 रनों से हराया। स्वर्णरेखा के कप्तान रत्नेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए जुबिली के कप्तान त्रिलोचन सिंह को आमंत्रित किया। जुबिली ने पहले बल्लेबाजी कर 15ओवर में 4 विकेट पर 143 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज निसार ने 22 और गुलशन ने 15 रन का योगदान दिया। रोहित सिंह ने क्रीज पर आते ही रनों की बरसात कर दी और 26 गेंदों में 7 चौके और 3 छक्के की बदौलत 52 रन बनाए। बाबू वसीम को 2 और मिथुन ने 1 विकेट लिया। जवाब में स्वर्णरेखा एकादश की टीम 15 ओवर में 6 विकेट पर 121 ही बना सकी।, मिथुन ने 19, बाबू वसीम ने 36, कप्तान त्रिलोचन ने तीन विकेट झटके। रोहित सिंह को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया।

गम्हरिया रेलवे स्टेशन के 30 करोड़ की योजनाओं का प्रधानमंत्री ने किया ऑनलाइन शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : अमृत भारत योजना के तहत गम्हरिया रेलवे स्टेशन के विकास के लिए प्रधानमंत्री ने सोमवार को तीन योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास किया। इस दौरान गम्हरिया स्टेशन समेत यशपुर एवं मिरुडीह जंगल फाटक के समीप भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता बास्को बेसरा एवं पद्मश्री छूटनी महतो ने शिलापट्ट अनावरण कर रेलवे रूम इंटरलॉकिंग का विधिवत शिलान्यास किया। इस मौके पर भाजपा नेता राकेश सिंह, महिला जिलाध्यक्ष रश्मि साहू, रितिका मुखी, आजसू युवा जिला अध्यक्ष सन्नी सिंह, अमित

सिंहदेव, अजीत सिंह आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में रेलवे की ओर से स्कूली बच्चों के बीच आयोजित निबंध, भाषण एवं चित्रांकन प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। गम्हरिया रेलवे स्टेशन परिसर में करीब पांच करोड़ की लागत से रेलवे रूम इंटरलोकिंग के अलावा मिरूडीह फाटक और यशपुर फाटक के पास करीब 25 करोड़ की लागत से भीतरी पुल निर्माण का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ मंडल अभियंत्रण कपूर चंद गुप्ता, स्टेशन प्रबंधक गोपाल साहू, पीडब्लूआई एसबी प्रसाद, सीआई नवीन कुमार, मनोज सिंह, वीरेंद्र, आशीष, दुलारी झा, सुनीता मिश्रा समेत काफी संख्या में स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

टाटा एआईए का नई ब्रांड पोजिशनिंग थीम 'हर वक्त के लिए तैयार' लॉन्च

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : देश की जानी-मानी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस (टाटा एआईए) ने अपनी नई ब्रांड पोजिशनिंग थीम ''हर वक्त के लिए तैयार'' लॉन्च की है।

नई थीम उपभोक्ताओं के साथ सीधा जुड़ाव कायम करते हुए उन्हें फिकर-फ्री लाइफ जीने की ओर ले जाती है। ब्रांड की पिछली थीम श्रक्षाकरण की रीतश् को आगे बढ़ाते हुए नई थीम 'हर वक्त के लिए तैयार' ब्रांड के सेफ्टी पर फोकस को और आगे बढ़ाती है। नई थीम के साथ टाटा एआईए उपभोक्ताओं के दिलों को और करीब से छूते हुए हुए उनके जीवन के कई विशेष पलों को और मूल्यवान बनाएगी।नए ब्रांड दर्शन/थीम पर टिप्पणी करते हुए, टाटा एआईए के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर गिरीश कालरा ने कहा कि 'हर वक्त के लिए तैयार' एक स्पष्ट, प्रभावशाली और प्रेरणादायक सब्जेक्ट है, यह उपभोक्ताओं के साथ जुड़ाव कायम करता है, उन्हें नेतृत्व करने में सक्षम बनाता है, उन्हें फिकर-फ्री लाइफ जीने के लिए प्रेरित करता है।

संपादकीय

केजरीवाल के समन

दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल संवैधानिक जांच एजेंसियों के सामने पेश क्यों नहीं होते? क्या आम आदमी इन एजेंसियों के समन को लगातार खारिज कर सकता है? क्या इनके समन को स्वीकार न करना 'असंवैधानिक' नहीं है? अदालत का इस व्यवस्था पर एक स्पष्ट आदेश जरूर आना चाहिए। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई सरीखी एजेंसियों को संवैधानिक, संघीय मान्यता हासिल है कि वे देश के प्रधानमंत्री को भी जांच के लिए तलब कर सकती हैं। केजरीवाल भी संवैधानिक पद पर हैं और संविधान, लोकतंत्र बचाने के नारों पर राजनीति करते रहे हैं। फिर ईडी के समन को बार-बार 'अवैध' करार देना क्या संविधान-सम्मत है? केजरीवाल ने एक बार विधानसभा सत्र और विश्वास प्रस्ताव को बहाना बना कर ईडी और अदालत की पेशी से राहत मांगी थी। राहत तो मिल गई, लेकिन यह सवाल बेहद महत्वपूर्ण है कि केजरीवाल को 70 विधायकों के सदन में 62 विधायकों का प्रचंड बहुमत हासिल है, तो फिर सत्ता-पक्ष को विश्वास-मत का प्रस्ताव क्यों पेश करना पड़ा? विपक्ष ने तो अविश्वास व्यक्त नहीं किया था। इसी तरह केजरीवाल कभी राज्यसभा चुनाव, तो कभी चुनाव-प्रचार का बहाना बना कर ईडी के समन को अस्वीकार करते रहे हैं। एक राजनेता औसतन हर दिन किसी न किसी काम में व्यस्त रहता है, तो क्या जांच एजेंसी के संवैधानिक दायित्व को 'तारपीडो' करता रहेगा? केजरीवाल की कथित शराब घोटाले में उपस्थिति और उनसे पूछताछ इसलिए अहम है, क्योंकि उनके उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया बीते एक साल से जेल में हैं, उन पर मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोप हैं, लिहाजा सर्वोच्च अदालत ने भी उन्हें जमानत नहीं दी है। बल्कि इस मामले में मनी ट्रेल की आशंका जताई है। घोटाला करोड़ों रुपए का है, लेकिन 'आप' के प्रवक्ता दलीलें देते रहे हैं कि सिसोदिया और संजय से एक चवन्नी भी बरामद नहीं हुई, लेकिन जेल का उत्पीडन दिया जा रहा है। यह कुतर्क है। किसी भी ऐसे घोटाले में नकद बरामद नहीं हुआ करते, बल्कि लेन-देन बेनकाब होता है। 'आप' के राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी बीती अक्तूबर से जेल की सलाखों के पीछे हैं और अदालत ने उन्हें भी जमानत नहीं दी है। मनी लॉन्ड्रिंग का कानून ही इतना पेचीदा और सख्त है कि उसमें जमानत मिलना एक कठिन प्रक्रिया है। ये दोनों नेता, 'आप' के भीतर, केजरीवाल के दाएं-बाएं हाथ माने जाते रहे हैं, लिहाजा केजरीवाल को किसी सूचना या साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तारी का अंदेशा और भय स्वाभाविक है। संभव है कि दोनों गिरफ्त नेताओं से पूछताछ के दौरान ऐसा कोई साक्ष्य सामने आया हो, जो केजरीवाल की संलिप्तता की ओर संकेत करता हो, लिहाजा जांच एजेंसी केजरीवाल से भी पूछताछ करना चाहेगी। इसमें असामान्य क्या है? गौरतलब यह भी है कि जब शराब की नई नीति बनाई जा रही थी, उस दौरान शराब के बड़े व्यापारियों को मुख्यमंत्री केजरीवाल से भी मिलाया गया था। इसे भी अपराध न आंका जाए, तो दिल्ली सरकार की कैबिनेट ने जो फैसले लिए थे, उनसे केजरीवाल खुद को अलग कैसे रख सकते हैं? कैबिनेट के फैसले और दायित्व तो 'सामूहिक' होते हैं। केजरीवाल तो दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री हैं। बेशक उन्होंने किसी भी फाइल या विवादित फैसले पर हस्ताक्षर न किए हों, लेकिन कैबिनेट की प्रथम जिम्मेदारी उन्हीं की है। उनका यह संवैधानिक दायित्व है कि वह ईडी के सामने पेश हों।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई सरीखी एजेंसियों को संवैधानिक, संघीय मान्यता हासिल है कि वे देश के प्रधानमंत्री को भी जांच के लिए तलब कर सकती हैं। केजरीवाल भी संवैधानिक पद पर हैं और संविधान, लोकतंत्र बचाने के नारों पर राजनीति करते रहे हैं। फिर ईडी के समन को बार-बार 'अवैध' करार देना क्या संविधान-सम्मत है? केजरीवाल ने एक बार विधानसभा सत्र और विश्वास प्रस्ताव को बहाना बना कर ईडी और अदालत की पेशी से राहत मांगी थी। राहत तो मिल गई, लेकिन यह सवाल बेहद महत्वपूर्ण है कि केजरीवाल को 70 विधायकों के सदन में 62 विधायकों का प्रचंड बहुमत हासिल है, तो फिर सत्ता-पक्ष को विश्वास-मत का प्रस्ताव क्यों पेश करना पड़ा? विपक्ष ने तो अविश्वास व्यक्त नहीं किया था। इसी तरह केजरीवाल कभी राज्यसभा चुनाव, तो कभी चुनाव-प्रचार का बहाना बना कर ईडी के समन को अस्वीकार करते रहे हैं। एक राजनेता औसतन हर दिन किसी न किसी काम में व्यस्त रहता है, तो क्या जांच एजेंसी के संवैधानिक दायित्व को 'तारपीडो' करता रहेगा? केजरीवाल की कथित शराब घोटाले में उपस्थिति और उनसे पूछताछ इसलिए अहम है।

'गाल में इतिहास एक बार फिर अपने आपको दोहराने के मुहाने पर आ गया है

संदेशखाली का संदेश

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

पश्चिमी बंगाल के एक ग्राम नंदी ग्राम को उस गांव के लोगों के सिवा कोई नहीं जानता था। लेकिन सारी दुनिया के वे लोग जो विश्व के सामाजिक आंदोलनों में रुचि रखते हैं, नंदी ग्राम को जानते हैं। नंदी ग्राम के लोगों ने पश्चिमी बंगाल की कम्युनिस्ट सरकार की तानाशाही का विरोध लाठी-गोली खाकर भी किया था। लम्बे अरसे से सरकार में बने रहने के कारण कम्युनिस्टों ने सर्वहारा की तानाशाही का अर्थ सीपीएम की तानाशाही ही समझ लिया था। लेकिन उस वक्त नंदी ग्राम में तानाशाही के खिलाफ इस आंदोलन का नेतृत्व तमाम खतरे उठाकर भी वह ममता बनर्जी कर रही थी जिसने सीपीएम को अपदस्थ करके कोलकाता के राईटर्ज भवन पर कब्जा किया था। उस वक्त सत्ता के नशे में मदहोश कम्युनिस्ट नंदी ग्राम के संदेश को पकड़ नहीं पाए थे। इसका एक कारण यह भी था कि उनका संबंध प्रदेश की आम जनता से टूट चुका था। लगता है बंगाल में इतिहास एक बार फिर अपने आपको दोहराने के मुहाने पर आ गया है। जिला चौबीस परगना का संदेशखाली, जो सरकार चला रही तृणमूल कांग्रेस का गढ़ माना जाता है, पिछले लगभग एक मास से सुर्खियों में है। सुर्खियों में रहने का कारण तृणमूल कांग्रेस के एक बड़े नेता शाहजहां शेख के व्यवहार से हुआ, लेकिन जब ज्वालामुखी फटा तो उसके नीचे से शाहजहां द्वारा बनाया गया ऐसा नर्क सामने आया जिससे किसी का भी दम घुटने लगे। शाहजहां तृणमूल कांग्रेस का नेता है और पार्टी की ओर से जिला परिषद का निर्वाचित सदस्य है। उसके अनेक प्रकार के धन्धे हैं। उनमें से एक मनी लांड्रिंग का भी है। मनीलांड्रिंग का अर्थ है काले धन को सफेद करना। यानी नाजायज साधनों से प्राप्त नाजायज काले धन को सफेद बनाना। हिन्दी वाले इसे धन शोधन कहते हैं, यानी धन को शुद्ध करना। पिछले दिनों प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने मनी लांड्रिंग के मामलों को लेकर उसके घर छापा मारा था। अलबत्ता जब ईडी के बड़े अधिकारी शाहजहां शेख के घर पहुंचे तो उसने उनके स्वागत के लिए पुराने मुगल बादशाह शाहजहां की तरह की ही व्यवस्था कर रखी थी। उसके लोगों ने ईडी के अधिकारियों को घेर लिया और दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। किसी की यह हिम्मत कि शाहजहां के महल पर छापा मारे? ऐसा लगता है कि ममता बनर्जी की पुलिस भी शाहजहां शेख को मुगल बादशाह शाहजहां ही समझ रही थी। पुलिस ने ईडी के अधिकारियों की मदद करने की बजाय उन पर

हमला कर रही शाहजहां की सेना की ही मदद करनी शुरू की। इतना ही नहीं, ईडी के अधिकारियों पर केस दर्ज कर दिया कि उन्होंने शाहजहां के महल में चोरी की है। पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आग उगलनी शुरू कर दी। उनके लिए यह जरूरी था क्योंकि उनके आसपास के लोग उन्हें अग्निकन्या कहते हैं। अग्निकन्या का कहना था कि केन्द्र सरकार उनकी पार्टी के लोगों को बिना कारण के तंग कर रही है। लेकिन शाहजहां शेख इतना मूर्ख नहीं था। वह समझ गया था कि अग्निकन्या को अन्दाजा नहीं कि मामला ज्यादा बढ़ गया है। अब वह ममता बनर्जी की छत्रछाया में रहकर भी बच नहीं पाएगा। मामला सुप्रीम कोर्ट तक जा सकता है। इसलिए वह संदेशखाली में अपना महल और सिंहासन छोड़ कर भाग निकला। अब भाग निकला या पुलिस ने ही भगा दिया, यह अपने आप में अलग जांच का विषय है। वैसे ममता की पुलिस का कहना है कि वह उसे तलाश करने में आकाश-पाताल एक कर रही है। जब वहां के लोगों को यकीन हो गया कि शाहजहां शेख अपनी खाल बचाता घूम रहा है तो उनमें भी अपना दर्द बयान करने का साहस आ गया। लेकिन जब वहां की औरतों ने अपना दर्द बयान करना शुरू किया तो सचमुच भूकम्प आ गया। उनका कहना था कि तृणमूल के कार्यकर्ता बाकायदा घरों में जा-जाकर सर्वे करते हैं। पहली नजर में कोई भी समझेगा कि इसमें क्या बुरा है। सरकार अपनी लोक कल्याणकारी योजनाओं को असली गरीबों तक पहुंचाने के लिए यदि सर्वे कर रही है, तब तो इसका स्वागत ही होना चाहिए। लेकिन पता चला कि शाहजहां के कार्यकर्ता कल्याणकारी योजनाओं के लिए सर्वे नहीं करते, बल्कि परिवारों में सुन्दर विवाहित/अविवाहित औरतों की तलाश में सर्वे करते हैं और जहां से भी सुन्दर औरत मिलती है, उसको उठाकर ले जाते हैं और सामूहिक बलात्कार करते हैं। उनका अपहरण करते हैं। कई परिवार तो शाहजहां के इस सर्वे के आतंक से अपनी युवा लड़कियों को बाहर रिश्तेदारों के पास भेजने लगे थे। यह भी आरोप लग रहे हैं कि इस सर्वे का शिकार हिन्दु लड़कियां ही होती थीं। इनके साथ सामूहिक बलात्कार होता था। इनके पतियों को या तो भगा दिया जाता था या फिर उन्हें वक्त से समझौता करना पड़ता था। और उस मामले में उस वक्त का नाम शाहजहां था। इतना ही नहीं लड़कियों को उठा लेने के बाद धीरे धीरे उनकी जमीन जायदाद पर भी कब्जा कर लिया जाता था। उन सब के लिए संदेश खाली एक जीता जागता दोजख बन गया था। यह शाहजहां की वह 'सरकार' थी जहाँ हिन्दु औरतों को सैक्स के लिए दास बना लिया गया था। लगता है सत्ता के लालच में उन्होंने बंगाल के कुछ हिस्सों की ठेकेदारी कुछ शाहजहाँ जैसे ठेकेदारों को सौंप रखी है जो अपने इलाके की एकमुश्त वोटें 'अग्निकन्या' को दिलवा दें, उसके बाद वे अपनी 'रिआया' के साथ वह सब कुछ करें जो शाहजहाँ और उसकी सर्वे टीम संदेशखाली में कर रही है। लेकिन ममता बनर्जी के लिए इन चीज़ों का कोई अर्थ नहीं है। वे संदेशखाली को इस प्रकार देख रही थी जिस प्रकार कभी सीपीएम नंदी ग्राम को देखा करता था। वे संदेशखाली की औरतों की पीड़ा या तो समझ नहीं पाई या फिर सत्ता के अहंकार में समझना नहीं चाहतीं। ध्यान रखना चाहिए कि संदेशखाली कोलकाता से महज 70 किलोमीटर दूर है। कोलकाता की नाक के नीचे शाहजहां ने वहां की महिलाओं के लिए जितना भयंकर नर्क तैयार किया हुआ था, वह सरकारी मशीनरी की प्रत्यक्ष-परोक्ष सहायता के बिना सम्भव नहीं है। ममता बनर्जी ने संदेशखाली की इन महिलाओं को सबक सिखाने की सोची। उन्होंने संदेशखाली में किसी के भी जाने पर पाबंदी लगा दी। धारा 144 लगा दी। यानी तगड़ा मारे भी और रोने भी न दे। पत्रकारों को रोका ही नहीं गया, बल्कि उनको कैमरों के सामने ही गिरफ्तार कर लिया। पश्चिमी बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेन्दु अधिकारी को संदेशखाली जाने के लिए कलकत्ता हाई कोर्ट जाना पड़ा। ममता की सरकार इतनी निर्मम हो गई है कि न तो उसे पीड़ित शोषित महिलाओं की चीखें सुनाई दे रही हैं और न ही वे किसी और को उनकी सहायता के लिए जाने देना चाहती हैं। रहा प्रश्न बंगाल के नए शाहजहां का, कहा जाता है कि वह पुलिस की पकड़ से बाहर है।

नंदी ग्राम के लोगों ने पश्चिमी बंगाल की कम्युनिस्ट सरकार की तानाशाही का विरोध लाठी-गोली खाकर भी किया था। लम्बे अरसे से सरकार में बने रहने के कारण कम्युनिस्टों ने सर्वहारा की तानाशाही का अर्थ सीपीएम की तानाशाही ही समझ लिया था। लेकिन उस वक्त नंदी ग्राम में तानाशाही के खिलाफ इस आंदोलन का नेतृत्व तमाम खतरे उठाकर भी वह ममता बनर्जी कर रही थी जिसने सीपीएम को अपदस्थ करके कोलकाता के राईटर्ज भवन पर कब्जा किया था। उस वक्त सत्ता के नशे में मदहोश कम्युनिस्ट नंदी ग्राम के संदेश को पकड़ नहीं पाए थे।

दृष्टि कोण

भारत में घट रहे रेगिस्तान के जहाज, युद्धस्तर पर संरक्षण की जरूरत

ऊंट का जिक्र आते ही रेगिस्तान का ख्याल एकाएक मन में आ जाता है। एक समय रेगिस्तान में यातायात का मुख्य साधन रहा ऊंट अब संकट में है। इनकी संख्या न केवल भारत में, बल्कि दुनिया में घट रही है। शायद यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2024 को ऊंट वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा की है, ताकि लोगों का ध्यान ऊंट के संरक्षण की तरफ भी जाए। दुनिया के 90 देशों में ऊंटों के संरक्षण और इनकी संख्या को बढ़ाने के लिए प्रयास चल रहे हैं। भारत में राजस्थान में सर्वाधिक ऊंट पाए जाते हैं और यहां भी पिछले कुछ सालों में सरकारी स्तर पर कुछ कार्य हुए हैं। खासकर वर्ष 2014 में राजस्थान सरकार ने ऊंट को राज्य पशु घोषित किया था और वर्ष 2015 में राज्य सरकार राजस्थान ऊंट (वध का प्रतिषेध और अस्थाई प्रजनन या निर्यात का विनियमन) अधिनियम लेकर आई, इसके तहत ऊंट के राज्य से बाहर निर्यात पर पाबंदी

लगी। हालांकि, बाद में एक सक्षम प्राधिकार को ऊंटों के राज्य से बाहर निर्यात के लिए परमिट जारी करने का अधिकार दे दिया गया। सच्चाई यह है कि परमिट पाना आसान प्रक्रिया नहीं है और इसमें लंबा समय लगता है। उत्तरी अफ्रीका और मध्य एशिया के ऊंटों को असली ऊंट माना जाता है। इनमें ड्रोमेडरी (एक कूबड़ वाला ऊंट) और बैक्ट्रियन (दो कूबड़ वाला ऊंट) हैं। भारत में राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, हरियाणा में मुख्य रूप से ऊंट पाए जाते हैं, लेकिन राजस्थान में सर्वाधिक 2.14 लाख ऊंट हैं, जबकि देश भर में इनकी संख्या 2.50 लाख से कम हो गई है। वर्ष 2012-19 के बीच हुए एक सर्वे में पता चला था कि भारत में ऊंटों की संख्या तेजी से कमी आई है। देश में यह डेढ़ लाख घटकर 2.52 लाख ही रह गए थे। वर्ष 2019-23 के बीच यह संख्या और घटी है। नागालैंड और मेघालय जैसे राज्यों में तो अधिकारिक रूप से ऊंट समाप्त हो चुके हैं। राजस्थान में ऊंट की गोमठ, नांचना, जैसलमेरी, मेवाड़ी, अलवरी, सिंधी, कच्छी और बीकानेरी प्रजाति पाई जाती हैं। राजस्थान के लोकदेवता पाबूजी को ऊंटों का देवता कहते हैं। गुजरात में तो समुद्र में तैरने वाले ऊंट भी मिलते हैं। यह कच्छ की खराई किस्म के ऊंट हैं, जो हर रोज समुद्र में विचरण करते हैं और समुद्री वनस्पति मैंग्रूव को खाते हैं। हालांकि, पिछले कुछ सालों में उद्योगों के विस्तार के कारण मैंग्रूव खत्म हो रहे हैं और खराई ऊंटों के लिए खाने की समस्या आ रही है। अब पूरे गुजरात में 4500 हजार से आसपास खराई ऊंट ही बचे हैं। ऊंटों को संरक्षण देने के कई प्रयास हो रहे हैं। भारत सरकार ने वर्ष 1984 में बीकानेर में उष्ट्र परियोजना निदेशालय की स्थापना की थी। वर्ष 1995 में इसे राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केंद्र में तब्दील कर दिया गया। राजस्थान सरकार ने वर्ष 2023 में उष्ट्र संरक्षण योजना के तहत टोडियों (ऊंट के बच्चे) के जन्म पर दो किश्तों में 10 हजार रुपए ऊंट पालक को बतौर प्रोत्साहन राशि देने प्रारंभ किया था। रेगिस्तान के जहाज की संख्या घटना वाकई चिंताजनक है। संयुक्त राष्ट्र ने तो ऊंट वर्ष घोषित कर दिया है, लेकिन भारत में भी ऊंटों को बचाए रखने के युद्ध स्तर पर प्रयास करने की अतिआवश्यकता है। ऐसा न हो कि कुछ वर्षों में ऊंट केवल किताबों के चित्रों में ही देखने को मिलें।

रामगढ़ आस-पास की खबरें

हज़ारीबाग लोकसभा की रेल सेवाओं में जुड़ी उपलब्धियां, प्रधानमंत्री ने किया विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

मोदी के नेतृत्व में बन रहा विकसित हज़ारीबाग : सांसद

प्रभात मंत्र संवाददाता

भुरकुंडा : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को 41,000 करोड़ से अधिक की लगभग 2,000 रेल परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। 'प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत देश के 553 रेलवे स्टेशनों का ?19,000 करोड़ से अधिक की लागत से पुनर्विकास किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत झारखंड के 18 रेलवे स्टेशनों का लगभग 579 करोड़ की लागत से पुनर्विकास एवं नवीनीकरण होगा। हज़ारीबाग लोकसभा अंतर्गत रामगढ़ कैंट रेलवे स्टेशन का लगभग 17 करोड़ से पुनर्विकास किया जायेगा। सांसद सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा भुरकुंडा रेलवे स्टेशन से इस कार्यक्रम

से क्षेत्रवासियों के साथ जुड़े। प्रधानमंत्री ने हज़ारीबाग लोकसभा को रेल संबंधी कई सौगात दीं। उन्होंने भुरकुंडा-पतरातू, पतरातू-टोकीसुद, टोकीसुद-हेन्देगीर और मुरी-बरकाकाना में रेल अंडरपास व ओबरब्रिज के निर्माण कार्य का उद्घाटन कर इन्हें क्षेत्रवासियों को समर्पित किया और रामगढ़ कैंट रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस सुअवसर पर जयंत सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हज़ारीबाग लोकसभा में रेल सेवाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। आज का दिन हम सभी क्षेत्रवासियों के लिए ऐतिहासिक है। रेल अंडरपास व ओबरब्रिज के उद्घाटन से यात्रियों को अत्यंत सुविधा होने वाली है। जनता को जाम से निजात मिलने के साथ अब उनके समय की बचत भी होगी।

रामगढ़ कैंट स्टेशन का पुनर्विकास होने से यात्री सुविधाओं में अभूतपूर्व बढ़ोतरी होने वाली है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुराने प्रतीक्षालय, बुकिंग कार्यालय, लाउंज, कैफेटेरिया एवं शौचालय का जीर्णोद्धार होगा। इसके साथ ही प्लेटफॉर्म में सुधार समेत स्टेशन एवं स्टेशन के बाहर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था, वाहन पार्किंग, सीसीटीवी कैमरे, स्टेशन भवन में सौर पैनलों की स्थापना, कम ऊर्जा वाली एलइडी लाइट, वर्षा जल संचयन, जैव शौचालय आदि का भी प्रावधान किया जाएगा। मैं इन सभी सौगातों के लिए क्षेत्र की जनता की और से प्रधानमंत्री जी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।इसके आलावा हज़ारीबाग लोकसभा वासियों को रेल सेवाओं की एक और खुशखबरी मिली है। सांसद जयंत सिन्हा के प्रयासों से चैनपुर रेलवे स्टेशन पर शक्तिपुंज एक्सप्रेस और पतरातू रेलवे स्टेशन पर रांची-बनारस इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव को स्वीकृति मिल गई है। जयंत सिन्हा ने 26 फरवरी को चैनपुर रेलवे स्टेशन पर शक्तिपुंज एक्सप्रेस के ठहराव का उद्घाटन किया। वे इन ट्रेनों के ठहराव के लिए काफी समय से प्रयासरत थे।जयंत सिन्हा ने कहा कि इन ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित होना हम सभी क्षेत्रवासियों के लिए हर्ष की बात है। इससे यात्रियों को अत्यंत सुविधा होने वाली है। हम सबका साथ और सबका विकास के मूलमंत्र के साथ काम कर रहे हैं। हमारा प्रयास यात्रियों के लिए सदैव हर बेहतर सुविधा सुनिश्चित करवाना रहा है। क्षेत्र में रेल संबंधी विभिन्न विकास कार्य जारी हैं।

उरीमारी के लिफ्टर संघ ने विभिन्न समस्याओ को ओपी प्रभारी के समक्ष रखा

प्रभात मंत्र संवाददाता

उरीमारी : उरीमारी ओपी में नव पदस्थापित प्रभारी रामकुमार राम से उरीमारी के लिफ्टर संघ के सदस्यो ने सोमवार को शिष्टाचार मुलाकात की। वहीं लिफ्टर संघ के लोगों ने सर्वप्रथम उरीमारी ओपी प्रभारी को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके तत्पश्चात संघ के लोगों ने व्यापक समास्याओं को उनके समक्ष रखा।वहीं लिफ्टर संघ के सदस्यो ने अन्य विभिन्न समस्याओ पर गहनतापुर्वक चर्चा किया। वहीं ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने कहा कि लिफ्टर संघ की जो भी समस्याएं हैं उन्हें जल्द ही हल कर लिया जाएगा। और उन्होंने यह भी कहा कि उरीमारी क्षेत्र में किसी भी सुरत में अपराध को पनपने नहीं दिया जाएगा। पुलिस और पब्लिक की तालमेल से क्षेत्र को अपराध मुक्त रखा जाएगा। ओपी प्रभारी से मिलने वालों में लिफ्टर संघ के जुगेश्वर बेदिया, शंकर साव,रामदुलार साव, संजय यादव, दिलीप मेहता, कामेश्वर साव, मनोज यादव आदि लोग थे।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के भुरकुंडा खंड का वनभोज कार्यक्रम संपन्न

भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता): पूर्व घोषित कार्यक्रम के निमित्त राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के भुरकुंडा खंड का वनभोज कार्यक्रम फुटबॉल ग्राउंड बरकाकाना में संपन्न हुआ । जिसमे तरुण बाल एवं महिला सैकड़ो स्वयं सेवक शामिल हुए । कार्यक्रम में स्वस्थ रहने हेतु उम्र के हिसाब से कई प्रकार के खेल खेला गया ,सामूहिक गीत गया गया एवं विभाग कारवाह के द्वारा समाज एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण रहने हेतु उपस्थित स्वयं सेवकों को बौद्धिक दिया गया । वंदे मातरम - भारत माता की जय ।रविदास जयंती के मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रामगढ़ की ओर से वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर रांची विभाग संघचालक विवेक भसीन मौजूद रहे और 200 से अधिक की संख्या में स्वयंसेवक और उनके परिवार के लोग मौजूद रहे। इस दौरान संघ के स्वयंसेवकों द्वारा हर आयु वर्ग के लोगों ने अलग-अलग प्रकार के खेल खेले। इसके बाद

विभाग संघचालक विवेक भसीन ने रविदास जयंती पर अपना संबोधन दिया। उन्होंने राष्ट्र के प्रति रविदास जी के समर्पण और त्याग पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने समाज को एक नई दिशा दी जिसकी वजह से हिंदू समाज समरस होता चला गया। हालांकि उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे कई दुर्जन शक्ति होते हैं जो समाज को बांटने का काम करते हैं। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा भारत माता की प्रार्थना की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों ने भोजन का आनंद उठाया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कई पदाधिकारी और समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस रन रांची के विभाग प्रचारक मंटू कुमार, सह विभाग कार्यवाह शशि कुमार, रामगढ़ नगर संघ चालक प्रवीण झा, सह जिला कार्यवाह लव श्रीवास्तव,जिला प्रचार प्रमुख विश्वजीत, लव कुमार महतो, धर्मेंद्र कुमार, घनश्याम राणा, सूरज कुमार, संतोष स्वर्णकार,दुर्गा वाहिनी के जिला अध्यक्ष अनामिका श्रीवास्तव, सनी कुशवाहा, मुखिया लव महतो, संजीव कृष्ण जमुवार, कौशलेंद्र कुमार, सत्यम कुमार, अवधेश वर्मा, देव कुमार सुमित कुमार, प्रकाश सहित कई स्वयंसेवक मौजूद रहे।

सांसद जयंत सिन्हा की अथक प्रयास से चैनपुर रेलवे स्टेशन में शक्तिकुंज एक्सप्रेस का होगा स्टॉपेज

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद जन-जन के नेता जयंत सिन्हा के अथक प्रयास चैनपुर रेलवे स्टेशन में शक्तिपुंज एक्सप्रेस का उद्घाटन होगा वहां की एवं आसपास के गांव के ग्रामीणों का लगातार लंबी समय से मांग था इस कार्य के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेल मंत्री अश्वनी कुमार सांसद जयंत सिन्हा मांडू विधानसभा क्षेत्र के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल को बहुत-बहुत बधाई बधाई देने वालों में जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता पूर्व जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह रामगढ़ नगर परिषद भाजपा अध्यक्ष मनोज गिरी सांसद प्रतिनिधि अरविंद कुमार सांसद प्रतिनिधि जागेश्वर प्रजापति राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा लोकेश सिंह विनोद बिहारी हीरालाल तिवारी महतो रतन प्रसाद साहू सुनील प्रसाद साहू संजय शाह लक्ष्मण साहू पोखलाल महतो इंद्रदेव ठाकुर अजय सिंह प्रकाश महतो सुरेश महतो राजेश कुशवाहा देवेंद्र गिरी विजय गिरी राजेश कुमार वीर रंजीत प्रसाद साहू राजेश प्रजापति तेज नारायण कुशवाहा दुलाल पांडा प्रमोद यादव अनिल यादव अर्जुन कुशवाहा रोहन लाल विनोद प्रसाद देवनाथ कुशवाहा रवि कुशवाहा अजय कुशवाहा हरिनारायण कुशवाहा सुखदेव प्रसाद सोनी दशरथ प्रसाद केसरी जनक प्रसाद साहू प्रदीप सिंह सिंह राजेश महतो भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

संक्षिप्त खबरें

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के रूप में शकील अहमद ने प्रभार ग्रहण किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के रूप में शकील अहमद ने कार्यालय अवधि में अपने कार्यालय पहुंच योगदान दिया। इसके पश्चात समाहरणालय पहुंच उपायुक्त अबु इमरान को पुष्प गुच्छ भेंट कर शिष्टाचार मुलाकात किया। उन्होने जनसंपर्क कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता है कि राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से विभिन्न माध्यम से प्रचार प्रसार करते हुए आम जनों को जागरूक करें। जिससे सभी योग्य लाभुक जागरूक होकर योजनाओं का लाभ ले सकें। शकील अहमद मंगलवार को निवर्तमान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाइक से पदभार ग्रहण करेंगे। निवर्तमान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाइक ने कहा कि पूरे कार्यकाल में चतरा जिला में जनसंपर्क कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मी जैसा टीम मुझे कभी नहीं मिला।

डीएमएफटी मद से संचालित योजनाओं व नीति आयोग द्वारा निर्धारित इंडिकेटर का समीक्षा बैठक संपन्न

विकास योजनाओं को 10 मार्च तक पूर्ण कराएं : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद जिले में संचालित विकास योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम उपस्थित सभी कार्यकारिणी एजेंसी के कार्यपालक अभियंता को कहा एकरारनामा के अनुसार जिस योजनाओं की अवधि पूर्ण हो चुकी है और वो योजना अपूर्ण है। वैसे योजनाओं को 10 मार्च तक हर हाल में पूर्ण कराएं अन्यथा संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके पश्चात नीति आयोग द्वारा निर्धारित इंडिकेटर की समीक्षा की गई। मुख्य रूप से स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, बेसिक इन्फ्रास्ट्रचर, कौशल विकास से संबंधित सभी इंडिकेटरों की बारी बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वहीं बैठक में जिला योजना पदाधिकारी शिशिर पंडित द्वारा बताया गया कि नीति

आयोग द्वारा निर्धारित आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत पूरे देशभर में 112 आकांक्षी जिलों कि सूची में चतरा जिला माह जनवरी 2024 में 43वां स्थान प्राप्त किया है। इस संदर्भ उपायुक्त ने नाराजगी जताते हुए बेहतर कार्य एवं महीने के 15 तारीख को किए गए कार्यो का डेटा एंट्री करने का निर्देश दिया साथ जिन विभागों द्वारा बेहतर कार्य किया गया है उससे संबंधित सफलता की कहानी बनाने का भी निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, सिविल सर्जन चतरा जगदीश प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला योजना पदाधिकारी शिशिर पंडित, सभी संबंधित कार्यकारिणी एजेंसी के कार्यपाल अभियंता व कन्नीय अभियंता, पीरामल फाउंडेशन के नीतीश कुमार, नेहा कुमारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

शबरी पूजा सह भुईयां मिलन समारोह में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी

प्रभात मंत्र संवाददाता

कुंदा : प्रखंड मुख्यालय में आयोजित माता शबरी पूजा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी दीप प्रज्जित कर व फीता काटकर उद्घाटन किया।पूर्व मुख्यमंत्री मांझी ने अपने संबोधन में कहा कि शुरू से लेकर अभी तक सही रूप पूजा कोई कर रहा है तो वह है मांझी,भारती और दलित जाति के लोग क्योंकि हम लोग नाम के आगे राम लगाते है।और पूजा तन मन धन से करते हैं।वही पूर्व मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि 76 वर्षो के बाद भी समानवादी शिक्षा देश में आज तक लागू नहीं हुआ जिसके कारण आज भी जीता जागता उदाहरण है जज का बेटा जज कलेक्टर का बेटा कलेक्टर और मजदूर का बेटा मजदूर बन रहा है। समानवादी शिक्षा व्यवस्था लागू न होने के करण ही आज भुईयां समाज का साक्षरता दर न्यूनतम स्तर पर है। जिसके कारण देश में जातिवाद आरक्षण की भावना उत्पन्न हो रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि यदि बिहार में आगामी चुनाव में 20 से अधिक सीटे आती है तो हम लोग बिहार में शराबबंदी कानून लागू होने से पहले जनजागृति करना चाहिए था।उन्होंने कहा की शराब कोई खराब चीज नहीं है।लेकीन लिमिट में सेवन करना चाहिए।यहाँ शराब तस्कर सिर्फ मालोमाल हो रहे हैं।और आर्थिक रूप से कमजोर लोग का आर्थिक दोहन हो रहा है क्योंकि बिहार के पड़ोसी राज्यों में शराबबंदी कानून लागू नहीं है।

भाजपा लाभार्थी संपर्क अभियान की बैठक हुई सम्पन्न

गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड मुख्यालय में स्थित भारतीय जनता पार्टी गिद्धौर मंडल का लाभार्थी संपर्क अभियान की बैठक बटेश्वर शिव मंदिर में सोमवार को किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा प्रखंड अध्यक्ष ने किया। संचालन महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि एक से चार मार्च तक गिद्धौर मंडल के अंतर्गत सभी पंचायत के लाभार्थी के घर पहुंचकर संपर्क किया जाएगा।एवं लाभार्थी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा संचालित केंद्र की योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं।उनके घर लाभार्थी की समृद्धि मोदी की गारंटी से संबंधित पत्र देकर आभार जताया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से दर्जनों लोग उपस्थित थे।

एक मार्च को प्रधान मंत्री टोरी शिवपुर रेल-लाइन तिनिकरण का ऑनलाइन करेंगे उद्घाटन

टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता): भारत सरकार के पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान के सिद्धांत को कोयला क्षेत्र में समाहित करते हुए एवं कोयला सम्प्रेषण मे क्वान्टम-जंप लाने हेतु टोरी शिवपुर रेल-लाइन तिनिकरण प्रस्तावित है। टोरी शिवपुर रेल-लाइन का दोहरिकरण पूर्व मे मार्च 2021 मे किया गया था और ये उपयोग मे है। यह रेल्वे कॉरिडॉर न केवल सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की भिन्न परियोजनाओं (औनगोइंग / अपकमिंग / फ्युचर) की सम्प्रेषण आवश्यकताओं, अपितु भारत सरकार द्वारा आवंटित सरकारी / प्राइवेट माइंस की सम्प्रेषण आवश्यकताओं को भी पूरा करेगा। जहाँ एक तरफ़ वर्तमान मे सम्प्रेषण क्षमता 40 से 45 मिलियन टन प्रति वर्ष से बढ़कर 100 मिलियन टन प्रति वर्ष हो जयेगी, वहीं सरकार द्वारा आवंटित सरकारी / प्राइवेट माइंस के आ जाने से इस रेल-लाइन की उपयोगिता और बढ़ जायेगी। टोरी ङ्क शिवपुर रेल-लाइन का निर्माण पूर्व-मध्य- रेलवे द्वारा किया जा रहा है। यह एक रेलवे समर्पित गलियारा है जिसका उपयोग कोयले के सम्प्रेषण हेतु की जानी है। तिहरिकरण की लागत 894 करोड रूपए है। इसकी लंबाई 44.37 किलोमीटर है, एवं जिसमे कुल 6 मध्यवर्ती रेलवे स्टेशन (साईडिंग) हैं। बिराटोली, कुसुमाही, बालूमाथ, बुकरू, मनातू एवं फूल्बसिया । इस रेल-लाइन के आने पर रेल माध्यम से कोयला परिवहन में अप्रत्याशित वृद्धि आएगी तथा सिस्टम में गति, दक्षता एवं पर्यावरण संरक्षण का समावेश होगा। ग्रीन-हाउस गैसों के उत्सर्जन एवं उनके मनुष्यों पर हो रहे दुष्प्रभावों मे भी कमी आयेगी। इस प्रकार लोडिंग एवं परिवहन क्षमता में वृद्धि करते हुए कोयले की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इन बातों के मद्देनजर इस टोरी शिवपुर रेल-लाइन तिनिकरण का उद्घाटन किया जा रहा है।

हेल्थ स्टेशन का उद्घाटन विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया

जिला परिषद रोहणी देवी और डॉक्टर अशोक कुमार ने फीता काट कर किया शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखण्ड क्षेत्र के सीकरी गांव में हेल्थ स्टेशन का उद्घाटन विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्या रोहणी देवी, डॉक्टर अशोक कुमार करमाली ने संयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया । अतिथियों ने हेल्थ सेंटर के संचालक डॉक्टर विनय कुमार मेहता को फूलों फलों की कामना किया और कहा कि इस तरह सुदूरवर्ती क्षेत्र में हेल्थ सेंटर खुलने से ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिलेगा। वहीं हेल्थ स्टेशन के संचालक डॉक्टर विनय कुमार ने बताया कि हमारे हेल्थ सेंटर में सभी तरह के बीमारियों से ग्रसित मरीजों के लिए सभी सुविधाएँ

उपलब्ध है। साथ हीं कम खर्च में सभी तरह की बीमारियों का इलाज समुचित तरीके से किया जाएगा। महिला मरीज के लिए विशेष सुविधा मौजूद है और डॉक्टर भी मौजूद रहेंगे। यह हेल्थ सेंटर 24 घण्टे संचालित रहेगा। मौके पर पहुंची महिला मरीज को डॉक्टर अशोक कुमार ने जांच कर दवाइयां पर्ची में लिख उचित परामर्श दिया। हालांकि इस तरह गांव में हेल्थ सेंटर खुलने से ग्रामीण काफी उत्साहित थे। कहा कि अब साध्य रोग के इलाज के लिए दूर जाना नहीं पड़ेगा। मौके पर डॉक्टर विनय की पत्नी नूतन कुमारी, कैलाश महतो, सुरेश महतो, संतोष महतो, नागेश्वर महतो, महाबीर महतो, सुनील महतो, दिलीप महतो, सुरेंद्र महतो, इंद्रदेव महतो के अलावे दर्जनों महिला पुरुष शामिल थे।

लोहड़िया जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग झारखंड विधानसभा में गूंजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : झारखंड में लोहड़िया जाति की वर्तमान सामाजिक स्थिति को लेकर झारखंड विधानसभा में सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने सवाल उठाया है।उन्होंने सदन के माध्यम से राज्य सरकार से जवाब मांगा है कि झारखंड में करीब 4500 लोहरिया जाति की आबादी वर्षो से पीढ़ी दर पीढ़ी रह रही है।लेकिन राज्य सरकार ने जवाब में कहा है कि इस संबंध में कोई संपुष्ट आंकड़ा विभाग को उपलब्ध नहीं है।विधायक किशुन कुमार दास ने सरकार से जानना चाहा कि लोहड़िया जाति बिहार सरकार कल्याण विभाग के वेलफेयर मैन्युअल गजट के 1950 ई के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति के सूची में दर्ज है जिसका क्रमांक 20 पर लोहडिया अंकित है जिसे सन 1956 के संशोधित मैन्युअल गजट लोहरिया के

स्थान पर लोहरा/ लोहारा अंकित कर दिया गया जो टंकनीय भूल है। राज्य सरकार से लहरिया जाति के रहन-सहन रीति रिवाज भी अनुसूचित जनजाति में वर्णित जातियों की तरह है ।लेकिन लोहड़िया जाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित करने के बिंदु पर डॉ रामदयाल मुंडा जनजाति कल्याण शोध संस्थान रांची से प्रतिवेदन की मांग की गई है लेकिन प्रतिवेदन अब तक अब अप्राप्त है। संस्थान के द्वारा सूचित किया गया है कि अध्ययन अभी प्रक्रियाधीन है। लोहड़िया जाति को बिहार में अनुसूचित जनजाति का दर्जा प्राप्त है ।लेकिन झारखंड के कई अंचलों में लोहड़ियाजाति को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र नहीं बनाया जा रहा है जिससे वर्णित जाति मूलभूत सुविधाओं से अब तक वंचित है ।हालांकि राज्य सरकार ने विभागीय परिपत्र संख्या 1754, दिनांक 25 फरवरी 2019 एवं अन्य अनुषंगी परिपत्रों के द्वारा जाति प्रमाण पत्र निर्धारित करने हेतु विस्तृत अनुदेश निर्गत है जिसके आलोक में झारखंड राज्य हेतु अनुसूचित जाति/जनजाति सूची में सूचीबद्ध जातियों के सदस्यों को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है। झारखंड विधानसभा में लोहड़िया जाति का मामला उठाकर सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने प्रदेश में रहने वाले तकरीबन 4500 लोहड़िया जाति के बारे में सुधि ली है।

दर्जनों अबुआ आवास का किया गया सत्यापन

गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड़ के अंतर्गत मंझगांवां पंचायत के घटेरी गांव में अबुआ आवास के दर्जनों लाभुकों का सत्यापन सोमवार को किया गया। सत्यापन प्रखंड आवास कोडिनेटर फरहत नाजनी, पंचायत सचिव दिगम्बर पांडेय ने किया। इस दौरान चयनित अबुआ आवास लाभुकों के घर घर जा कर कई जानकारी जुटाई। साथ ही लाभुक के भैतिक सत्यापन किया।मौके पर कई लाभुक उपस्थित थे।

भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : भारतीय जनता पार्टी जिला लातेहार के द्वारा होटल ब्लिस में बैठक आयोजित किया गया, इस बैठक में आगामी 4 मार्च को सभी प्रखंडों में वर्तमान राज्य सरकार के जन विरोधी क्रिया -कलाप पर धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया गया है,इससे पूर्व डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं.दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, प्रदेश प्रवक्ता नंद प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित थे, इसके आलावा प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरिकृष्ण सिंह, पूर्व विधायक प्रकाश राम, अवधेश सिंह चेरो, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री मंजू लता, भाजपा लातेहार जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा ,समेत जिले के सभी पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे।मंच संचालन जिला महामंत्री बंसी यादव के द्वारा किया गया।

विकसित रेल अभियान के तहत प्रधानमंत्री ने लातेहार को दी सौगात

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार देश को कई विकास कार्यो की सौगात दे रहे हैं।इसी कड़ी में सोमवार को 2700 करोड़ रुपये की रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पीएम मोदी ने ये सौगात लातेहार को दी।इस कड़ी में देश के 554 रेलवे स्टेशन का शिलान्यास और एक स्टेशन का लोकार्पण और 1500 रेल फ्लाई ओवर, रेल अंडरपास और अमृत स्टेशन योजना के तहत आदर्श रेलवे स्टेशन का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने लातेहार जिला अंतर्गत दो योजनाओं का उद्घाटन एवं एक योजना का शिलान्यास किया। जिसमें लातेहार-सरयू मार्ग पर पड़ने वाले रेलवे क्रॉसिंग पर 100 करोड़ की लागत से रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) निर्माण शिलान्यास और लातेहार-डेमू रेलवे स्टेशन के बीच रेल फाटक संख्या 32सी/2ई के पास और चेतर रिचूघुटा रेलवे

स्टेशन के बीच रेल फाटक संख्या 29सी/2ई के पास 4.25-4.25 करोड़ रुपए की लागत से बने अंडरपास (एलएचएस) का उद्घाटन किया गया।जिसके बाद प्रधानमंत्री के संबोधन को ग्रामीणों और रेल अधिकारियों ने सुना। इसके पूर्व रेलवे विभाग के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश बदलाव की नई इमारत लिख रहा है। उनके मार्गदर्शन और अथक प्रयासों एवं इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण कर दिए गए विशेष कर के कारण ही आज भारत दुनिया की सबसे तेज से बढ़ती रेल नेटवर्क की प्रणाली है।उन्होंने कहा कि मात्र एक रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास में चारों लग जाते थे, लेकिन हमारे प्रधानमंत्री के द्वारा समय बाद तरीके से रेलवे में क्रांति लाई जा रही है। जिससे यहाँ निवासियों को भरपूर लाभ मिलेगा। मौके पर एडीईएन सुनील संघित्रा, यातायात निरीक्षक उमेश कुमार, वाणिज्य यातायात निरीक्षक टोरी आशुतोष कुमार ,सीआरएफ (डाल्टनगंज) प्रशांत कुमार, सीटीआई (टोरी) आशुतोष कुमार, टीआई अभय कुमार, ईसीआरकेयू बरकाकाना शाखा के कार्यकारी अध्यक्ष रणधीर प्रसाद, शाखा पार्षद सनाउल्लाह, भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, सांसद प्रतिनिधि मुकेश पाण्डेय, निःवर्तमान नप अध्यक्ष सीतामनी तिर्की, निःवर्तमान उपाध्यक्ष नविन कुमार सिन्हा समेत अन्य मौजूद थे।वहीँ डेमू में रेलवे के प्रतिनिधि विष्णु देव प्रसाद गुप्ता, दिशा सदस्य रामदेव सिंह, अश्विनी सिंह, मुखिया प्रमिला देवी, गोपाल सिंह,नोडल पदाधिकारी संजीव कुमार, सीआरएस प्रशांत कुमार, एडीएमआर विनय कुमार सिंह, ओएस चंदन कुमार सिंह, सीएलआई नरेश महतो मोती सिंह एमके द्विवेदी, कृष्णा नंदन तिवारी, एनके द्वेवेदी, रेलवे इंस्पेक्टर ओमप्रकाश ठाकुर, अभय कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

एसवीएम के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मन को मोह लिया

लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता): भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 554 रेलवे स्टेशनों पुनर्विकाश एवं 1550 रोड ओभर वृज / अंडरपास शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम के अंतर्गत डेमू रेलवे स्टेशन पर सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार के भैया बहनों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया तथा 2047 का विकसित भारत का विकसित रेलवे स्टेशन विषय पर भाषण,कला एवं निबंध प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

पुलिस ने 8 एकड़ वनभूमि पर लगी पोषते की फसल को किया नष्ट

लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता): हेरहंज प्रखंड में लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देशानुसार हेरहंज थाना परिसर स्थित सीआरपीएफ /11 व पलामू पुलिस द्वारा संयुक्त एरिया डोमिनेशन अभियान के दौरान पलामू व लातेहार जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में रविवार को केकरगढ़, कुरांग, पाडरम, महुआटांड़, सेमरखाड़,मसूरिया तरी समेत कई स्थानों में लगभग आठ एकड़ वनभूमि में लगे अवैध पोषते की फसल को ट्रैक्टर व लाठी डंडे की मदद से नष्ट किया गया। ज्ञात हो की इसके पूर्व में भी हेरहंज पुलिस ने लगभग पंद्रह से बीस एकड़ में लगे पोषते की फसल को नष्ट किया था। लेकिन किसी में भी प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।

लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारी की समीक्षा हेतु की गई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : उप विकास आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग सुरजीत कुमार सिंह के द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारी की समीक्षा हेतु सोमवार को जिला जनसंपर्क कार्यालय में स्वीप कोषांग, एमसीएमसी कोषांग में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के साथ बैठक सम्पन्न की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी ने बताया कि स्वीप कोषांग सबसे महत्वपूर्ण कोषांग है एवं सुचारु ढंग से निर्वाचन कार्य कराने की महत्वपूर्ण जवाबदेही इस कोषांग की होती है। अतः सभी कार्य ससमय एवं सुव्यवस्थित तरीके से किया जाना आवश्यक है। बैठक में स्वीप के तहत आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा पर चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि इस बार जिले में मतदान कि प्रतिशत 80 फीसदी करने का लक्ष्य है। आगे उन्होंने कहा कि जिन मतदान केंद्रों में पिछले चुनावों में वोटिंग प्रतिशत कम रहा हो, वैसे स्थानों पर वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने हेतु स्वीप कार्यक्रम संबंधी जागरूकता अभियान कर वोटरों को मतदान के लिए प्रेरित करें। बैठक में उन्होंने सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को मतदान तक जागरुकता अभियान का सफल संचालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने वैसे मतदान केन्द्र जहां महिला मतदाताओं की संख्या अधिक होते हुए भी कम वोटिंग हुई है वहां विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। इसके लिए जेएसएलपीएस डीपीएम को सेविका, सहायिका द्वारा विभिन्न जागरूकता अभियान से मतदाताओं को जागरुक करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा बैठक में उन्होंने एमसीएमसी कोषांग की गतिविधि की जानकारी लेते हुए पेड न्यूज , फेक न्यूज की जानकारी देते हुए बताया गया कि इस पर विशेष निगाह रखने के लिए गठित मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनीटरिंग कमिटी को जिम्मेवारी दी गई है। जिसके लिए एमसीएमसी कोषांग का गठन किया गया है। इस कोषांग को सुचारू रूप से संचालन कर जिले में संचालित न्यूज चैनलों, अखबारों में छपी खबरों और अन्य विज्ञापनों पर विशेष नजर रखने का कार्य करने का निर्देश दिया गया। बैठक में निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, कार्यपालक दंडाधिकारी अनिल कुमार मिंज, जिला पंचायती राज पदाधिकारी जितेंद्र कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी चंदन, जेएसएलपीएस डीपीएम समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

मजदूरों का मजदूरी भुगतान नहीं होने पर बीडीओ को सौंपा मांगपत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरवाडीह : प्रखंड अंतर्गत ग्राम मुरू के दर्जनों मजदूर फेवर ब्लॉक सड़क निर्माण कार्य में बकाये मजदूरी की मांग को लेकर सोमवार को माले सचिव कमलेश सिंह और कृश्णा सिंह के अगुवाई में प्रखंड विकास पदाधिकारी रश्मि रेखा मिंज को मांगपत्र सौंपा है। जहां मांगपत्र के माध्यम से बताया गया है कि वित्तीय वर्ष के माह मई ,जून 2023 में श्यामाप्रसाद मुखर्जी रुबन मिशन के तहत आदर्श पंचायत उकामाड के ग्राम मुरू टोला नोखिल पंचफेंडी और डिपुटाड सहित अन्य जगहों पर फेवर ब्लॉक सड़क निर्माण का काम उक्कामाड़ के मुखिया पति कैलाश सिंह की देख रेख में कराया गया था और काम के दौरान कैलाश सिंह स्वयं से मजदूरी भुगतान का जिम्मा लिये थे जबकि बाद में दर्जनों मजदूरों को मजदूरी देने से इन्कार कर गये और बोल रहें हैं कि ठेकेदार पैसा देगा तो हम भुगतान करेंगे। वहीं मजदूरों का कहना है कि ठेकेदार तो मुखिया जी है हम दुसरे ठेकेदार को नहीं जानते। वहीं कार्य स्थल पर शिलापट्ट नहीं रहने से ग्रामीणों को कुछ पता नहीं चल पाया है कि प्राक्कलन कितना है इसके ठेकेदार कौन हैं किस विभाग से काम हो रहा है। मजदूरों ने बताया कि लगभग 70 से 75 मजदूरों की मजदूरी बकाया है। सभी को दैनिक मजदूरी 350 रुपये के दर से देने की बात कहीं गई थी। मांगपत्र के माध्यम मजदूरों ने बकाया मजदूरी दिलाने की मांग की है। वहीं इस संबंध में बीडीओ द्वारा जल्द ही मजदूरी भुगतान दिलाने की बात कही गई।

मैट्रिक व इंटरमीडिएट की अंतिम दिन की परिक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न

बारियात(प्रभात मंत्र संवाददाता): जैक रांची द्वारा आयोजित मैट्रिक व इंटर के परिक्षा हेतु प्रखंड क्षेत्र मे बनाये गए दोनो परिक्षा केंद्र परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय.तथा राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय मे अंतिम दिन की परिक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, परिक्षा केंद्र परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय के केन्द्राधिक्षक अनिल कुजुर ने बताया कि में प्रथम पाली मे मैट्रिक के अंग्रेजी बिषय की परिक्षा में 498 मे 497 परिक्षार्थी उपस्थित रहे, 01 परिक्षार्थी अनुपस्थित रहा तथा द्वितीय पाली में इंटरमिडिएट के संकाय कला बिषय राजनीति शास्त्र के कुल 402 परिक्षार्थी में 396 परिक्षार्थी सम्मिलित हुएं तथा 06 परिक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वही परिक्षा केन्द्र, राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय मे मैट्रिक के अंग्रेजी बिषय के परिक्षा मे कुल सभी 422 परिक्षार्थी सम्मिलित हुए. प्लस टू उच्च विद्यालय मे केन्द्राधिक्षक अनिल कुमार कुजुर व दंडाधिकारी आशिस कुमार गुप्ता तथा राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय मे केन्द्राधिक्षक अनिता देवी ने परिक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाए। मौके पर विक्षक अजय बैठा, मिथलेश कुमार मेहता, लालचंद पासवान, सत्येन्द्र राम, न जमुनाधर मिश्र, बाबूलाल कुजुर सहित कई विक्षक का परिक्षा संपन्न कराने में अहम भुमिका रहा।

संक्षिप्त खबरें

मेंस कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल का मुरी ब्रांच में आगमन पर गर्मजोशी से स्वागत हुआ

मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता): नव वर्ष के उपरांत पहली बार रेलवे मेंस कांग्रेस मुरी ब्रांच में रांची हटिया और मुरी के प्रतिनिधि का आपसी शिष्टाचार भेंट हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मेंस कांग्रेस के मंडल समन्वयक नित्यालाल कुमार, हटिया शाखा सचिव मनोज कुमार राय और सम्मानित अतिथि के रूप में पूर्व स्टेशन प्रबंधक मोहम्मद शाहनवाज खान सम्मिलित रहे। ज्ञात रहे की यह बैठक कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उनसे स्वयं मिलने का एक कार्यक्रम था मेंस कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश गर्मजोशी से रांची से आए हुए मेंस कांग्रेस के पदाधिकारी का स्वागत किया और उन्हें साल और बुके देकर अपनी खुशी का इजहार किया। तथा मुरी के कर्मचारियों की समस्याओं से भी उन्हें अवगत कराया मुख्य रूप से क्वार्टर की बाउंड्री कुछ क्वार्टर में टाइल्स और मार्बल लगे हुए हैं लेकिन बहुत सारे क्वार्टर्स में बिना मेंटेनेंस और बिना टाइल्स लगे कर्मचारी रह रहे हैं।बार-बार पानी की हो रही समस्याओं का भी उन्हें अवगत कराया गया कुछ कर्मचारियों के क्वार्टर नहीं मिले हुए हैं फिर भी उनको हाउस रेंट अलाउंस नहीं मिल रहा है इस पर भी उन्हें अवगत कराया गया है।मंडल समन्वयक ने इस पर प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र के माध्यम से कर्मचारियों की समस्याओं का पहुंचाने का आश्वासन दिया तथा इस पर हर संभव तरीके से मुरी तथा रोड साइड स्टेशन के कर्मचारियों की समस्याओं का हल करने का आश्वासन दिया गया है इस मौके बहुत सारे लोग सम्मिलित हुए जिसमे कुंदन कुमार ,करीम अख्तर ,नीतीश कुमार ,शिव शंकर कुमार, नवनीत कुमार अरविंद शर्मा, राजीव रंजन, अशोक कुमार, एन के महतो गौतम कुमार अब्दुल रऊफ आदि लोग उपस्थित रहें।

सरला बिरला पब्लिक स्कूल में खेलो इंडिया गर्ल्स फुटबॉल लीग का फाइनल संपन्न

नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित खेलो इंडिया गर्ल्स फुटबॉल लीग के फाईनल मैच की मेजबानी की। इस अवसर पर सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची की प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर, झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव श्री गुलाम रब्बानी, भारतीय खेल प्राधिकरण की कोच सुश्री साक्षी और झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष श्री शिवेंद्र दूबे उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में भारतीय फुटबॉल टीम के अंडर-19 के खिलाड़ी भी उपस्थित थे। फाइनल मैच तीन श्रेणियों में खेला गया। अंडर-13 का फाइनल महिला लीग जीटीएक्स डार्क हॉर्स फुटबॉल क्लब एकेडमी और ऑल झारखंड बिरसा मुंडा स्पोर्ट्स एकेडमी, अंडर-15 का फाइनल महिला लीग तरुण घोष फुटबॉल क्लब और युवा फुटबॉल क्लब के बीच तथा अंडर-17 का फाइनल महिला लीग जीटीएक्स डार्क हॉर्स फुटबॉल क्लब एकेडमी और स्टार वॉरियर्स फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। अंडर-13 वर्ग में जीटीएक्स डार्क हॉर्स फुटबॉल क्लब एकेडमी ने तीन गोल से मैच जीता। अंडर-15 वर्ग में युवा फुटबॉल क्लब ने तीन गोल से जीत हासिल की और अंडर-17 वर्ग में स्टार वॉरियर्स फुटबॉल क्लब ने दो गोल से मैच जीता। तीनों श्रेणियों में विजेता टीमों को 50000/- का नकद पुरस्कार, ट्रॉफी और पदक देकर सम्मानित किया गया। उपविजेता टीमों को भी ट्रॉफी और पदक के साथ 30000/- का नकद पुरस्कार भी मिला। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने महिला फुटबॉल लीग की सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने महिला फुटबॉल खिलाड़ियों के समर्पण और दृढ़ता की सराहना की। उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसे होनहार खिलाड़ियों को देखकर बेहद गर्व है ये खिलाड़ी न केवल अपने लिए बल्कि देश के लिए भी इतिहास रचेंगे।

जंगली हाथी के द्वारा मारे गए किसान मृतक मरतू मुंडा के परिजनों से मिले विकास पदाधिकारी, किया आर्थिक सहायता

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेड़ो : बेड़ो थाना क्षेत्र के हरहंजी खुरहाटोली गांव में पीछली रात जंगली हाथी के द्वारा मारे गये मरतू मुंडा के परिजनों से प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने भेट कर अनाज व आर्थिक सहायता किये। ज्ञात को कि शनिवार की रात 52 वर्षीय मरतू मुंडा को जंगली हाथी कुचलकर मार दिया। जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गई।बीडीओ ने मृतक के परिजनों को ढांढस बांधा। मृतक के पुत्र रामफल मुंडा को एक क्विंटल चावल, पांच कम्बल और पांच हजार रूपैये नगद का सहयोग किये। मौके पर प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप, मुखिया लक्ष्मी कोया, सहायक अभियंता पुरूषेतम भाई पटेल, सुरेन्द्र पासवान, पूर्व मुखिया सुनिल कच्छप, पंचायत समिति सदस्य राखी भगत व प्रेम कुमार साथ में थे।

बुद्धा पब्लिक स्कूल में एनुअल डे धूमधाम से मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

नामकुम : नामकुम प्रखंड के टाटी पश्चमी पंचायत कृष्णा नगर स्थित बुद्धा पब्लिक स्कूल में एनुअल डे धूमधाम से मनाया गया। इस कार्य क्रम में आगत अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ व शॉल देकर किया गया। स्कूल के विधार्थियो रंगारंग गीत,नृत्य प्रस्तुत किये गए। विशिष्ट अतिथि ने कहा की सबसे बड़ी सेवा गुरु सेवा ही है।इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कुमार सुंदरम भारदवाज फेकल्टी मेंमबर डी आई इ टी गुमला,एन के मुरलीधर मुख्य संपादक खबर मंत्र, डॉक्टर के के दुबे सी ई ओ स्पर्श नर्शिंग होम बुटी,डॉक्टर शशिधर कुमार, प्रो कस्तूरबा कॉलेज रामगढ़,आशुतोष दिवेदी, रविंद्र तिवारी,कर्नल बी के सिंह,रशेश्वरनाथ मिश्र,यदुवीर सिंह,रामजी पांडे,विजय घोष,निदेशक रंधीर कुमार,उद्धवचंद महतो, पीतांबर दास,राजेश कुमार,राकेश कुमार प्राचार्य राव इत्यादि के अलावे स्टाफ, शिक्षक, छात्र, अभिभावक उपस्थित थे।

एनटीपीसी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 38 छात्रों के बीच प्रशिक्षण सामग्री का वितरण किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना प्रभावित क्षेत्र के युवाओं को कराए जा रहे 3 महीने की तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 38 नामांकित छात्रों के बीच प्रशिक्षण में उपयोग होने वाली आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। वितरित सामग्री में तकनीकी किताबें, बैग, आवश्यक औजार, सेफ्टी हेलमेट, सेफ्टी जैकेट, सेफ्टी शूज जैसी अन्य आवश्यक चीजों को दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाप्रबंधक भू अर्जन विभाग पंकज ध्यानी ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि शसतीश लाल लीगल डिपार्मेंट एवं उप महाप्रबंधक एसके सेनापति ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। मुख्य अतिथि ने कौशल विकास के महत्व को समझाते हुए सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी एवं यह भी बताया की सुरक्षा किसी भी संस्थान के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। उन्होंने अपने भाषण में एनटीपीसी के कई सेफ्टी नियमों की जानकारी दी एवं अपने अनुभव को साझा किया साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्रों के उज्जवल भविष्य की बधाई दी। अपने वक्तव्य में उप महाप्रबंधक एसके सेनापति ने बेस्ट इंडस्ट्री प्रैक्टिस के तहत प्रशिक्षण संचालन की बात कही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य मिथिलेश उपाध्याय ने किया। इस विशेष मौक़े पर संस्थान के प्रशिक्षण प्रभारी संदीप मौर्य, नामांकन प्रभारी प्रदीप कुमार फिटर ट्रेड से श्रीनाथ वेल्डर ट्रेड से विकास चौरसिया, तरुण रंजन, इलेक्ट्रीशियन ट्रेड से मुकेश कुमार, उपेंद्र कुमार उपस्थित थे।

बच्चों के बीच खेलकूद सामग्री का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

अनगड़ा : कुच्चू पंचायत अंतर्गत खभावन विवेकानंद सेवा संघ में सोमवार को रामकृष्ण आश्रम दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र रांची के सचिव भवेशानंद महाराज जी नेतृत्व में कोलकाता संतरागाछी के श्री श्री माँ गोष्ठी महिला समिति के सदस्यों ने खभावन गांव पहुंचे गाँव पहुंचने पर सभी अतिथियों को पारम्परिक रीति रिवाज से नृत्य गान के साथ स्वागत किया गया स्वामी भवेशानंद जी महाराज एवं अतिथियों के द्वारा रामकृष्ण परमहंस, माँ शारदा, विवेकानंद जी के चित्र पर पूजा पाठ एवं माल्यार्पण करने के बादकार्यक्रम का शुभारंभ की गयी श्री श्री माँ गोष्ठी की ओर से अखंडानंद शिक्षा एवं संस्कार केंद्र में अध्ययन करने वाले बच्चे एवं बच्चियों के बीच पठन पठान एवं खेलकूद का सामग्री का वितरण किया गया वितरण रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रांची के सचिव भवेशानंद जी महाराज एवं श्री श्री माँ गोष्ठी के सचिव सुजाता हाजरा एवं टीम के द्वारा सयुंक्त रूप से किया गया जिसमें साइको बैटरी, सोलर पीसीसी, दरी, कुर्सी , चार्ट, फुटबॉल,बोर्ड क्रिकेट बॉल विकेट स्कीपिंग रोप आदि सामग्री शामिल हैं मौके पर भवेशानंद जी महाराज ने कहा कि अखंडानंद शिक्षा एवं संस्कार केन्द्र मे बच्चों को शिक्षा के साथ साथ मानसिक, शारीरिक, बौद्धिक, आध्यात्मिक एंव योग आदि का पाठ सिखाया जाता है ताकि बच्चे संस्कारी बन सके श्री श्री माँ गोष्ठी के सदस्यों ने गांव के महिला पुरुष एवं बच्चों के द्वारा पारम्परिक स्वागत एवं आदर सत्कार से काफी खुश हुए केन्द्र के बच्चों के द्वारा रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया विवेकानंद सेवा संघ की गतिविधि जोगेशवर बेदिया द्वारा जानकारी दिया गया एवं संचालन चिरंजीवी मण्डल ने किया ।

देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे नरेंद्र मोदी : अशोक

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा संचालित विकास योजनाओं को लेकर बड़कागांव पूर्वी उरीमारी भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू ने नापोखुर्द पंचायत में लाभार्थी जनसंपर्क अभियान के तहत डोर टू डोर जाकर जागरूकता अभियान चलाया। श्री साव ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवल योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में लाभार्थियों को विस्तृत रूप से जानकारी दी। जिसे लेकर लाभार्थियों ने केंद्र कि मोदी सरकार का आभार प्रकट किया। मौके पर अशोक साव ने कहा कि मोदी सरकार के द्वारा पिछले 10 वर्षों में राष्ट्र को मजबूत करने एवं आम गरीब लोगों के हित में कार्य करने की कई विशिष्ट योजनाएं चलाई जा रही है। निश्चित तौर पर आगामी 2024 लोकसभा चुनाव में जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएगी। जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से योगेन्द्र साव, प्रदीप साव, चंद्रिका कुमार गुप्ता, मुकेश साव, अभय कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अमृत भारत योजना अंतर्गत मुरी स्टेशन का ऑनलाइन शिलान्यास

मुरी स्टेशन आधुनिक भारत का एक हिस्सा होगा : सुदेश कुमार महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

मुरी : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी 41000 करोड रुपए की लागत की रिकॉर्ड 2000 से अधिक रेल परियोजनाओं को देशवासिय सौगात दिया गया हैं।इसमें शामिल है तो 554 स्टेशनों के पुनर्निर्माण का शिलान्यास साथ ही 1500 रेट रोड ओवर ब्रिज एवं अंडरपास का शिलान्यास लोकार्पण और देश को समर्पण किया गया! रेलवे ओवरब्रिज और अंडर पास देशभर के एक साथ 2000 से अधिक रेल परिवार परियोजनाओं को मूर्त रूप देना इतना आसान नहीं था लेकिन कल भी होगी प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और केंद्र सरकार द्वारा रेलवे में किए गए रिकॉर्ड दिवस के चलते आज देश इसके ऐतिहासिक आयोजन साक्षी बन गया है! यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे स्टेशनों पर 1085 ट्रैक्कर लगाए गए हैं प्रधानमंत्री जी के डिजिटल इंडिया चैंपियन को अर्थशास्त्र करते हुए भारतीय रेलवे देश भर में 6000 से अधिक रेलवे स्टेशन पर वाईफाई की सुविधा उपलब्ध कराई । ज्ञात हो कि शिलान्यास/उद्घाटन/का राष्ट को समर्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम दिया गया।

मौजूद सभी लोगों ने ओनलाइन नरेन्द्र मोदी जी का शिलान्यास देख मन की बातों को सुना।इस मौके पर विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि स्टेशन आधुनिक भारत का एक हिस्सा होगा हम अपनी आंखों से ही मुरी को सजाते हंसते देखेंगे हर सुविधाओं से लैस होते हुए देखेंगे। मुरी से सटे सिल्ली स्टेशन को भी इसका सौगात मिला है हम लोग मुरी सिल्ली वासियों के लिए एक बहुत बड़ी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से शुरुआत है इसके लिए सुदेश कुमार महतो ने सभी को धन्यवाद दिया।

ओनलाइन शिलान्यास के सर्वप्रथम स्कूलों के बच्चों द्वारा कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए साथ ही विजेताओं को मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।साथ ही स्कूलों के प्रिंसिपलों को भी सम्मानित किया गया।इस मौके पर पुर्व जिला परिषद गौतम कृष्ण साहु, उपप्रमुख आरती देवी,सुशिल महतो,बिनोद साहु, आरपीएफ ओसी रुपेश कुमार, राजकिय रेल थाना प्रभारी जमादार मुंडा समेत काफी संख्या में रेल अधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद थे।

सिरका में श्री श्री शिव-हनुमान मंदिर में तीन दिवसीय महायज्ञ अनुष्ठान का किया शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

अनगड़ा : श्री श्री शिव-हनुमान मंदिर सिरका में महायज्ञ अनुष्ठान वार्षिक महोत्सव किया जा रहा है जिसमें प्रथम दिन 1001 महिलाओं के द्वारा विशाल कलश यात्रा शोभा यात्रा निकाला गया। एवं स्वर्ण रेखा नदी से जल उठाया गया। इस कलश यात्रा में भाजपा अनुसूचित जनजाति प्रदेश मंत्री रौशनी खलखो एवं रांची विश्वविद्यालय के पुर्व रजिस्टार डॉ अमर चौधरी, शामिल होकर महिलाओं के सिर में कलश रख कर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। वहीं गेतलसूद मुखिया शांति मुण्डा के सहयोग से कलस यात्रा करने वाली महिलाओं को शरबत पिलाई। साथ में पंचायत के मुखिया रोशन लाल मुंडा (मुख्य संरक्षक)पंसस सावित्री देवी (मुख्य संरक्षक), साहेबराम महतो (मुख्य संरक्षक), बलराम महतो (मुख्य संरक्षक), जयशंकर मुण्डा गेतलसूद मुखिया शांति मुण्डा भी कलश यात्रा में शामिल हुए। इस महायज्ञ अनुष्ठान में कलश यात्रा को सफल बनाने में पुजा कमेटी के अध्यक्ष सीताराम पहान , सचिव अजीत महतो कोषाध्यक्ष राजू महतो , कार्यकारी अध्यक्ष प्रणव महतो एवं जगेश्वर महतो , दुर्गा महतो , राजेंद्र कुमार रमेश राज सूरज कुमार राजू मुंडा ,कालीचरण मुण्डा कमलेश कुमार गेतलसूद पूर्व मुखिया गौरीशंकर मुंडा राज बैठा प्रशांत कुमार आदित्य कुमार रवी चौधरी हर्ष सिंह सुभम गोस्वामी आयुष ठाकुर सोनू चौधरी विक्की नायक किशन नायक उज्जवल एवं सभी कमेटी के सदस्यों का अहम योगदान रहा।

पुलिस, प्रशासन व जनप्रतिनिधियों ने बाल विवाह रुकवाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : प्रखंड अंतर्गत चौपदार बलिया पंचायत के खर्राटी गांव में पुलिस, प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के प्रयास से बाल विवाह रुकवाया गया। लोगों ने नाबालिक बच्ची के घर जाकर बच्ची के अभिभावकों को बाल अधिनियम कानून की जानकारी दी तथा जागरूक किया। बता दें कि नाबालिक की उम्र 14 वर्ष है एवं वह आठवीं क्लास की छात्रा है। 3 मार्च को नाबालिक की शादी लखनऊ के एक प्रौढ़ व्यक्ति से होने वाला था। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर शादी को रुकवाया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल एवं थाना प्रभारी मुकेश सिंह ने मौके पर उपस्थित नाबालिक की माता एवं घर वालों को समझाते हुए कहा कि 18 साल से कम उम्र के बच्चियों का शादी करना कानूनन अपराध है। इसमें संलिप्त सभी लोगों पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। बच्चियों को पढ़ने का पूरा मौका दें ताकि वे अपना भविष्य गढ़ सके। बच्चियां 18 वर्ष से पूर्व मानसिक एवं शारीरिक रूप से तैयार नहीं होती है । जिसके कारण उन्हें विवाहित जिंदगी में बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वहीं चाइल्ड लाइन के द्वारा माता-पिता के न रहने की स्थिति में नाबालिक बच्चियों को सरकार द्वारा दिए जाने वाले लाभों के बारे में बताया गया तथा उन्हें 18 साल के बाद ही शादी करने की सलाह दी। मौके पर प्रमुख फुलवा देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि चंदनपुरी और महिला पर्यवेक्षिका अनुराधा कुमारी के अलावा कई ग्रामीण उपस्थित थे।

दर्जनों लोगों ने कांग्रेस छोड़ आजसू पार्टी का दामन थामा

बड़कागांव विधानसभा का समुचित विकास करना ही हमारा लक्ष्य होगा : रोशन लाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : बड़कागांव प्रखंड के बादम पंचायत में आजसू पार्टी का मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा व संचालन केंद्रीय सदस्य राजा खान ने किया। मिलन समारोह में बादम पंचायत से दर्जनों लोगों एवं कई जनप्रतिनिधियों ने कांग्रेस पार्टी को छोड़कर रोशन लाल चौधरी के प्रति आस्था और विश्वास जताते हुए आजसू पार्टी का दामन थामा। समारोह के मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रौशन लाल चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय सचिव नागेश्वर तूरी, केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, लीलारधन साव, मनोज दांगी, वीरेंद्र प्रसाद, पप्पू प्रसाद, शंकर मिश्रा, बबलू पासवान, जुनैद अहमद, केसर अली, मो अफरोज, मुकर्रम खान, मो नुरुल्लाह, अवध कुमार बिहारी, राजेश राम, गोविंद कुमार ,नौशाद आलम, विनोद राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे। मौके पर सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी लोगों को पार्टी का पट्टा और माला पहनाकर स्वागत किया गया। वही सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रौशन लाल चौधरी ने कहा कि जनता परिवर्तन के लिए अपना मन बना चुकी है। बड़कागांव विधानसभा की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है जो विकास बड़कागांव में होना चाहिए था वह विकास कहीं दूर-दूर तक दिखाई भी नहीं देता। आगे उन्होंने कहा कि मेरा एक ही उद्देश्य है बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास कर झारखंड का नंबर वन विधानसभा बनाना। आजसू पार्टी में सदस्यता ग्रहण करने वाले तनवीर आलम, अनिल साहू, मनु राम, शंकर रजक, मोहित कुमार महतो सहित अन्य ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि कांग्रेस पार्टी बड़कागांव का विकास नहीं चाहती है। अगर बड़कागांव का विकास चाहती तो पिछले 15 सालों से एक ही परिवार का राज बड़कागांव में है बावजूद इसके बड़कागांव का विकास जीरो है। बड़कागांव का विकास सिर्फ और सिर्फ आजसू पार्टी और रोशन लाल चौधरी ही कर सकते हैं। इसीलिए इस बार हम सभी लोग रोशन भैया को विधानसभा भेजने का काम करेंगे। और बड़कागांव विधानसभा को विकसित विधानसभा बनाने में अपना योगदान देंगे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में वार्ड सदस्य तनवीर आलम, अनिल प्रसाद साहू, मन्नू राम, शंकर रजक, मोहित कुमार महतो, आर्यन कुमार, संजय वर्मा, सोलू खान, मोहम्मद नाजिम, जिमी खान, संजर खान, शब्बू खान, पप्पू दास, सौरभ पासवान, रंजन कुमार, खुर्शीद आलम, मोहम्मद फिरोज, राजू कुमार, प्रमोद राम, बिना देवी, मोहम्मद सफीउल्लाह, गुड़िया देवी, रूबी देवी, चंचला देवी, रेखा देवी, निक्की देवी, गीत देवी, मोहम्मद हाशमी, जितेंद्र राम, रवि कुमार ,शिवचरण रजवार, मोहम्मद राजू, मोहम्मद शफीउल्लाह, मोहम्मद एजाज, सफदर अंसारी, कुंदन कुमार, गोपाल दास,राहुल ठाकुर सहित अन्य लोग शामिल हैं।

फ्लिपकार्ट ने माल्दा, पश्चिम बंगाल में ग्रॉसरी फुलफिलमेंट सेंटर लॉन्च किया

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): भारत के स्वदेशी ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने नैक्स्ट-डे ग्रॉसरी डिलीवरी के मामले में अपनी प्रतिबद्धता के चलते माल्दा, पश्चिम बंगाल में एक ग्रॉसरी फुलफिलमेंट सेंटर खोलने की घोषणा की है। यह राज्य में फ्लिपकार्ट का चौथा ग्रॉसरी फुलफिलमेंट सेंटर है जो स्थानीय स्तर पर रोजगार के करीब 700 प्रत्यक्ष तथा परोक्ष अवसरों को पैदा करने के साथ-साथ हजारों स्थानीय सैलर्स, एमएसएमई और क्षेत्र के लघु किसानों के लिए देशव्यापी मार्केट एंट्री का भी इंतजाम करेगा। 1.13 लाख वर्ग फीट क्षेत्रफल में फैले और 1 लाख यूनिट प्रतिदिन की डिस्पैच क्षमता वाले इस ग्रॉसरी फुलफिलमेंट सेंटर से हर दिन बरहामपुर, माल्दा, नॉर्थ बंगाल के इलाकों और झारखंड के कुछ भागों के अलावा बिहार में भागलपुर, देवघर, मुंगेर, पूर्णिया, रामपुरहाट, सहरसा और सिलिगुड़ी तथा सिउड़ी में प्रतिदिन 7,000 से अधिक ऑर्डर की मांग को पूरा करने में सक्षम है। लोकल कंज्यूमर इन्साइट्स के आधार पर, माल्दा के इस नए सेंटर से ग्राहकों को बिस्कफार्म बिस्किट्स, जेके मसाला और स्पाइसेज़, इमामी ऑयल आइटम्स, तथा मिनिकेट राइस समेत कई लोकप्रिय आइटम्स उपलब्ध कराए जाएंगे। पश्चिम बंगाल सरकार में माननीय कृषि मंत्री सोभनदेब चट्टोपाध्याय ने इस मौके पर कहा, मुझे खुशी है कि फ्लिपकार्ट का नया ग्रॉसरी फुलफिलमेंट सेंटर माल्दा, पश्चिम बंगाल में स्थापित हो रहा है जो निश्चित ही राज्य की सामाजिक-आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण मुकाम होगा। पश्चिम बंगाल में फ्लिपकार्ट का लगातार निवेश जारी है जो राज्य की मजबूत स्थानीय अर्थव्यवस्था और कारोबार-अनुकूल माहौल का संकेत है।

शब-ए-बारात पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए लगा शिविर

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): शबे बारात के अवसर पर शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु मेन रोड स्थित मधुबन मार्केट के पास शिविर लगाया गया जिसमें सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी, सर्वधर्म सदभावना समिति, रांची पब्लिक स्कूल, श्री महावीर मंडल रांची के प्रतिनिधि के साथ साथ विभिन्न सामाजिक संगठन के प्रमुख लोग शिविर में भाग लिए जिसकी सरपरस्ती एदारा- ए- शरीया झारखंड के सरपरस्त मो. सईद ने की। शिविर में मुख्य रूप से सदर एसडीएम आदरणीय उत्कर्ष कुमार, लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद कुमार भाग लिए एवं शांति एकता तथा अमन के लिए लगाए गए शिविर को काफी सराहा। एसडीएम सदर उत्कर्ष कुमार ने उक्त अवसर पर शबे बारात की तमाम रांची वासियों को बधाई देते हुए कहा कि रांची में हर पर्व त्योहारों में इस प्रकार के शिविर लगाकर आपसी सौहार्द की अदभुत मसाल पेश किया जाना काफी सराहनीय है इस से आपसी सौहार्द को बल मिलता है इसे बरकरार रखने की जरुरत है। श्री महावीर मंडल के जयसिंह यादव, सर्वधर्म सदभावना समिति के अध्यक्ष मो. इसलाम, सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के महासचिव अकीलुर्रहमान ने सभी को शबे बारात की बधाई देते हुए आपसी सौहार्द के साथ त्योहार को मनाने की बात कही। शिविर में मुख्य रूप से सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के महासचिव अकीलुर्रहमान, सर्वधर्म सदभावना समिति के अध्यक्ष मो. इसलाम, श्री महावीर मंडल रांची के जयसिंह यादव, रांची पब्लिक स्कूल के सेक्रेट्री मो. तौहीद के साथ साथ मो. इश्तेयाक, परवेज आलम, मो. परवेज, मो. नौशाद आलम, मो जाहिद, मो. मकसूद, शाहनवाज, मो. मोईन, राजू यादव, अशोक यादव, इबरार गद्दी, साहेब अली, मो. एनामुल, जसीम हसन, मो. अब्दुल्लाह, मासूम गद्दी सहित अनेक सामाजिक संगठन के लोग शामिल थे।

वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान लाने वाले छात्रों कों सीओ ने किया सम्मानित

गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र के बजरंग रोड स्थित लालकृष्ण सोना मति के विगत वर्ष वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान लाने वाले छात्रों कों सोमवार कों एक कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति सीओ समरेश प्रसाद भंडारी मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के वर्ग छह, सात ओर आठ तक विधार्थियो द्वारा विगत वर्ष वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान लाने वाले छात्रों कों पुरुस्कार देकर सम्मानित किया।जिसमे वर्ग छह के सोना कुमारी, वर्ग सात के रीमा कुमारी ओर वर्ग आठ के पलक कुमारी कों ब्लेजर पुरुस्कार देकर सम्मनित किया। मौक़े पर सीओ ने कहाँ किया कि मेहनत के साथ पढ़ाई करने वाले छात्र कों सफलता उसकी कदम चूमती है। इसलिए छात्र अपने कों कभी कमजोर नहीं समझें ओर पूरी लगन से पढ़ाई करें। साथ हीं दूसरे छात्र भी उनका अनुसरण कर आगे बढ़ने का प्रयास करें। मौक़े पर मुखिया बुलटी देवी, प्रधानाध्यापक पंकज झा, देव्रत चंद्र पोद्दार, संजय कुमार नायक, मंजू कींक़र, उषा कींकर, मृणाली लछक्मी, सुनीता कुमारी, सीमा कुमारी, पुतुल कुमारी, मंजू पाठक, शिला चक्रवर्ती, बबिता पोद्दार, सुनीता कुमारी सिन्हा, मीरा कुमारी, पूर्णिमा देवी मौजूद थे।

सीसीएल अरगड्डा दुर्गा मंडप क्षेत्र में एक लाख 80 हजार रुपए में बिक गया क्वार्टर

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र प्रबंधन का कोलयरी सिरका हमेशा अपने लापरवाह कार्यो के कारण चर्चा में बना रहता हैं। इसी प्रकार का एक वाक्या सोमवार को चर्चा में आया हैं। बताया जाता है कि बीते दिन रविवार देर संध्या दुर्गा मंडप क्षेत्र के कॉलोनी एरिया में सीसीएल का एक मकान एक लाख 80 हजार रूपए की बोली पर बिक गया। इधर इस बाबत प्रबंधन सिरका के सुरक्षा विभाग को कुछ भी नहीं पता हैं। लेकिन क्षेत्र में लगातार सीसीएल का क्वार्टर बिकने की चर्चा थमने का नाम नहीं ले रही हैं। वहीं इस संदर्भ में सुरक्षा विभाग सिरका के इंचार्ज राजू राम ने बताया कि क्वार्टर बिकने की जानकारी मुझे नहीं प्राप्त हुई हैं, जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बेचा गया क्वार्टर एक सीसीएल कर्मी और एक रिटायर कामगार के बीच की कड़ी हैं। जिसे बड़े ही सफाई से क्वार्टर खरीद-फिरोक्त करने वाले लोगों के द्वारा बाहर के क्वार्टर आवश्यकता वाले व्यक्ति को एक लाख 80 हजार के एक मुस्त कीमत पर दिलवा दिया गया हैं। जिसमें यहां के कुछ दलाल रुपयो की बंदर बाट कर रहे हैं। सूत्रों की माने तो सुरक्षा विभाग का ठीका लिए हुए कुछ सफेदपोश सीसीएल क्वार्टरों की बिक्री बड़े ही सफाई के साथ करते जा रहे हैं, लेकिन सुरक्षा विभाग सिरका केवल लकीर पीटने में लगा हैं। केवल असहाय, लाचारो पर एफआईआर करवाया जाता हैं। वहीं सीसीएल सिरका हाउसिंग बोर्ड की बैठक में मौजूदा हालात यह है कि सीसीएल कर्मियों को अच्छे जोन में क्वार्टर आवंटित नहीं हो पा रहे हैं। लेकिन रुपये फेंकने के बाद अनऑथराइज्ड लोगो को क्वार्टर उपलब्ध कर दिया जा रहा हैं। जो फिलहाल काफी चर्चा का विषय हैं।

अरगड्डा क्षेत्र के जनता मजदूर संघ के साथियों ने नवनियुक्त सदस्य रामजी को आवास में दी बधाई

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के जनता मजदूर संघ के प्रतिनिधियों, सदस्यों ने यहां कार्यरत माइनिंग सरदार सह जनता मजदूर संघ के नए सदस्य रामजी सिंह को रामगढ़ आवास जाकर बधाई दी। जनता मजदूर संघ के प्रतिनिधियों में कहां कि रामजी सिंह के जनता मजदूर संघ यूनियन में शामिल होने से अरगड्डा क्षेत्र में यूनियन को एक नई गति और मजबूती मिलेगी। साथ ही इनके मार्गदर्शन में यूनियन एक नंबर स्थिति में पहुंचने के लिए आगे बढ़ेगा। बधाई देने वालो में शिव शंकर, मोज पाल, मोहम्मद मुख्तार, मोहम्मद साजिद, आदित्य कुमार, योगेश हजारी समेत कई शामिल थे।

रीवर साईड में शरारती बाइक राइडर्स मनचलों ने आठ वर्षीय बच्ची को लिया चपेटे में, बच्ची की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

भुरकुंडा : रामगढ़ जिले के रीवर साईड आकाशदीप स्थित सड़क दुघर्टना में चार वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा भुरकुंडा सयाल सौंदा मुख्यमार्ग को जाम कर दिया गया। सूचना मिलते ही भुरकुंडा पुलिस एएसआई पूरन सिंह पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया जा रहा। जानकारी अनुसार मंजोत कोर उर्फ सिमरजीत पिता विक्की सरदार प्रसाद खाने के लिए सड़क पार कर रही थी इस बीच स्पीड गति से आ रही एक केटीएम बाइक से शरारती युवकों ने उन्हें अपने चपेटे में लिया जिससे बच्ची की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। आनन-फानन में स्थानीय लोगों द्वारा नजदीकी अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टर ने देखते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया है। जिसके बाद नाराज़ ग्रामीणों द्वारा बीच सड़क पर बच्ची की डेड बॉडी रखकर दोषी की गिरफ्तारी और आय प्रतिदिन हो सड़क दुघर्टना का विरोध कर बच्ची के हक अधिकार का मांग की जा रही।

जेबीकेएसएस के केंद्रीय सचिव डाड़ी निवासी बने गोविंद, मिली बधाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिददी : झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो ने डाड़ी प्रखंड निवासी गोविंद महतो को अपने दल में केंद्रीय कार्य समिति का सचिव मनोनीत किया। जबकि जेबीकेएसएस महामंत्री रवि कुमार महतो, केंद्रीय मंत्री कुलदीप महतो केडी भैया (अधिवक्ता) मनोनीत हुए हैं। इसे लेकर शुभचिंतको, ग्रामीण समाजसेवियों, युवाओं ने ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई दिया हैं। हर्ष जताने वालों में सक्रिय योद्धा कनकी पंचायत मीडिया प्रभारी रामप्रवेश शर्मा, रमेश महतो, टिकेश्वर महतो, ओमप्रकाश महतो, वरुण महतो, विकास कुमार महतो, दिलीप कुमार महतो, मिथुन कुमार महतो, संतोष कुमार महतो, मनोज कुमार महतो, दीपेंद्र राणा, जितेंद्र महतो, सुरेंद्र कुमार महतो, जगदीश महतो, तुलेश्वर महतो, रामचंद्र महतो, सुनील कुमार महतो, जुगेश कुमार प्रसाद, पंचित महतो आदि शामिल हैं।

श्री श्री नीलकंठेश्वर धाम हनुमान मंदिर कांकेबार का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : श्री श्री नीलकंठेश्वर धाम हनुमान मंदिर कांकेबार रामगढ़ का 16वां वार्षिकोत्सव महोत्सव 25 फरवरी को धूमधाम से मनाया गया ।इस दौरान मंदिर के प्रधान पुजारी सीताराम पंडित द्वारा धार्मिक अनुष्ठान विधिपूर्वक संपन्न करवाया गया । धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा भव्य भंडारा का आयोजन किया गया । जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया । वहीं, रात्रि में मंदिर के वार्षिकोत्सव के मौके पर आयोजित भक्ति जागरण का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार महतो, सम्मानित अतिथि अरविन्द महतो, बबलू सैनी, किट्टू भईया, झलक देव महतो, सुरेश महतो, शीतल महतो, नुनु लाल महतो, हरिदास महतो, गिरधारी महतो, धनेश्वर महतो द्वारा फीता काटकर किया गया। भक्ति जागरण के दौरान अनिल राज ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक धार्मिक भजन प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को झूमने पर विवश कर दिया ।मौके पर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा की जिस क्षेत्र में इस तरह के धार्मिक आयोजन होते हैं वहां प्रभु की कृपा से खुशहाली आती है और भक्ति की भावना का प्रसार होता है । श्री चौधरी ने कहा की इस तरह के धार्मिक आयोजनों में जो भी शामिल होते हैं वे पुण्य के भागी होते हैं और उन्हें प्रभु की कृपा की प्राप्ति होती है । इसलिए ऐसे धार्मिक आयोजनों में लोगों को बढ़चढ़कर शामिल होना चाहिए । सांसद ने कहा जिस क्षेत्र में इस तरह के धार्मिक आयोजन होते हैं प्रभु की कृपा से उस क्षेत्र के लोगों के सभी संकट दूर होते हैं और क्षेत्र धान धन्य से परिपूर्ण होता है । सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा की लोगों को अपनी व्यस्त दिनचर्या में थोड़ा समय प्रभु की भक्ति के लिए भी निकलना चाहिए । क्योंकि प्रभु की भक्ति से परम संतोष की अनुभूति होती है । इससे पूर्व मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और अन्य अतिथियों के आगमन पर आयोजन समिति द्वारा उनका स्वागत किया गया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद, सचिव टिकेंद्र महतो, कोषाध्यक्ष मुकेश महतो,कार्यकारी अध्यक्ष ओम प्रकाश महतो, योगेन्द्र महतो, हरिदास महतो, रामचंद्र महतो, डमरलाल महतो, कौलेश्वर महतो, संजय महतो, धनंजय महतो, ललन कुमार, पवन, प्रकाश आदि ने योगदान दिया ।

सरकारी विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को ब्लेजर देकर उपायुक्त ने किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ाने एवं मेहनत व लगन से पढ़ाई कर वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित करने के मद्देनजर उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा लिए गए निर्णय के उपरांत सोमवार को रामगढ़ जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में कक्षा 6 से 12वीं तक के बच्चों जिन्होंने वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है उन्हें ब्लेजर देकर सम्मानित करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त रामगढ़ श्री चंदन कुमार स्वयं शामिल हुए वहीं जिले के अलग-अलग क्षेत्र में स्थित कुल 30 सरकारी विद्यालयों में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य वरीय अधिकारियों एवं अधिकारियों के द्वारा बच्चों को सम्मानित किया गया। गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ में वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित करने के क्रम में उपायुक्त ने सभी बच्चों को अपने जीवन के लक्ष्य को पहचानते हुए लक्ष्य की प्राप्ति हेतु निरंतर मेहनत करने का संदेश दिया। मौके पर उपायुक्त ने कहां की प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को ब्लेजर से सम्मानित करने का उद्देश्य केवल बच्चों को सम्मानित करना नहीं बल्कि इसका उद्देश्य यह है कि अन्य बच्चे भी उन बच्चों से प्रेरणा लेकर मेहनत कर जीवन में सफल हो सके। इस दौरान उपायुक्त ने सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ने एवं जीवन में सफल होने के लिए शुभकामनाएं दी।

खुली खदान सिरका से अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए प्रशासन की चिट्ठी स्पेशल ब्रांच पहुंची

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के कोलयरी सिरका परियोजना को प्रशासन के स्पेशल सेल ब्रांच के द्वारा खुली खदान सिरका से अवैध कोयला खनन के मामले को लेकर कार्रवाई करने संबंधी पत्र मिला हैं। जिससे सोमवार को संबंधित प्रबंधन विभागों के अधिकारियों के बीच खलबली मच गई हैं। बतलादे कि बीते दिनों अखबारों में प्रमुखता से सीसीएल के चलते खुली खदान सिरका से कोयल लूटने, असुरक्षा, दुर्घटना समेत कई बिंदुओं पर खबरों का प्रकाशन किया गया था, इसके साथ ही सुरक्षा प्रहरियों के इंतजाम के बारे में भी बतलाने का प्रयास किया गया था, इसे लेकर स्थानीय सिरका प्रबंधन ने तो कोई खास इंतजाम नहीं किए, लेकिन लगातार खामियों से जुड़े बातों के सार्वजनिक तौर पर सामने आने के बाद प्रशासन के स्पेशल सेल ब्रांच ने पत्र लिखकर सीसीएल प्रबंधन को अवैध कोयला खनन खुली खदान से रोकने के लिए कार्रवाई के संबंध में पत्राचार किया हैं। इधर अब स्थानीय कोलयरी सिरका प्रबंधन अपने वरीय प्रबंधन के साथ मिलकर खुली खदान सिरका से किस प्रकार अवैध कोयला की खुदाई ढुलाई पर रोक लगाती हैं। इस पर सभी की नजर रहेगी। सूत्रों की माने तो अवैध खनन के द्वारा अरगड्डा क्षेत्र के सिरका परियोजना खुली खदान व आस-पास के क्षेत्र से बड़े पैमाने पर सैकड़ो टन कोयले की तस्करी सिरका दामोदर नदी से पार होकर साइकिल और मोटरसाइकिल के जरिए खैपो को पहुंचा जा रहे हैं। सिरका दामोदर पुल के पार खाकी के द्वारा 50 से 100 रुपये तक की भी वसूली की चर्चा लगातार जोरों पर हैं। यदि इसकी प्रशासनिक जांच उच्च स्तरीय होती हैं, तो चौंकाने वाले खुलासे सामने आने की उम्मीद हैं।

श्री श्री 1008 लक्ष्मी नारायण प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा का आयोजन, शामिल हुईं सुनीता चौधरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : आस्था एवं भक्ति के प्रतीक विकास नगर जारा टोला स्थित श्री श्री नव दुर्गा मंदिर में श्री श्री 1008 लक्ष्मी नारायण प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ को लेकर सोमवार को मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में शामिल लोग मंदिर परिसर से लक्ष्मी नारायण का जयघोष करते हुए हरहरी नदी पहुंचे। वहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलशों में जल भरा गया। इसके उपरांत कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु वापस मंदिर परिसर के लिए चले। कलश यात्रा वापस मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। जहां कलशों को विधि पूर्वक स्थापित किया गया। प्राण प्रतिष्ठा व कलश यात्रा को लेकर श्रद्धालु उत्साहिक हैं। क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय है। प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ को लेकर आयोजित कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, विशिष्ट अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो शामिल हुए। मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा की इस प्रकार के आयोजन से जहां भक्ति की भावना का प्रसार होता है वहीं, लोगों में भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा की जिस क्षेत्र में ऐसे आयोजन होते हैं वहां प्रभु का वास होता है और खुशहाली आती है। वहीं, विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार महतो ने कहा की इस प्रकार के धार्मिक आयोजन से खुशहाली आने के साथ साथ वातावरण भक्तिमय होता है। मौके पर मंडप प्रवेश के बाद सर्व प्रायश्चित, पंचाग पूजन, जलिधिवास , आरती, पुष्पांजलि एवं रात्रि में कथा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान दीपक कुमार सिन्हा, अरूण राय, सुरेंद्र कुमार शर्मा, रवि कुशवाहा, रमेश महतो, अमरेंद्र सिंह, संजय श्रीवास्तव, प्रो संजय सिंह, अशोक सिंह, बैजू राय, जगरनाथ महतो, दीपू गुप्ता, राहुल पासवान, पुरनी दुवी, अनुज पांडे, हरेंद्र राय, संतोष पंडित, मनोज मंडल, अजय सिंह, संगीता गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे ।

हेसला झारखंड इस्पात के सामने होटल से साइबर क्राइम के आरोप में रामगढ़-गिद्दी पुलिस ने एक को पकड़ा

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : थाना गिद्दी क्षेत्र के झारखंड इस्पात प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री के सामने मांझी होटल से बीते रविवार रात्रि करीब 8ः30 बजे साइबर क्राइम के आरोप में रामगढ़ व गिद्दी पुलिस ने एक साथ अभियान चलाकर एक युवक को पकड़ा हैं। जिसे पुलिस अपने साथ रामगढ़ ले गई हैं। इसकी चर्चा सोमवार को पूरे क्षेत्र में होती रही। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पकड़ाया व्यक्ति सिरका क्षेत्र का रहने वाला हैं। जिसे गिद्दी व रामगढ़ पुलिस टीम ने मोबाईल ट्रेस कर दबोचा हैं। समाचार लिखे जाने तक धराया व्यक्ति का बाइक आर 15 रंग सिलवर ब्लैक ब्लू होटल के पास खड़ा था, जबकि पुलिस गिरफ्त में व्यक्ति अपने एक अन्य साथियों के साथ खाना खाने के लिए होटल पहुंचा हुआ था। तभी पुलिसिया कार्रवाई हुई है। खबर भेजे जाने तक संध्या बाईक होटल के सामने लगा हुआ था।

कार्यालयः– जिला स्वास्थ्य समिति पलामू।

कार्यालय आदेश
PR.NO.-318653

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी पलामू के कार्यालय पत्रांक 482 दिनांक 12.02.2024 के द्वारा प्रकाशित आई0ई0सी हेतू निविदा संख्या 01/2024 पी0आर0 संख्या 318653 (District) 23-24 *को अपरिहार्य कारण से रदद की जाती है।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।

PR 320362 (District) 23-24 (D)

दिव्यांग द्वितीय टी : 20 क्रिकेट प्रतियोगिता का हूआ आगाज

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : देश के प्रति बद्ध संस्था दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के तत्वाधान में जल बागान ग्राउंड में सोमवार से प्रदेश के प्रतिबद्ध संस्था दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन की ओर से आयोजन चार दिवसीय ञ्20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। उद्घाटन मैच में मेजबान उत्तर प्रदेश की को टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए राजस्थान टीम को 160 रन से पराजित कर के जीत हासील की। उत्तर प्रदेश पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 7 विकेट खोकर 160 रन बनाये जिसमें बिहार की टीम जवाबी दूसरी पारी खेलते हुए 92 रन बनाकर ऑल आउट हो गई । जिसमें बल्लेबाजी में कप्तान उत्तर प्रदेश टीम के कप्तान महताब अली ने सर्वाधिक 51 रन बनाया। साथ ही एक ओवर में 2 बिकेट लिया। दूसरे मैच का आयोजन भी हूआ महाराष्ट्र बनाम वेस्ट बेंगल के बीच क्रिकेट मैंच खेला गया जिसमें महाराष्ट्र टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए, पंद्रह ओवर 6 विकेट खोकर 91रन बना पाया, दूसरे मैच में वेस्ट बेंगल बल्लेबाजी करते हुए हुए । 11 ओवर दो बाल में 95 रन बनाया। जिसमें सर्वाधिक दीप मोदी ने 30 गेम खेल कर 36 रन बनाया और मैन ऑफ द मैच का खिताब हासिल किया। मुख्य अथिति डायरेक्ट पर्सनल हेडक्वार्टर ईसीएल के अहुति सवाइन रहें। डायरेक्ट पर्सनल आहुति स्वइन इससे पूर्व अतिथियों को पुष्प गुच्छ दे कर स्वागत किया। ग्राउंड मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि द्वारा गेंदबाजी और बल्लेबाजी करके उद्घाटन किया। साथी साथ गुब्बारा उड़कर मैच का उद्घाटन हुआ। प्रतिबद्ध संस्था दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के फाउंडर के डायरेक्टर अतहर अली पर्सनल आहुति मैम को पुष्प कुछ देकर स्वागत किया । खिलाड़ियों ने भी डायरेक्ट पर्सनल सहित सम्मानित अतिथि मुख्य संरक्षक विजय मेवाड़ का स्वागत किया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके विधिवत उद्घाटन किया गया मुख्य अतिथि अहुति स्वइन मैम संबोधित करते हुए कहा कि टूर्नामेंट का उद्घाटन करने के बाद दिव्यांगों को हौसला बढ़ाते हुए कहा की यह दिव्यांग भाई बहन हमारे समाज का अभिन्न अंग है।दिव्यांग जनों की सक्रियता हमारे सभय समाज को एक ऊर्जा प्रदान करती है। समाज में उनकी भूमिका उल्लेखनीय हैं। झाल बागान ग्राउंड के धरती में खेल जगत के इतिहास में सुनहरे अक्षरों से लिखा जाएगा खेल के माध्यम से शारीरिक बौद्धिक एवं मानसिक विकास होता है। हम सभी को खेल के क्षेत्र में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। अतिथियों के द्वारा बैटिंग और बॉलिंग कर खिलाड़ियों के हौसले की अफजाई की गई. मुख्य संरक्षक विजय मेवाड ने कहा की दिव्यांगजनो को सेवा करना मेरे लिए सौभाग्य है। महाप्रबंधक वेलफेयर एसके सिन्हा, डिप्टी मैनेजर रवि शंकर, देबू दा। मुख्य रूप से संरक्षक शाहिद सिद्दीकी, उद्घाटन मैच का संचालन दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के सदस्य कमरुल हसन ने किया।भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के कोच जितेंद्र कुमार,अंपायर के रूप में देवसिस रॉय, लाबान ने संयुक्त रूप से किया। मैच स्कोर श्रीनाथ महानता,सेवन्धो मंडल ने किया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची

शुद्धि पत्र
(PR NO/ 319697(Drinking Water and Sanitation) 23-24(D)

सूचित किया जाता है कि निविदा संख्या 12 of 2023-24 ई– निविदा, तुतीय आमंत्रण प्रकाशित की गई थी। तत्पश्चात दिनांक 22.02.2024 के अपराह्न में 5.00 बजे http://jharkhandtenders.gov.in वेबसाईट मे Upload किया गया था। परन्तु Group No. 01 (Tender Id -2024_DWSD_83743_1) में Technical त्रुटी (Fee/PreQual/Technical) के कारण इसे http://jharkhandtenders.gov.in वेबसाईट में Cancel कर पुनः निम्नवत् संशोधित तिथि के अनुरूप UPLOAD किया जा रहा है।

Group No. 01	
Work Name- Construction of Biological Effluent Treatment Plant having capacity 10 KLD with Shed, SWR Pipe line & its allied work at Medical Collage campus of RIMS Bariyatu, Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi.	
वेवसाईट पर ई– निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय –	**26.02.2024 Up to 10.00 A.M**
ई–निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय	**01.03.2024 up to 3.00 P.M**
ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय	**02.03.2024 up to 4.00 P.M**

निविदा की अन्य नियम एवं शर्त्ते यथावत रहेंगे।

PR 320289 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गोन्दा, राँची

सरिया ओवर ब्रिज का प्रधानमंत्री ने किया ऑनलाइन शिलान्यास

कोडरमा सांसद व विधायक ने शिलापट्ट का किया अनावरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरिया(गिरिडीह) : सोमवार को सरिया वासियों का ऐतिहासिक मांग पूरी हो गई। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रेलवे फाटक के पास बनने वाले ओवर ब्रिज का शिलान्यास किया गया वहीं छटकी सरिया में बने अंडर ब्रिज का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा की सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो आदि ने भाग लिया। इस मौके पर सांसद अन्नपूर्णा देवी ने स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए

कहीं की मोदी के नेतृत्व में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। मोदी जी के द्वारा आज सरिया वासियो को एक बड़ा सौगात के रूप में ओवर ब्रिज मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अमित भारत योजना के तहत हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन का कायाकल्प हो रहा है रेलवे मंत्रालय ने हजारीबाग रोड में एक नई ट्रेन शिप्रा एक्सप्रेस का ठहराव की स्वीकृति प्रदान की है। इसके अलावा कोडरमा चौधरी बांध में भी नई ट्रेन का ठहराव कराया गया है। उन्होंने कहा कि पूरे कोडरमा संसदीय क्षेत्र में रेलवे का विस्तार हो रहा है। रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज बन जाने से जाम की स्थिति से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि विगत कई सालों से ओवर ब्रिज निर्माण का कार्य लंबित था, जो आज धरातल पर उतर रहा है ।

बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह ने कहा की 20 वर्षो से सरिया वासियों की बहु प्रतीक्षित सपना आज सकार हो रही है। इसके लिए सभी राजनीतिक दलों, पत्रकारो व समाजसेवियों ने संघर्ष किया है। रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के लिए हमेशा प्रयासरत रहे हैं। रेलवे के द्वारा ओवर ब्रिज का शिलान्यास करने के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री को धन्यवाद देता हूं ।उन्होंने कहा कि आज भी इन क्षेत्रों के लोग मुंबई, सूरत, हैदराबाद जैसे बड़े शहरों में रोजगार की तलाश में पलायन करते हैं। मुंबई, सूरत और हैदराबाद के लिए नई ट्रेन चलाने की मांग रेल मंत्रालय से की है वही उन ट्रेनों का ठहराव हजारीबाग रोड में हो उसे सुनिश्चित करने की मांग रेलवे के आला अधिकारियों से की।

अकीदत के साथ मनाया गया शब-ए-बरात

अमन, शांति व खुशहाली की मांगी गई दुआएं

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : इबादत व गुनाहों से मगफिरत (क्षमा) की रात यानी शब-ए-बरात का पर्व पूरी अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया। इस दौरान सुबह तक जहां मजार, कब्रिस्तानों पर फातिहा पढ़ने का दौर चलता रहा तो वहीं मस्जिद व घरों में कुरआन की तिलावत व इबादत होती रही। 15वीं शाबान की रात मजहब ए इस्लाम की अहम रातों में शुमार की जाती है। उलेमा-ए-कराम इस रात के इबादत की बड़ी अहमियत बताते हैं। रमजान से ठीक एक पखवारा पहले मनाए जाने वाले शब ए बरात के साथ ही इबादतों का सिलसिला भी शुरू हो जाता है।रविवार को कोयलांचल के मुस्लिम बाहुल्य मोहल्लों में शब ए बरात की धूम रही। घरों में महिलाएं जहां नियाज फातेहा के लिए हलुआ बनाने में जुटी रहीं, वहीं बच्चों में घरों व मस्जिदों की सजावट को लेकर उत्साह देखा गया। मुस्लिम बाहुल्य इलाका वासेपुर, आज़ाद नगर, पांडरपाला, शमशेर नगर, रहमतगंज, टिकिया पाड़ा, मनईटांड़, गजुआटांड़,

नया बाजार, गद्दी मोहल्ला, कबाडी पट्टी स्थित मस्जिदों की विशेष तौर पर सजावट की गई, जहाँ रात भर लोग इबादत में मशगूल दिखे। रेलवे स्टेशन के करीब स्थित मज़ार शरीफ के आस्ताने पर रात भर अकीदतमंदों की भीड़ जमी रही। लोग वहां फातेहा भी पढ़े। शहर के विभिन्न कब्रिस्तानों पर लोग अपने अपने पूर्वजों के गुनाहों की मगफिरत के लिए अल्लाह से दुआ करते देखे गए। उधर, घरों से कुरआन के तिलावत की सदा आती रही जबकि देर रात तक मस्जिदों में इबादतों का सिलसिला जारी रहा। शब ए बरात को लेकर शहर के मोहल्ले व गलियां गुलजार रहीं। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में सारी रात गहमा-गहमी रही। इस मौके पर घरों को चेरागां किया गया था तो मस्जिदों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। इस दौरान शहर के विभिन्न मस्जिदों मे देश व राज्य में अमन, शांति व खुशहाली की दुआएं भी मांगी गई।

आजसू छात्र संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष बने भोला राम

गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) : गिरिडीह ज़िले में अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू के जिला समिति की बैठक जिला अध्यक्ष अमित यादव के अध्यक्षता में गिरिडीह परिसदन में किया गया। जिसमें आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष गुड्डू यादव उपस्थित हुए। साथ ही अमित यादव ने कहा कि छात्र संघ को मजबूती देने के लिए कार्यकर्ताओं को छात्र संघ की बाग डोर संभालने का जिम्मा सौंपा गया। जिसमे कार्यकर्ताओं का चयनित किया गया ओर उन्हें दायित्व सौंपा गया। जिसमे आजसू छात्र संघ ज़िला अध्यक्ष अमित यादव ने बताया कि आजसू छात्र संघ के जिला उपाध्यक्ष राजेश स्वर्णकार ,अनिल कुमार यादव प्रखण्ड अध्यक्ष भोला राम, छात्र संघ सचिव के सतीश स्वर्णकार का चयन किया गया। वहीं बेंगाबद प्रखंड अध्यक्ष के रूप में भोला राम को दायित्व दिया गया है ।साथ ही चयनित कार्यकर्ता छात्र संघ के जिला उपाध्यक्ष राजेश स्वर्णकार ने कहा कि वे अपने नेतृत्व में छात्र संघ को गति देगा ओर एक नया रूपरेखा तैयार करने का काम करेगा । साथ ही प्रखण्ड अध्यक्ष भोलाराम ने बताया कि प्रखंड में बहुत से ऐसे कमियां है जिसे वो पूरा करने का काम करेंगे।

आईना द्वारा फागुन आगमन को लेकर काव्यगोष्ठी का आयोजन

गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) : सोमवार को गिरिडीह ज़िले में आईना की ओर से फागुन के आगमन पर एक काव्यगोष्ठी का आयोजन स्मार्ट ड्रीम एकेडेमी में आयोजित किया गया। जिसमें कार्य गोष्टी से पूर्व एक साहित्यिक परिचय हुई साहित्यिक परिचय में गिरिडीह कॉलेज के डॉक्टर बलभद्र डॉक्टर छोटू प्रसाद डॉ महेश सिंह तथा डॉक्टर शुक्ला मुख्य रूप से भाग लिए। वही साहित्यिक परिचय में यह बात छानकर आई की साहित्य से समाज का निर्माण होता है और हमें समाज के निर्माण में साहित्य की भूमिका को लेकर बार-बार लोगों के बीच जानी चाहिए होना यह चाहिए की परिचर्चा में आने से पूर्व किसी पुस्तक का गंभीरता से अध्ययन कर लिया जाना चाहिए ।साहित्यिक परिचर्चा के बाद काव्यगोष्ठी प्रारम्भ हुई। लोगों ने एक से बढ़कर एक कविता का पाठ किया। कवियों में परवेज शीतल, प्रदीप गुप्ता, इरफान आलम,नवीन सिन्हा, प्रभाकर, महेश, शैलेन्द्र शुक्ल,डॉ बलभद्र, डॉ छोटू मुख्य रूप से उपस्थित थे। मंचसनचलन हलीम असद ने की तथा धन्यवाद ज्ञापन रंगकर्मी महेश अमन ने किया।

मॉडल पंचायत बनाने के लिए जेएसएलपीएस दीदी के साथ मुखिया ने किया बैठक

बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के पेशम पंचायत भवन में पंचायत को मॉडल पंचायत बनाने में सहयोग के लिए जेएसएलपीएस दीदी के साथ स्थानीय मुखिया रागिनी सिन्हा की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे मॉडल पंचायत निर्माण हेतु समूह के महिलाओ को जल स्वछता साफ सफाई एम महवारी स्वछता प्रबंधन पर यूनिसेफ के वर्ल्ड विजन मिशन के सलाहकार गजाधार प्रसाद एवं मुखिया रागिनी सिन्हा के द्वारा विस्तार पुर्वक चर्चा किया गया। इस दौरान समूह के दीदी लोगों ने शपथ लिया की हम लोग ना खुले में शौच जायेगे और न हीं किन्ही को जाने देंगे। अपने अपने घरों में पानी को हमेशा ढक कर रखेंगे।

दो दिनों में लगातार दूसरी आग लगी की घटना, दुकान जल कर राख

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : वासेपुर रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे फैजाने मदीना मोड़ के समीप, टुन्नु बिचाली दुकान में रविवार देर रात आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर भूली ओपी पुलिस पहुंची और दमकल को सूचना दी। तब जाकर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। घटना को लेकर दुकान मालिक टुन्नु खान ने बताया की मोबाईल कॉल के जरिए आग लगने की जानकारी मिली थी। मौके पर पहुंचा तो दुकान धू धू कर जल रहा था। साथ ही उन्होंने पीछले दो दिनों में अगलागी की दूसरी घटना के बारे में नशेड़ियों की बढ़ती संख्या को जिम्मेवार बताया और 50 हजार की हानि होने की बात कही। वहीं भूली पुलिस ने बताया आग पर पुरी तरह से काबू पा लिया गया है। जहां बिचाली पूरी तरह से जलकर खाक हो गई है। वहीं घटना में कोइ हताहत की खबर नहीं है।

झाड़ियों में मिले अधेड़ की लाश की गुत्थी सुलझी

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : गिरिडीह जिला के डुमरी थाना अंतर्गत जामताड़ा के समीप बीते 23 फरवरी को मिला अधेड़ की लाश की गुत्थी पुलिस ने सुलझा लिया है और इस हत्याकांड का खुलासा कर लिया है. मृतक की पहचान मधुबन थाना क्षेत्र के बिरेनगड्डा के रहने वाले 45 वर्षीय मंजय शर्मा के रूप में की गई है. वहीं इस हत्याकांड के मुख्य दो आरोपी पति - पत्नी को पुलिस ने घटना के महज 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है. इधर सोमवार को एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेस वार्ता कर इस हत्याकांड का खुलासा किया. जिसके बाद कांड में संलिप्त पति पत्नी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. एसपी ने बताया कि छेड़छाड़ से तंग आकर पति पत्नी ने मिलकर मंजय शर्मा की हत्या कर दी थी. क्यों दिया घटना का अंजाम वही गिरफ्तार आरोपी खेमलाल महतो और इसकी पत्नी अंजु देवी ने पुलिस को बताया कि मृतक अकेले में अंजु देवी के साथ छेड़छाड़ कर परेशान करता था.इसी बात से तंग आकर पति पत्नी ने मृतक के हत्या की प्लानिंग की और उसे अपने घर बुलाकर कुल्हाड़ी, रॉड से वार

कर मौत के घाट उतार दिया. घटना को अंजाम देने के बाद दोनों पति पत्नी ने मिलकर मृतक के शव को प्लास्टिक के बैग में भर कर एक चार पहिया वाहन के माध्यम से डुमरी के जामताड़ा के पास ले जा कर झाड़ियों में फेंक दिया था. एसपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, रॉड और वाहन समेत अन्य सामग्रियां जब्त कर लिया गया है. बताया गया की फोरेंसिक टीम और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की मदद से गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध साक्ष्य इकट्ठा किया गया है. बताते चलें कि हत्याकांड के बाद एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर डुमरी एसडीपीओ सुमित कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर अनुसंधान शुरू किया गया था. पुलिस टीम तकनीकी एवम अन्य सूत्रों की मदद से आरोपियों तक पहुंची और उन्हें गिरफ्तार किया गया. टीम में एसडीपीओ सुमित कुमार के साथ पुलिस इंस्पेक्टर मनोज कुमार, डुमरी थाना प्रभारी प्रिनन पुलिस बल के साथ शामिल थे।

प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने किया हर्ल का दौरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : प्रधानमंत्री का आगामी 1 मार्च को धनबाद में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (हर्ल) का दौरा किया और वहां के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारियां हासिल की। बैठक में हर्ल के चैयरमैन देवाशिखा नंदा ने उपायुक्त को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर हर्ल द्वारा की जा रही तैयारियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जिसमें प्रधानमंत्री के हेलीकॉप्टर की हेलीपैड पर लैंडिंग, हेलीपैड पर उनका स्वागत, वहां से कार्यक्रम स्थल, उद्घाटन स्थल, सभा

स्थल, मिनट टू मिनट कार्यक्रम, गेस्ट लिस्ट इत्यादि के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। इसके बाद उपायुक्त ने हेलीपैड, सभा स्थल, एग्जिबिशन स्थल, हेलीपैड से सभा स्थल तक के रूट लाइनिंग सहित अन्य बिंदुओं का क्रमवार निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों की आज समीक्षा की है। वहीं 29 फरवरी को कार्यक्रम को लेकर फाइनल ड्राय रन किया जाएगा। मौके पर उपायुक्त वरुण रंजन, हर्ल के चैयरमैन देवशिखा नंदा, महाप्रबंधक सुरेश प्रमाणिक, डीडीसी सादात अनवर, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी, कार्यपालक दंडाधिकारी सुशांत मुखर्जी, रविन्द्र कुमार, अपर नगर आयुक्त महेश्वर महतो, हर्ल के डीजीएम एचआर सुबोध दीक्षित, चिफ मैनेजर एचआर श्रीसंत सिंह, मैनेजर एचआर विक्रांत कुमार, चिफ सिक्योरिटी आफिसर कर्नल एसके मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

एक्सपोजर विजिट के लिए 44 पंचायत समिति प्रमुख राजस्थान रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : पंचायत राज, झारखंड के उपनिदेशक के निर्देश पर डीपीएम तौहिद आलम 44 पंचायत समिति प्रमुख को लेकर राजस्थान के लिए ट्रेन से रवाना हुए। इस संबंध में आलम ने बताया कि राजस्थान में 26 फरवरी से 2 मार्च तक पंचायत समिति प्रमुख के लिए एक्सपोजर विजिट आहुत है। इसमें जिले के 44 पंचायत समिति प्रमुख एवं 2 डीपीएम को भाग लेने के लिए विभाग के उपनिदेशक ने नामित किया है। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों के लिए रांची से राजस्थान आने-जाने के लिए यात्रा टिकट विभाग द्वारा आरक्षित किया गया है।

सीबीएसई 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा के लिए 20 सेंटर पर रहेगी निषेधाज्ञा

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा जिले के 20 परीक्षा केंद्रों में संचालित की जाएगी। अनुमंडल दंडाधिकारी उदय रजक ने सभी परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर परिक्षेत्र में परीक्षा अवधि में धारा 144 दं.प्र.सं. के तहत निषेधाज्ञा जारी की है। अनुमंडल दंडाधिकारी ने बताया कि 2 अप्रैल तक जिले के डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर, डीएवी पब्लिक स्कूल मुनिडीह, डीएवी पब्लिक स्कूल सी एफआरआई, इंडियन स्कूल ऑफ़ लर्निंग कतरास मोड़, राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनसार, दिल्ली पब्लिक स्कूल कार्मिक नगर, डीएवी सैंटनरी पब्लिक स्कूल बनियाहीर, धनबाद पब्लिक स्कूल केजी आश्रम, सरस्वती शिशु मंदिर कतरास, सरस्वती विद्या मंदिर भूली, किड्स गार्डन झरिया, गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल बैंक मोड़, धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक ब्रांच, सिंबोसिस पब्लिक स्कूल बरवाअड्डा, द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन अकादमी बिहाइंड पॉलिटेक्निक, मंटफर्ट अकैडमी तोपचांची, स्वामी विवेकानंद स्कूल चिरकुंडा, केंद्रीय विद्यालय धनबाद, केंद्रीय विद्यालय मैथन डैम तथा जवाहर नवोदय विद्यालय मैथन में परीक्षा आयोजित की जाएगी। सभी परीक्षा केंद्रों में कदाचार मुक्त, शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा का संचालन करने के लिए विधि व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है। इसलिए निषेधाज्ञा के दौरान परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्रों के अगल-बगल में अनावश्यक भीड़ लगना, मटरगश्ती करना, लाउडस्पीकर का उपयोग करना एवं अनाधिकृत रूप से हथियार लेकर चलने तथा कदाचार से संबंधित किसी प्रकार की वस्तु का उपयोग करने पर प्रतिबंध रहेगा।

नूतनडीह में सीआईएसएफ जवान ने की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : शहर के सरायढेला थाना क्षेत्र के कृष्णा नगर नूतनडीह में सोमवार की दोपहर एक सी.आई.एस.एफ जवान ने आत्महत्या कर लिया। जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि डीके सरकार नामक सी.आई.एस.एफ कमांडर ने घर में खुदकुशी कर ली। बताया जाता है कि कृष्णा नुतन्डीह में पिछले एक साल से किराए के घर पर रह रहा था। सोमवार की दोपहर सी.आई.एस.एफ कमांडर ने अपने घर में खुदकुशी कर लिया। मामले की सूचना पड़ोसी ने मकान मालिक सुजीत चक्रवर्ती को दी। जिसके बाद मकान मालिक ने मामले की सूचना सरायढेला पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सरायढेला पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एस.एन.एम.एम.सी.एच भेज दिया है। जबकि सरायढेला के एएसआई अर्जुन मांझी ने बताया कि वह मानसिक तौर से बीमार था। जिसके बाद उसने यह कदम उठाया है। मृतक अपने पीछे दो बच्चे तथा अपनी पत्नी को छोड़ गया है।

टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के द्वारा आधा दर्जन विकास कार्यों का शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न

दीपक पाण्डेय@प्रभात मंत्र

टुंडी : टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं जिला सांसद प्रतिनिधि राम प्रसाद महतो की। संयुक्त उपस्थिति में पश्चिमी टुंडी क्षेत्रों में आधा दर्जन विकास कार्यों का आधारशिला रखी गई। प्राप्त समाचार के अनुसार पश्चिमी टुंडी के गोयदाहा से जीतपुर। सड़क जिसकी लंबाई कुल 3.40 वहीं मंछियारा पंचायत के पोखरिया जोरिया में एकल चेकडैम निर्माण कार्य का अधिष्ठान जाताखूंटी पंचायत के चरक कला गांव में उत्क्रमित मध्य विद्यालय में चहारदिवारी निर्माण कार्य, तथा विशनाटांड गांव में तालाब का जीर्णोद्धार कार्य वहीं पूर्वी टुंडी में लघु सिंचाई विभाग द्वारा चेकडैम निर्माण कार्य इसके अलावा दक्षिणी टुंडी में कई पथों का शिलान्यास विधिवत नारियल फोड़ कर किया। बताते चलें कि कोई भी ऐसा दिन नहीं जिससे विधायक मथुरा प्रसाद महतो द्वारा आधारशिला न रखीं गई हो इनके कार्यकाल में टुंडी में विकासों का जाल बिछाया जा रहा है। अपने विधानसभा क्षेत्रों के हर चौक चौराहों की समस्याओं पर विशेष ध्यान देने में टुंडी विधायक अव्वल रहे हैं।आज के इस शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्या मीना हेंब्रम, टुंडी बीस सूत्री अध्यक्ष इंद्रलाल बास्की, उपाध्यक्ष श्रवण टुडू, मुखिया प्रतिनिधि जयप्रकाश दां, सांसद प्रतिनिधि दिनेश राय,आजसू नेता खूबलाल मंडल, रामेश्वर बास्की, मोनिका देवी, विधायक प्रतिनिधि बसंत महतो मंछियारा मुखिया प्रतिनिधि बुधन हेंब्रम समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री ने ऑनलाईन किया पदुगोड़ा में अन्डर पास का शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

महुदा : धनबाद जिला के महुदा में रेलवे अन्डर पास का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑनलाईन किया शिलान्यास । मालूम हो की एनएच - 32 मुख्य सड़क महुदा और मुरूलिडीह गाँव के बीच स्थित पदुगोड़ा रेलवे क्रॉसिंग के पास बनने वाले अन्डर पास का पीएम मोदी के द्वारा ऑनलाईन लोकार्पण करने के अवसर पर महुदा रेलवे मेदान मे भव्य समारोह का आयोजन किया गया । जिसमे मुख्य अतिथी सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी, जिला परिषद धनबाद के अध्यक्ष शारदा सिंह, जिप सदस्य आशा देवी, मुखिया संघ के अध्यक्ष रींकु देवी, डीएन आद्रा राजेश कुमावत , एडीईएन महुदा सुशील अहिरवार, डॉ0 पीके रजक, मुखिया महेश कुमार पटवारी, सुर्यकान्त महतो, बदरूद्दीन अन्सारी, रामेश्वर महतो उर्फ बॉबी, सम्पद घोषाल, दिनेश प्रमाणिक, भाजपा मण्डल अध्यक्ष शैखर सिंह, विकास अग्रवाल, नरेश महतो, रामा शंकर तिवारी, पंसस अजय कुमार दास, उगा कुमारी, सहित महुदा रेलवे के सभी अधिकारी व कर्मी, आरपीएफ, महुदा पुलिस, आदि मौजुद थे। मंच का संचालन सीए चन्द्र भुषण ने किया। उपस्थित लोगों ने पीएम नरेन्द्र मोदी के भाषण को ध्यान से सुना ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की प्रशिक्षण कोषांग की तैयारीयों की समीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने समाहरणालय में प्रशिक्षण कोषांग की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने प्रशिक्षण कोषांग से आगामी लोक सभा निर्वाचन की तैयारियों के बारे में जानकारियां ली। इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मतदान पदाधिकारियों के प्रशिक्षण के बिंदुओं से अवगत कराया। साथ ही स्लाइड्स में अंकित बिंदुओं के बारे में विस्तृत जानकारियां दी।

उपायुक्त ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान ही गूगल शीट के माध्यम से पोलिंग पर्सनल का मूल्यांकन लिया

जाय और उसका परिणाम भी उन्हें बताया जाय। उन्होंने ईवीएम के हैंड्स ऑन प्रशिक्षण पर जोर देने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) एप डेवलप किया जा रहा है। इसमें सारी महत्वपूर्ण जानकारियां रहेंगी और उस पर मूल्यांकन भी किया जा सकेगा। साथ ही कहा कि पोलिंग पार्टी के सुलभ सहायता हेतु प्रत्येक बूथ पर लॉजिस्टिक पार्ट को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने पावर प्वाइंट में ईवीएम मूवमेंट के संबंध में आवश्यक तथ्य को शामिल करने का निर्देश दिया।

मनीर उरांव ने लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर पदाधिकारीयों के साथ की बैठक

प्रधानमंत्री मोदी जी का संदेश घर-घर तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : योगेंद्र प्रताप सिंह

झारखंड सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ होगा 4 मार्च को धरना प्रदर्शन : अलखनाथ पांडे

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में एक अति आवश्यक बैठक भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित प्रदेश प्रवक्ता अतिथि योगेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडे, ओम प्रकाश सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष राजमोहन राम के द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को बुथ चलो अभियान कार्यक्रम को सफल बनाना है साथ ही आगामी 1 मार्च से 4 मार्च तक घर-घर जाकर केंद्र सरकार के द्वारा दिए गए लाभ प्राप्त किए गए लाभार्थियों से संपर्क कर प्रधानमंत्री मोदी जी के संदेश को घर-घर पहुंचाना,प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडे जी ने कहा कि झारखंड सरकार के भ्रष्ट नीति के खिलाफ 4 मार्च को झारखंड के सभी प्रखंड मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया जाएगा कार्यकर्ताओं से आग्रह है झारखंड सरकार की गलत नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाएं और धरना प्रदर्शन के माध्यम से झारखंड सरकार के गलत नीति के खिलाफ जन आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन करें जिला अध्यक्ष मनिर उराँव ने कहा कि संगठन के सभी कार्यकर्ता दिन-रात एक कर संगठन को मजबूत करने में लगे हुए हैं सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह है जो भी कार्यक्रम संगठन के द्वारा तय किया जाता है उसे समय पूरा करें आने वाला लोकसभा चुनाव हमें भारी बहुमत से जितना है, दिनांक 27 फरवरी 2024 को लोकसभा स्तरीय बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन गुमला में आयोजित की गई थी जो किसी कारण बस स्थगित किया गया है। कार्यक्रम में नीरज नलिन, नवीन कुमार टिंकू, हर्षनाथ महतो, सामेला भगत, सूरज मोहन साहू, बालकृष्ण सिंह, राजकुमार वर्मा, अजय पंकज, कलावती देवी, मीणा बाखला, भारती सिंन्हा, अनिल उरांव, जगनंदन पौराणिक, छेदी राम सरोज प्रजापति, मनीष शिखर, प्रकाश नायक, संजय चौधरी, नासिर अंसारी, जितेंद्र महतो, सुरेश बैठा, लखन उरांव, विवेक सोनी, मुकेश साहू, नवीन साहू, सूरज दसवांधी, अमरेश भारती, सुदामा प्रसाद, राजकुमार मुंडा, जगन्नाथ राम सहित लोहरदगा जिला के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

झारखण्ड के अमृत स्टेशन के अंतर्गत बानो स्टेशन सहित पूरे झारखंड को करोड़ों की मिली सौगात

देश के विकास के लिए मिल का पत्थर साबित होगा यह योजना : सुशील श्रीवास्तव

प्रभात मंत्र संवाददाता

बानो : रेल मंत्रालय ने भारतीय रेलवे के स्टेशनों के विकास के लिए अमृत स्टेशन योजना शुरू की है। जिसका दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ निरंतर आधार पर स्टेशनों के विकास की परिकल्पना के साथ झारखंड में करोड़ों की सौगात दी गई। इसमें इस तरह के प्रत्येक स्टेशन में जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्टेशन पहुंच, सर्कुलेटिंग क्षेत्र, प्रतीक्षालय, शौचालय के सुधार, आवश्यकतानुसार लिफ्ट/एस्केलेटर, स्वच्छता, मुफ्त वाई-फाई, एक स्टेशन एक उत्पाद जैसी योजना के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, एक्जीक्यूटिव लाउंजों, व्यवसायिक सभाओं के लिए मनोनित जगहों, लैंडस्केपिंग इत्यादि जैसी सुविधाओं में सुधार लाने के लिए मास्टर प्लान तैयार करना तथा चरणबद्ध तरीके से उसका क्रियान्वयन शामिल है। इस योजना में इमारतों के सुधार, शहर के दोनों किनारों के साथ स्टेशन को एकीकृत करने, मल्टीमॉडल एकीकरण, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल समाधान, बैलास्ट रहित ट्रैक का प्रावधान, आवश्यकता के अनुसार रूफ प्लाजा, चरणबद्धता और संभावनाओं और दीर्घावधि में स्टेशन पर सिटी सेंटरों के निर्माण की भी परिकल्पना की गई है। अब तक, भारतीय रेलवे में इस योजना के तहत विकास/पुनर्विकास के लिए 1318 स्टेशनों की पहचान की गई है। बानो स्टेशन में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना का आज एक अंग दिख रहा है, हमारे जीवन में रेलवे का बहुत अहम स्थान है आज देश भर में 41000 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने किया है यह देश के विकास के लिए मिल का पत्थर साबित होगा केंद्रीय मंत्री से अर्जुन मुंडा जी के प्रयास से जन भावनाओं के अनुरूप कुछ और ट्रेनों का ठहराव बानो स्टेशन में होगा आज इसी कड़ी में बानो स्टेशन के जीर्णोधार सहित रेल लाइन दोरीकरण के अंतर्गत 12.5 करोड़ का सौगात दिया गया है।

भाजपा के बी टीम के रूप में नजर आ रही है कांग्रेस पार्टी

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : भाजपा के बी टीम के रूप में उभर कर सामने आ रही है कांग्रेस पार्टी। कांग्रेस पार्टी के नेता लगातार भाजपा में शामिल हो रहे हैं। कांग्रेस को वोट देने का मतलब अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा को ही समर्थन देना लग रहा है। झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री एनोस एक्का सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कांग्रेस पर हमला बोला है। एनोस एक्का ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस पार्टी की एकमात्र सांसद गीता कोड़ा सोमवार को भाजपा में शामिल हो गई। लोकसभा में झारखंड कांग्रेस मुक्त हो गई है। इसके अलावे कांग्रेस के कई विधायक के द्वारा भाजपा के द्वारा करोड़ों रुपए लेने की बात मीडिया से लोग जान चुके हैं। उन्होंने जिले के दोनों कांग्रेस विधायक पर भी जनता की भावनाओं का ख्याल नहीं रखने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विधायकों को जिले के विकास से और लोगों की समस्या से कोई मतलब नहीं है। जिले के जनप्रतिनिधि क्षेत्र में नफरत फैला कर प्रेम और स्नेह के वातावरण को खत्म करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिले के जनप्रतिनिधि लोगों के बीच जाकर धर्म के बारे में बेतुका और बेबुनियाद बातें कह कर लोगों को बरगलाने का काम कर रहे हैं। एनोस ने कहा कि झारखंड पार्टी राज्य की सबसे पुरानी पार्टी है और अलग झारखंड की लड़ाई में झारखंड पार्टी का योगदान अहम है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी लोगों के आशीर्वाद, प्यार और समर्थन के दम पर झारखंड पार्टी एक बार फिर अपना परचम लहराएगी और लोगों की सेवा करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी ऐसा सिमडेगा जिला (कोलेबिरा और सिमडेगा विधान सभा) बनना चाहती है, जिसमें सभी आदिवासियों, मूलवासियों एवं आम नागरिकों को आगे बढ़ने का समान अवसर मिलेगा। हर परिवार को रोटी, कपड़ा, मकान, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, हर विद्यार्थी को शिक्षा, हर खेत को पानी तथा युवाओं को रोजगार के अवसरों से जोड़ा जायेगा। हाथी के उत्पात से निजात दिलाया जायेगा। बालू जैसी समस्याओं को दूर किया जाएगा। अस्पतालों में 24 घंटे डॉक्टर की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। सिमडेगा जिला प्रगति की राह पर आगे बढ़ता जायेगा। उन्होंने धर्म, जाति, अमीरी गरीबी, ऊच-नीच आदि की भावना से ऊपर उठकर झारखंड पार्टी को समर्थन देने की अपील की।

सुखदेव भगत ने लोहरदगा जिले की समस्याओं को लेकर उपायुक्त से की मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

झारखंड : प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सह लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी सुखदेव भगत सोमवार को लोहरदगा के अनेक समस्याओं को लेकर लोहरदगा उपायुक्त डॉक्टर बाघमरे प्रसाद कृष्ण से मुलाकात कर समस्याओं के निदान के संदर्भ में विचार विमर्श किये। मौके पर सुखदेव भगत ने उपायुक्त को बताया कि जिले के कई प्रखंडों में ओलावृष्टि होने से सैकड़ो किसानों के फसल को काफी नुकसान हुआ है जिससे किसान काफी परेशान है। जिले के काफी किसान ऋण लेकर भी फसल लगाए थे। जल्द से जल्द क्षतिपूरक रिपोर्ट तैयार किया जाए ताकि किसानों को मुआवजा मिल सके। जिले में जो अबूवा आवास का सूची तैयार किया गया है उसमें अंक देने में काफी अनियमित हुई है यह बातें अनेक मुखिया ने उन्हें आकर बताया है। श्री भगत ने कहा कि जरूरतमंद को सबसे पहले अबुवा आवास मिलना चाहिए अगर आबुवा आवास में अनियमितता हुई है तो फिजिकल जांच उसका होना चाहिए। श्री भगत ने कहा कि किस्को प्रखंड में कब्रिस्तान घेराव, सरना मसना घेराव की अनेक योजना ग्राम सभा से पारित होकर कल्याण विभाग में भेजा गया है बावजूद इसकी स्वीकृति हेतु रांची नहीं भेजा गया। जो योजना का ग्राम सभा से पारित है उसे स्वीकृत हेतु रांची भेजा जाए साथ ही अनेक समस्याओं के निदान हेतु भी उपायुक्त से चर्चा किये। उपायुक्त ने कहा कि अबुवा आवास का चयन सही हुआ है अगर व्यक्ति विशेष कहीं गलत हुआ है तो उसका नाम उपलब्ध कराया जाए ताकि जांचोपरांत उस पर कार्रवाई किया जाएगा। ओलावृष्टि से किसानों के हुये फसल नुकसान का क्षतिपूरक रिपोर्ट शीघ्र तैयार करने, कल्याण विभाग से ग्राम सभा से स्वीकृत योजनाओं को जल्द स्वीकृत कराने हेतु रांची भेजने का आश्वसन दिए। मौके पर पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां,लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति सदस्य आलोक कुमार साहु उपस्थित थे।

शांति व सौहार्द के साथ मनाया गया इबादत का पर्व शब-ए-बरात

सेन्हा, लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र के मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा रविवार की रात में सेरेंगहातु, उगरा, सेन्हा, अरु, झखरा, कल्हेपाट, भड़गाँव, अरु बाँधटोली, भंगाडी, तोड़ार, बुटी सहित विभिन्न जगहों के मस्जिद में नमाज अदा करने और फतया खानी के बाद लोगो ने कब्रिस्तान में इबाबत किया या रब मेरी गुनाहों को माफ कर दे, मेरी तौबा कबूल फरमा, मेरी इबाबतो को अपनी रहमत में जगह दे शब-ए-बरात की रात में मुस्लिम धर्मावलंबियों के लोगो ने इस तरह का इबाबत कर दुवा किया। प्रखंड क्षेत्र के सभी जगहों में इबाबत करने के लिये तांता लगा रहा वही सभी जगहों पर मस्जिद व कब्रिस्तान को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। नमाजियों द्वारा रात भर मस्जिद में नमाज अदा कर दुवाएं मांगी गई। कब्रिस्तान में भी अपने स्वर्गवासियों सम्बन्धियो के मगफिरत की दुआएं मांगी गई। वही मौलाना गुलाम मुस्तफा और सेन्हा अनुमान के सदर मोख्तार अंसारी ने बताया की शब-ए-बरात की रात को फजीलत वाली होती है। जिसे बुराई,गलत और गुनाहों से बचना चाहिये तथा अल्लाह की इबाबत में रात गुजारना चाहिये। क्यो की शब-ए-बरात की रात साल में एक बार आती है। प्रखंड क्षेत्र के सभी जगहों में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा शांति व सौहार्द के साथ त्यौहार मनाया गया।

डॉ. अशोक आचार्य ने लोहरदगा जिला को किया गौरवान्वित

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : जिला के लिए बड़ा ही गौरव की बात है स्वर्गीय बद्री साहू के पुत्र नदियां निवासी प्लस टू उच्च विद्यालय मुगो के संस्कृत शिक्षक डॉ. अशोक आचार्य ने योग विषय में शीर्षक आत्म तत्व का बोध एवं मानसिक स्वास्थ्य- एक अध्ययन पर जगदीश प्रसाद झाबरमल विश्वविद्यालय झुंझुनू राजस्थान से पी.एच.डी की उपाधि प्राप्त कर लोहरदगा जिला को गौरवान्वित किये। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल-सी,पी राधाकृष्णन एवं पश्चिम बंगाल के राज्यपाल-सी.वी आनंद बोस उपस्थित रहे। इस समय डॉक्टर अशोक शिक्षण कार्य के साथ-साथ योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर लगाकर लोगों का शारीरिक,मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। डॉ अशोक आर्य समाज के वैदिक गुरुकुल में रहकर गुरुओं से प्राप्त योग शिक्षा को लगातार लोगों के बीच पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। आज के समय में लोगों के खान-पान एवं दिनचर्या ठीक नहीं होने के कारण रोग बढ़ रहे हैं। जिसे योग प्राकृति के बीच में रहकर ठीक किया जा सकता है। और रोगों से बचा जा सकता है एवं अपना शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक उन्नति कर सकते हैं।

मुक्तिधाम की सुविधाओं में कोई कमी नहीं होने दी जाएगी : धीरज प्रसाद साहू

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : भक्सो (हरमू) मुक्ति धाम के विकास कार्य के लिए माननीय राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने अपने साँसद कोष से शवदाह हेतु चूल्हा, शेड निर्माण सहित अन्य कार्यों के लिए आठ लाख रुपए की राशि सांसद मद से प्रदान किए। केंद्रीय मुक्तिधाम समिति के पदाधिकारियों से धीरज प्रसाद साहू ने कहा की मुक्तिधाम में हर सुविधाओं का ख्याल रखना हमारा दायित्व है। भविष्य में भी मुक्तिधाम में किसी प्रकार की सहयोग की आवश्यकता पड़ने पर मैं तन, मन, धन से आपके साथ हूं। श्री साहू द्वारा इस नेक कार्य के लिए केंद्रीय मुक्तिधाम के पदाधिकारियों ने आभार प्रकट करते हुए उन्हें बधाई दी। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से केंद्रीय मुक्तिधाम के अध्यक्ष मनोज गुप्ता (मन्ना) संरक्षक ओमप्रकाश सिंह, राजेंद्र खत्री, कवलजीत सिंह, ब्रज बिहारी प्रसाद, उमेश काँस्यकार, संजय कुमार बर्मन, रितेश कुमार साहू, अमिय कुमार गुप्ता, विनोद सिंह, ब्रज सिंह, सूरज अग्रवाल एवं केंद्रीय मुक्तिधाम के पदाधिकारी मनोज साहू, दीपक शराफ, मिट्ठू कुंवर, सागर वर्मा, डब्लू राय, संदीप भगत, विशाल महेंद्रु, अवधेश मित्तल, राजू यादव, संतोष क्रेकेटा, तापस कुमार राय, विकास साहू, प्रेम किशोर प्रजापति, धर्मेंद्र भगत, रिंकू वर्मा, उदय दत्ता, सुरेश ठाकुर, गुड्डस गुप्ता, उपेंद्र साहू सहित अन्य लोग शामिल हैं।

शिव मंदिर तामड़ा वार्षिक महोत्सव के मौके पर शुरू हुआ 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर की प्रथम वार्षिक महोत्सव के मौके पर सोमवार की सुबह कलश यात्रा के साथ 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन प्रारंभ हो गया। सर्वप्रथम तालाब से कलश में जल लेकर पूरे गांव का भ्रमण किया गया इस मौके पर काफी संख्या में गांव की महिलाएं उपस्थित रही, वहीं इधर धार्मिक अनुष्ठान में आचार्य विश्वनाथ मिश्र के द्वारा सभी प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर रहे हैं तो वहीं यजमान के रूप में सुंदर साव शामिल है। वही कीर्तन शुरू हुई जहां पर आसपास के काफी संख्या में गांव के लोग शामिल हुए वहीं कीर्तन में भाग लेने के लिए तामड़ा, भेलवाडीह, बीरू, सिकरियाटांड, टभाडीह, कुम्हार टोली, भींजपुर, सरलौंगा, पतरा टोली सहित कई गांव की मंडली शामिल हुई है और हरे राम हरे कृष्ण के धुन के साथ पूरे गांव का वातावरण भक्तिमय में बना दिया। जानकारी देते हुए समिति के सदस्यों ने बताया कि इस मौके पर भंडारे का भी आयोजन किया है जहां पर काफी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया वहीं मंगलवार को कीर्तन समाप्ति के मौके पर हवन पूजन एवं नगर भ्रमण का आयोजन किया जाएगा।

नाबालिग युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): भंडरा थाना क्षेत्र के झीको गांव में सोमवार को नाबालिग ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है। मृतक की पहचान झीको गांव निवासी राजकुमार उरांव के पुत्र संतोष उरांव (16 वर्ष) के रुप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने घटनास्थल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। साथ ही अग्रतर कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि विगत चार-पांच माह से संतोष बहुत गुमशुम रहता था। किसी से बात तक नहीं करता था। मानसिक रूप से कमजोर संतोष ने अपने अल्बेस्टर घर में ही कपड़ा के सहारे फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। घटना के समय सभी लोग काम से खेत में गए हुए थे।

खेल से शारीरिक मानसिक व बौद्धिक विकास होता है : गणेश लाल

सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र के चितिरी डाँडू पंचायत अन्तर्गत स्थित एकागुड़ी खेल मैदान में प्रखंड स्तरीय खेल कूद कार्यक्रम का आयोजन नेहरू युवा केन्द्र के स्वयं सेवक आकाश कुमार साहु द्वारा कराया गया। आयोजित खेल प्रतियोगिता में प्रखंड ज़हेतर के विभिन्न गांव के युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गणेश लाल तथा बाल्मीकि कुमार एवं आलोक कुमार,नीलम माधुरी मुकेश राम ,आदित्य कुमार द्वारा खिलाड़ियों व युवाओं से परिचय प्राप्त कर खेल पररम्भ कराया गया। वही मुख्य अतिथि गणेश लाल ने कहा की खेल से शारीरिक,मानसिक व बौद्धिक विकास होता है। बच्चे बच्चियाँ और युवक युवती पढ़ाई और निजी काम से समय निकाल कर खेल के प्रति भी ध्यान दे। साथ ही कहा कि नेहरू युवा केन्द्र द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी और युवक युवतियों को खेलकूद के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के प्रयास सराहनीय है। जिसे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे बच्चियाँ खेल में बेहतर और विकास कर सहते हैं।

लोगों के सपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प : सुदर्शन भगत

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत लोहरदगा रेलवे स्टेशन का पुर्नविकास के लिए शिलान्यास व उद्घघाटन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन किया। पूरे देश में 585 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास एवं 1500 रोड ओवरब्रिज/अंडरपास का शिलान्यास व उद्घाटन आज हुआ है। जिसमे लोहरदगा रेलवे स्टेशन का भी नाम शामिल हैं। इसी नीमीत्त लोहरदगा रेलवे स्टेशन परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घघाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत शामिल हुए। मुख्य अतिथि का स्वागत के सी.पी.एम गिरीश कुमार ने पुष्प गुच्छ एवं पौधे देकर स्वागत किया। एवं मौके पर अनेकता में एकता थीम पर के. के .एम विद्यालय द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। साथ ही विद्यालय में रेलवे के द्वारा 2047 तक विकसित भारत एवं रेलवे की उन्नति विषय को लेकर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था इसमें सफल प्रतिभागियों के बीच स्मृति चिन्ह एवं सर्टिफिकेट वितरण मुख्य अतिथि सांसद सुदर्शन भगत के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का प्रसारण वर्चुअल एलईडी स्क्रीन के माध्यम से किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संबोधन से पूर्व सांसद श्री सुदर्शन भगत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोहरदगा एक छोटी लाइन हुआ करती थी जिसे हमारे पूर्व के तत्कालीन भारत रत्न सभी अटल बिहारी वाजपेई जी के प्रधानमंत्री कार्यकाल में इसे बड़ी लाइन में परिवर्तन की गई। आज उन्हीं के सपनों को लेकर कई गुना अधिक गति से कार्यों का निष्पादन आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हो रहा है मोदी जी का कहना भी है कि लोगों के सपने हमारे संकल्प हैं। और इसी संकल्प के साथ लोगों की हर जरूरत को आसानी से पूरा करने के लिए दिन-रात कार्य किया जा रहे हैं इसका जीता जागता एक उदाहरण हमारा लोहरदगा स्टेशन का विकास है।और भी कायाकल्प होगी। मैं जब-जब जनता की आवाज को यात्रा की सुलभता के लिए उठाए मांग की तब तब हमें रेलवे मंत्रालय के द्वारा दोगुनी सौगात के रूप में मिली है। आज वर्तमान भाजपा की सरकार में रेलवे की बजट पूर्व के अपेक्षा कई गुना बढ़ गई है हमारे झारखंड में ही केवल 7234 करोड़ का प्रोजेक्ट कार्य चल रहा। विशेष का दक्षिण पूर्व रेलवे मंडल अंतर्गत की बात करू तो कल 14 स्थान पर पूर्ण विकास एवं कई योजनाओं के कार्य संपन्न हो रहे हैं वर्तमान में हमारे लोहरदगा स्टेशन पर लगभग 11 करोड़ की योजनाएं संपन्न किया जा रहे हैं जिसमें स्वच्छ जल, शौचालय, प्लेटफॉर्म ओवरब्रिज, आईरन ब्रिज, लिफ्ट सड़क सहित अन्य प्रकार की सुविधाएं शामिल है। आज भारत बुलेट ट्रेन की सपने को पूर्ण कर रही है भाजपा सरकार 530 घंटे की सफर 2 घंटे 320 कि.मी. प्रति घंटे की रफ्तार से पूरी कराएगी। यह हमारे आत्मनिर्भर शता के संकल्प का परिणाम है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रमेश उराँव, सी.पी.एम गीरिश कुमार, ए , सी.एम अनिल जैरिल, सहित रेलवे इंस्पेक्टर रघुवीर सिंह, विकास कुमार, मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता ब्रजबिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, चन्द्रशेखर प्रसाद, त्रिवेणी दास, दीपक सर्राफ, विश्वजीत शाहदेव, पशुपति नाथ पारस, सजल कुमार, कुलदीप कुमार, बबलू जयसवाल, रौशन साहू, मोती साहू, विश्वनाथ उराँव, अनुप वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

अंजुमन के नवनिर्वाचित सदर व सेक्रेटरी और पंचायतों से आए मेम्बरान ने लिया पद व गोपनीयता की शपथ

देश के कानून व्यवस्था के तहत कौमी मिल्लत और समाज की बेहतरी के लिए करें काम : एसपी

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : लोहरदगा अंजुमन इस्लामिया के नवनिर्वाचित सदर व सेक्रेटरी तथा पंचायतों से आए मेम्बरान को शपथ दिलाने को लेकर रविवार को उर्स मैदान में भव्य शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कलाम ए पाक की तिलावत से कारी शमीम रिजवी ने और मस्जिद ए असनी के इमाम कारी हाजी शाहिद फिदायी के जरिए नात ए पाक पढ़ किया। इसमें परंपरागत रूप से जामा मस्जिद के इमाम कारी शमीम रिजवी द्वारा नवनिर्वाचित सदर अब्दुल रउफ अंसारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। जबकि सेक्रेटरी सैयद शाहिद अहमद को हाजी अशरफ खान ने शपथ दिलाई। और के सदर व सेक्रेट्री को शपथ दिलाने के बाद प्रत्येक पंचायत से अंजुमन बोर्ड के सदस्यों को इलेक्शन कमिटी के जरिए शपथ दिलाई गई। शपथ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिले के पुलिस कप्तान हारिस बिन जमा ने कहा कि कोई भी देश संविधान और कानून से चलता है, संविधान ने ही अंजुमन को अधिकार दिया है की अपने समस्या का समाधान कानूनी दायरे में करें।अंजुमन इस्लामिया को भी देश के कानून व्यवस्था के तहत कौमी मिल्लत और समाज की बेहतरी के लिए काम करने की अवश्यकता है। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन का संपूर्ण सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि अंजुमन इस्लामिया के मजलिसे अम्मा, मजलिसे आमला और मजलिसे सुरा है, इसका भी संचालन बेहतर ढंग से हो और समाज के मामलों का निष्ठा पूर्वक निपटारा हो। उन्होंने कहा कि देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद ने अंजुमन इस्लामिया की शुरुआत हिंदुस्तान में किसी एक धर्म या समुदाय के लिए नहीं बल्कि देश में बराबरी और न्याय पूर्ण वातावरण बनाने के लिए किया था। विशिष्ट अतिथि एसडीओ अमित कुमार ने कहा कि अंजुमन पर समाज के विकास की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। पदाधिकारियों को समाज में व्याप्त कुरीतियों,अशिक्षा को दूर करने को लेकर सार्थक प्रयास करने होंगे। झारखंड अल्पसंख्यक आयोग से सदस्य वारिस कुरैशी ने कहा कि समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बेहतर कल के लिए आज प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा अल्पसंख्यक विकास के लिए प्लान बनाए, आयोग आपको हर कदम पर साथ रहेगा। पूर्व सदर हाजी शकील अहमद ने कहा कि अंजुमन इस्लामिया धार्मिक और सामाजिक संगठन है। इसका दायरा समाज के प्रत्येक वर्ग तक फैला हुआ है। इस लिहाज से दायित्व भी काफी बड़ा है। उन्होंने नव निर्वाचित सदर व सेक्रेटरी से कहा कि जब भी कौम व मिल्लत के लिए अंजुमन हमें पुकारे हम हाजिर होंगे। और अंजुमन अस्पताल और आयसा कच्ची विद्यालय को बेहतर करने की अपिल किया।

चलते चलते एक नजर

जनता को विश्व स्तरीय रेल सुविधाएं दे रही सरकार : भाटिया

चंडीगढ़ : अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से देश के 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और 1500 रेलवे के रोडओवर व अंडरपास ब्रिजों का शिलान्यास, उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित किए गए। इसी कड़ी में यमुनानगर-जगाधरी रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में अंबाला डिवीजन के रेल प्रबंधक मंदीप सिंह भाटिया मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा भी शामिल रहें। कार्यक्रम से पहले रेल प्रबंधक ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए अंबाला रेल प्रबंधक मंदीप सिंह भाटिया ने बताया कि आज प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल माध्यम से देश के 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और 1500 रोडओवर ब्रिज व अंडर पास ब्रिजों का शिलान्यास और उद्घाटन किया गया है। जिसमें यमुनानगर- जगाधरी स्टेशन का रोड ओवर ब्रिज संख्या 98- बी 2 का शिलान्यास भी शामिल किया गया है।उन्होंने बताया कि यहां के स्टेशन पर चल रहा सौंदर्यीकरण का कार्य प्रगति पर है। स्थानीय जनता और रेल कर्मियों को पार्किंग जैसी अच्छी व्यवस्था जल्द मिलेगी। वहीं रोड़ ओवर ब्रिज को भी तय समय में पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रेल यात्रियों को विश्व स्तर की सुविधाएं मिलें इसके लिए रेलवे सदा प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि रेल जनता की अपनी संपत्ति है। इसे सुरक्षित रखने में जनता का भी सहयोग जरूरी है। इस मौके पर अंबाला रेल डिवीजन के उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहें।

रांची में हास्य कवि सम्मेलन 23 को

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता): होली के अवसर पर 23 मार्च को मारवाड़ी भवन में कवि सम्मेलन होगा। समिति के अध्यक्ष अशोक नरसरिया ने सोमवार को कहा कि कवि सम्मेलन में दिल्ली के सुरेंद्र शर्मा, लखनऊ के अनिल अग्रवाल और साक्षी तिवारी, राजेश अग्रवाल, दीपक सैनी, ज्ञानी बैरागी सहित अन्य प्रख्यात कवियों को आमंत्रित किया गया है। अशोक नरसरिया ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार श्रोताओं के बैठने के लिए बेहतर प्रबंध किए जा रहे हैं। इस बार श्रोताओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर के कवियों को सुनने का मौका मिलेगा। इसकी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है।

बाल अधिकार कार्यकर्ता बैद्यनाथ रत्नश्री अवार्ड से सम्मानित

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता): बाल अधिकार कार्यकर्ता बैद्यनाथ कुमार को दिल्ली में रत्नश्री अवार्ड से सम्मानित किया गया है। बैद्यनाथ कुमार ने सोमवार को कहा कि रत्नश्री अवॉर्ड पाकर वे धन्य महसूस कर रहे हैं। इस अवॉर्ड ने बच्चों और महिलाओं के प्रति उनकी जिम्मेदारियों को और बढ़ा दिया है। कोशिश रहेगी कि सबकी आशाओं पर खरा उतरूं। उल्लेखनीय है कि बैद्यनाथ कुमार पिछले कई वर्षों से बाल तस्करी पर कार्य कर रहे हैं। अबतक उन्होंने आठ हजार से अधिक नाबालिग लड़के और लड़कियों को देश के अलग-अलग राज्यों से रेस्क्यू कराया है।

पीएम ने शहर के साथ ग्रामीणों को भी दिया तोहफा : अरुणा शंकर

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 554 रेलवे स्टेशनों के पुनरविकास एवं 1500 रोड ओवर ब्रिज, अंडरपास का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कामलो द्वारा ऑनलाइन किया गया। जिसमें निगम क्षेत्र के सिंगरा ओवरब्रिज भी एक है। जहां स्थानीय तौर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम महापौर अरुणा शंकर को रेलवे की ओर से आमंत्रित किया गया।

प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे मालूम है कि ओवरब्रिज या अंडरपास गांव में नहीं होने से स्कूल जाने वाले बच्चों, माताओं, बहनों एवं बुजुर्गों को लाइन क्रॉस करते समय खतरों से गुजरना पड़ता या लंबी दूरी तय करके दूसरी ओर जाना पड़ता। आज प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया यह तोहफा शहर या ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में एक सुरक्षा के साथ आवागमन सुलभ करेगा। प्रथम महापौर ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री जहां एक और बड़े-बड़े शहरों में मेट्रो लॉकर आवागमन सुलभ कर रहे हैं।वही छोटे ग्रामीण क्षेत्र में भी सुरक्षा के साथ यातायात सुलभ बना रहे।

यह एक दूरदर्शी सोच का व्यक्ति ही कर सकता है। मैं पूरे ग्राम वासियों की ओर से उन्हें कोटि-कोटि नमन करती हूं।

राष्ट्रपति कल रांची में, सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 28 फरवरी को सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड (सीयूजे) के तीसरे दीक्षांत कार्यक्रम में शामिल होंगी। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर रांची जिला और पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

राष्ट्रपति का कारकेड जिस मार्ग से गुजरेगा, वहां पर तीन लेयर की सुरक्षा रहेगी। राष्ट्रपति की सुरक्षा में छह आईपीएस के अलावा 10 डीएसपी, 25 इंस्पेक्टर, 20 दारोगा के सहित लगभग दो हजार से अधिक अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। साथ ही राष्ट्रपति की सुरक्षा में बम निरोधक दस्ता के अलावा जैप, आईआरबी, रैफ और जगुआर की टीम को तैनात किया गया है। एसएसपी चंदन सिन्हा ने सोमवार को बताया कि राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर एयरपोर्ट से लेकर सेंट्रल यूनिवर्सिटी तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि तैनात सभी पुलिस अफसरों और कर्मियों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी थानेदारों को निर्देश दिया है कि वे लगातार एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाएं। खास तौर पर राष्ट्रपति का जिस इलाके कार्यक्रम है, उन जगहों पर थानेदार को लगातार गश्त करने को कहा गया है। इसके अलावा होटल और लॉज पहुंचकर ठहरे लोगों का भी सत्यापन करने का निर्देश दिया गया है। ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों पर सीधी कार्रवाई की जाएगी।

मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम ने तीन दिनों में 4 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया

एजेंसी

मुंबई : मुंबई एयरपोर्ट पर सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) की टीम ने तीन दिनों के भीतर नौ अलग-अलग मामलों में 4.06 करोड़ रुपये का 7.57 किलोग्राम से अधिक सोना और एक आईफोन जब्त किया है। बरामद किया गया सोना यात्रियों के पहने हुए कपड़ों, शरीर पर और उनके हैंडबैग में छुपाया था। कस्टम सूत्रों के अनुसार उनकी टीम मुंबई एयरपोर्ट पर नियमित निगरानी कर रही है। पिछले तीन दिनों में अलग-अलग नौ मामलों में कस्टम की टीम ने विभिन्न देशों से आए यात्रियों की तलाशी ली। इन सभी ने क्रॉकरी के बॉक्स, पहने हुए कपड़े, हैंड बैग के फ्रेम में सोना छुपाया था, जिसे बहुत तकनीकी तरीके से तलाशी लेकर पकड़ लिया गया है। इन मामलों में हैंडलर से असली सोना तस्कर के जानकारी हासिल की जा रही है।

संत मरियम के छात्रों ने इन्डो-नेपाल कराटे चैंपियनशिप में जीता 2 गोल्ड व 3 सिल्वर

देश के भविष्य हैं होनहार बच्चे : अविनाश देव

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : काठमांडू नेपाल में आयोजित इन्डो-नेपाल कराटे चैंपियनशिप में संत मरियम स्कूल के बाल कराटेकारों ने अपने वेट-कैटेगरी में शानदार फाइट करते हुए दो गोल्ड मेडल एवं तीन सिल्वर मेडल अपने नाम किया। विजयी प्रतिभागियों में आनंद कुमार और शिव दयाल सिंह को गोल्ड मेडल वहीं अयान सिद्दीकी, उज्ज्वल राज, आदित्य उरांव को सिल्वर मेडल और मिक्सड- मार्शल -आर्ट्स टाईगर्स एकेडमी के रवि नयन को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ। इस आयोजन के दौरान शानदार प्रदर्शन हेतू कराटेकार आनंद कुमार को बेस्ट फाईटर का अवार्ड दिया गया। यह चैम्पियनशिप नेपाल शोतोकान कराटे डू- एसोसिएशन के

तत्वावधान में बाल श्रीजानालय स्कूल जोरपटी काठमांडू नेपाल में 22-23 फरवरी को किया गया था। पूरी टीम कराटे टीम मुख्य मार्शल-आर्टस प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में नेपाल गया था। शानदार उपलब्धि के लिए संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार एंव बाल कराटेकारो को बहुत-बहुत बधाई देते हुए कहा कि यह होनहार बच्चे देश के भविष्य हैं और मुझे पूर्ण विश्वास है कि आगे चलकर पलामू जिला झारखंड राज्य सहित देश का नाम रौशन करेंगे। विद्यालय परिवार हमेशा से ऐसा प्रतिभावान बच्चों के साथ है। और साथ रहेगी। स्कूल के सभाकक्ष में विद्यालय उन्हें विशेष रूप से सम्मानित करेगी।बधाई प्रेषित करने वालों में प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श, हॉस्टल इंचार्ज उत्कर्ष देव, उप प्रधानाध्यापक एसबी शाहा,अमरेन्दर सर, पूजा देव, संगीत प्रशिक्षक श्याम किशोर पाण्डेय,नृत्य प्रशिक्षक सनतन सोनी, समेत पुरे शिक्षक शामिल रहें।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने किया तीन एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का उद्घाटन

झारखण्ड में 91 एकलव्य विद्यालयों की स्थापना की जाएगी : अर्जुन मुंडा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : जनजातीय छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को प्रोत्साहन देते हुए अर्जुन मुंडा, जनजातीय कार्य, कृषि और किसान कल्याण मंत्री, भारत सरकार ने सोमवार को पश्चिमी सिंहभूम में तांतनगर, मंझारी और नोवामुंडी में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नोवामुंडी एकलव्य विद्यालय का उद्घाटन करना मेरे लिए गौरव का क्षण है। आज का दिन हमारे बच्चों की मुस्कान को, उनके उज्जवल भविष्य को और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में उठाए गए कदम को समर्पित है। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार आदिवासी युवाओं की शिक्षा और कौशल पर विशेष बल दे

रही है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की परिकल्पना जनजातीय प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए की गयी है, ताकि प्रतिभाशाली जनजातीय बच्चे फीस न देने के आभाव में शिक्षा से वंचित न रहें।

हमारा लक्ष्य, देशभर में ऐसे लगभग साढ़े 740 स्कूल खोलने का है, जिसमें 3.5 लाख जनजातीय छात्रों को उनके अपने वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। वर्तमान में 402 ईएमआरएस पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं जिसमें 1,21,640 आदिवासी छात्र छात्राएं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर रहें हैं।

हम अगले 3 वर्षों में देश के एकलव्य विद्यालयों के लिए 38 हजार से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति कर रहें हैं। 2 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री जी द्वारा रोजगार मेले में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के 10,000 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं।अत्याधुनिक पद्धति से शिक्षण की व्यवस्था करने के लिए देश के 175 एकलव्य विद्यालयों में स्मार्ट क्लास स्थापित किए जा रहे हैं।जहां 2013-14 में कुल पंजीकृत छात्रों की संख्या 34,365 थी की तुलना में 2023-2024 में कुल पंजीकृत छात्रों की संख्या 1,32,275 हो गई है जो लगभग 3.5 गुना की वृद्धि है । कार्यशील एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की संख्या 2013-14 में 119 के तुलना में 2023-24 में 402 हो गई है जो लगभग 3 गुना से अधिक की वृद्धि है।

भाकपा माले की दो दिवसीय राज्य कमेटी की बैठक रांची में आज से

रांची : भाकपा माले की दो दिवसीय राज्य कमेटी की बैठक 27-28 फरवरी को रांची में होगी, जिसमें राज्य के सभी जिलों से 50 से ज्यादा पार्टी नेता और कार्यकर्ता भाग लेंगे। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य उपस्थित रहेंगे। इनके अलावा राज्य सचिव मनोज भक्त, विधायक विनोद कुमार सिंह, पोलित ब्यूरो सदस्य जनार्दन प्रसाद, गीता मंडल समेत छात्र, युवा, मजदूर, किसान व महिला संगठनों के प्रतिनिधि भी हिस्सा लेंगे। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी की रणनीति पर विचार किया जायगा। साथ ही कोडरमा चुनाव में पार्टी तैयारी की समीक्षा की जायेगी। गिरिडीह, कोडरमा जिला के विभिन्न प्रखंडों एवं बूथों के लिए प्रभारी नियुक्त किये जायेंगे। बैठक के बाद पार्टी महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य इंडिया गठबंधन के विभिन्न दलों से सीट शेयरिंग पर विचार-विमर्श करने की योजना है।

बैंक और डाकघर करेंगे मतदाताओं को जागरूक

एजेंसी

नई दिल्ली : चुनाव आयोग ने आगामी आम चुनाव से पहले मतदाता पहुंच और जागरूकता प्रयासों को बढ़ाने के लिए भारतीय बैंक संघ (आईबीए) और डाक विभाग (डीओपी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।बैंक और डाकघर चुनाव आयोग को 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले मतदाता शिक्षा और पहुंच बढ़ाने में मदद करेंगे। आयोग का संदेश देश भर में 1.6 लाख बैंक शाखाओं, 2 लाख से अधिक एटीएम और 1.55 लाख डाकघरों के माध्यम से व्यापक जनता तक पहुंचेगा।उल्लेखनीय है कि देश में चुनावी जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोग निरंतर प्रयास करता रहता है। हाल ही में स्कूलों और कॉलेजों के शैक्षिक पाठ्यक्रम में चुनावी साक्षरता को औपचारिक

रूप से जोड़ने के लिए आयोग ने शिक्षा मंत्रालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे।मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त अरुण गोयल की उपस्थिति में आज समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर डाक विभाग के सचिव विनीत पांडे, आईबीए के मुख्य कार्यकारी सुनील मेहता और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।एमओयू के तहत आईबीए और डीओपी अपने सदस्यों और संबद्ध संस्थानों व इकाइयों के साथ अपने व्यापक नेटवर्क के माध्यम से जनहित में मतदाता शिक्षा को बढ़ावा देने में सहायता प्रदान करेंगे। नागरिकों को उनके चुनावी अधिकारों, प्रक्रियाओं और कदमों के बारे में जानकारी के साथ सशक्त बनाने के लिए विभिन्न कदम उठायेंगे।

वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर उठी भारत रत्न की मांग

एजेंसी

नई दिल्ली : वीर सावरकर की 59वीं पुण्यतिथि पर अखिल भारत हिन्दु महासभा के कार्यालय पर हवन पूजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उन्हें भारत रत्न देने की मांग उठाई।शारदा रोड स्थित अखिल भारत हिंदु महासभा के कार्यालय पर सोमवार को हिंदु महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर विनायक दामोदर सावरकर की 59वीं पुण्यतिथि मनाई गई। हिंदु महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित अशोक शर्मा की अगुवाई में वीर सावरकर के जीवन चरित्र के बारे में लोगों को बताया गया। उन्होंने कहा कि वीर सावरकर भारत की आजादी के संघर्ष में एक महान ऐतिहासिक क्रांतिकारी थे। वह एक महान वक्ता, विद्वान, विपुल लेखक, इतिहासकार, कवि, दार्शनिक और सामाजिक कार्यकर्ता थे। वीर सावरकर का जन्म 28 मई 1883 को नासिक के समीप भागपुर गाँव में हुआ था। वह उनका महाप्रयाण 26 फरवरी 1966 को हुआ था। वह हमेशा हिंदुत्व को बढ़ावा देने के पक्ष में रहे और उन जैसा हिंदूवादी नेता आज तक नहीं हुआ।प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह भी वीर सावरकर का सम्मान करते हैं। हिंदू महासभा कार्यकर्ता भारत सरकार से एक खुले पत्र के माध्यम से मांग करते हैं कि वीर सावरकर को अतिशीघ्र भारत रत्न दिया जाए।

भारतीय मुद्रा से महात्मा गांधी का चत्रि हटाकर वीर सावरकर समेत अनेक राष्ट्रभक्तों के चित्र छपने चाहिए। यही भारत सरकार की ओर से वीर सावरकर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।इस अवसर पर विश्व हिंदू पीठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य मदन, महेश गिरी जी महाराज, महानगर अध्यक्ष भरत राजपूत, महानगर मंत्री प्रथम शर्मा, महानगर संगठन मंत्री प्रताप सिंह, कार्यालय मंत्री दीपक शर्मा, अमित राणा, पंडित अरविंद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्र और हिन्दू के हित में काम करने वाली चुनी जाएगी सरकार आलोक कुमार

अयोध्या : विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के केंद्रीय प्रबंध समिति और प्रन्यासी मंडल की बैठक कारसेवकपुरम में चल रही है। सोमवार को मन्दिर निर्माण कार्यशाला में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार बताया कि रामनगरी में पहली बार विहिप की बैठक चल रही है। कार्यकारी अध्यक्ष ने बैठक के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बैठक में दो प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हो रही है,देश में आने वाले चुनाव पर विश्व हिनपरिषद के कार्यकर्ता काम करेंगे और अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।इसके अलावा शत प्रतिशत वोट के लिए विहिप आवाहन करेगी, कार्यकर्ता घर-घर जाएंगे। जाति धर्म के आधार पर वोट न करने के लिए अपील किया जाएगा, राष्ट्र और हिंदू के हित में काम करने वाली सरकार चुनी जाएगी।

कांग्रेस का वादा, सत्ता में आने पर अग्निपथ योजना होगी खत्म

एजेंसी

नई दिल्ली : कांग्रेस पार्टी ने सोमवार को वादा किया है कि सरकार में आने पर सेना में भर्ती से जुड़ी अग्निपथ योजना को खत्म कर पुरानी भर्ती प्रक्रिया लागू की जाएगी। इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर योजना को लेकर अपनी चिंताएं जाहिर की थी। कांग्रेस नेता सचिन पायलट और रणदीप हुड्डा ने पार्टी मुख्यालय में इस संबंध में पत्रकार वार्ता में कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की सेना में अपना भविष्य देखने वाले युवाओं के साथ खड़ी है। सचिन पायलट ने कहा कि अग्निपथ योजना का कांग्रेस पार्टी ने शुरुआत से ही विरोध किया है। ये सेना के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार 14 जून को अग्निपथ योजना लाई थी। सरकार का यह निर्णय एकतरफा था। इसका उद्देश्य

सेना की औसत आयु को कम और सेना का आधुनिकीकरण करना बताया गया था। असल में मोदी सरकार ने इस योजना को पैसा बचाने के लिए शुरू किया। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार रक्षा निर्यात से बहुत पैसा कमा रही है। अगर रक्षा क्षेत्र सक्षम है तो सरकार को हमारे सैनिकों के जीवन, उनके पेंशन और परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए काम करना चाहिए। कांग्रेस नेता दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि देश में कोविड के दौरान और उससे पहले सेना की कई भर्तियां पूरी हो चुकी थीं। केवल जॉइनिंग बाकी थी। इससे पहले ही सरकार अग्निपथ योजना ले आई। सरकार ने चयनित नौजवानों को जॉइनिंग नहीं दी।

इन नौजवानों ने राहुल गांधी से मिलकर अपना दर्द साझा किया था। राहुल गांधी इनकी आवाज लगातार उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राष्ट्रपति

इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर योजना को लेकर अपनी चिंताएं जाहिर की थी।

को पत्र लिखकर इन चयनित नौजवानों को जॉइनिंग देने की मांग की है। कांग्रेस इन नौजवानों के साथ है। इनकी जॉइनिंग होने तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

हुड्डा ने पूछा कि सरकार किसके कहने पर अग्निपथ योजना लेकर आई है। उन्होंने कहा कि अग्निपथ योजना की मांग न सेना ने रखी थी और न ही भर्ती होने वाले नौजवानों ने रखी थी। पूर्व सेना अध्यक्ष एमएम नरवणे भी कह चुके हैं कि 'सरकार का अग्निपथ योजना लाने का फैसला चौंकाने वाला था।'